✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 254 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 10 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के मीठापुर स्थित मत्स्य विकास भवन का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## बिहार विधानसभा में 12165 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 मार्च तक सरकार की खर्च होने वाली राशि 12,165.43 करोड़ रुपये हेतु वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद ने सोमवार को बिहार विधानसभा में तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। यह राशि अगले दो माह में खर्च करने के लिए सरकार ने सदन से अनुमति मांगी है। इसपर मंगलवार को सदन में चर्चा के बाद राज्य सरकार के उत्तर के बाद पारित किया जाएगा। तृतीय अनुपूरक बजट में प्रस्तावित राशि 12,165.4372 करोड़ रुपये की है जिसमें स्कीमवार प्रस्तावित व्यय राशि का प्रावधान है। इसमें वार्षिक स्कीम मद में 9586.3947 करोड़ और स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में 2,579.0425 करोड़ रुपये शामिल है।



स्कीम मद में केंद्र प्रायोजित स्कीम के केंद्रांश 909.93 करोड़ एवं राज्यांश मद में 2,482.65 करोड़ रुपये शामिल है। इस प्रकार कुल राशि 3,392.58 करोड़ रुपये है। केंद्रांश के तहत आंगनबाड़ी पोषण योजना में 633.63 करोड़, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 122 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान में 41.81 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में 1,184 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना में 1,013 करोड़ केंद्रांश मिलेंगे। वहीं राज्य स्कीम मद में कुल 6193.80 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसमें बिहार औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2016 के तहत 1700 करोड़, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना में 1100 करोड़, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण में 862.50 करोड़, पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में 500 करोड़, सड़क एवं पुलों के निर्माण के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान है। वहीं, पंचायती राज विभाग के तहत विद्युत बिजली के भुगतान 298.27 करोड़, पुलिस भवनों के निर्माण एवं भू-अर्जन के लिए 233.35 करोड़, ग्रामीण जलापूर्ति योजना में 100 करोड़, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृति योजना में 100 करोड़ रुपये, स्टेडियम एवं खेल संरचना के निर्माण के लिए 100 करोड़ और केंद्रीय सहकारी बैंकों को अनुदान हेतु 55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## पंचायत प्रतिनिधियों को 60 दिनों में मिलेगा आर्म्स का लाइसेंस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पंचायत प्रतिनिधियों को आवेदन करने के 60 दिनों के अंदर आर्म्स का लाइसेंस दिया जायेगा। यह घोषणा गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहार विधानसभा में महत्वपूर्ण सवाल के दौरान की। दरअसल दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद पूरे बिहार में पंचायत प्रतिनिधियों को आर्म्स लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई प्रतिनिधियों ने लाइसेंस के लिए आवेदन कर रखा है लेकिन जिलाधिकारी की तरफ से अब तक मंजूरी नहीं दी गई है। विधायक ने कहा कि यह मामला दो से तीन सालों से लटका हुआ है। क्षेत्रीय दौरे के दौरान पंचायत प्रतिनिधि जब उनसे इस मामले के बारे में सवाल करते हैं तो वे खुद भी अचंभित रह जाते हैं कि आखिर यह प्रक्रिया क्यों लंबित है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि जिन लोगों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, उन्हें कब तक मंजूरी मिल जाएगी। इस सवाल के जवाब में गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्होंने मामले को गंभीरता से देखा है और इसे शीघ्रता से निष्पादित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के मामलों में 60 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए गृह विभाग को आदेश दिया गया है कि सभी जिलाधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से निर्देशित किया जाए और वह इस प्रक्रिया को पूरा करें। गृह मंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को आर्म्स लाइसेंस देने की प्रक्रिया को लंबित रखना अनुचित है और इससे प्रतिनिधियों में असंतोष बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों के अनुसार यह मामला प्राथमिकता पर रखा जाएगा और अब इसे और लटकाया नहीं जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## युवक की गोली मारकर हत्या

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** शहर तेलपा-देवकुंड मुख्य मार्ग के आंध्र चक्र इलाके में सोमवार की सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। महावीरगंज गांव निवासी संजय पंडित को अज्ञात अपराधियों ने घर से फोन कर बाहर बुलाया और उन्हें गोली मार दी। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने पहले मृतक को फोन कर किसी बहाने से बाहर बुलाया। जैसे ही वह घर से निकले, घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। संजय के सीने और सिर में दो गोलियां लगीं हैं। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## नशे की लत ने ले ली अधेड़ की जान

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** विष्णुपद थाना क्षेत्र के मंगला गौरी में एक शख्स की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मोबाइल गेम की सनक और नशे की लत ने एक अधेड़ उम्र के शख्स की जान ले ली। मोबाइल गेम खेलने से टोकने पर 5-6 युवकों ने शख्स की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान 56 वर्षीय अर्जुन मांझी के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर थे।

## सात जिलों के मैट्रिक परीक्षा केन्द्रों में हुआ बदलाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 के लिए सात जिलों के परीक्षा केन्द्रों में बदलाव किया है। यह बदलाव लखीसराय, पूर्वी चम्पारण, भोजपुर, गयाजी, जहानाबाद, सारण और सीवान जिलों में किया गया है। समिति ने कहा है कि संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में यह निर्णय लिया गया है।

## बिप्रसे के 10 अधिकारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन अधिकारियों ने सरकार के पत्र की बार-बार उपेक्षा की। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 10 अधिकारियों से शो-कॉज पूछा है। एक सप्ताह में सभी को विभाग में उपस्थित होकर जवाब देना होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को सेवा इतिहास पोर्टल पर जरूरी सूचना देना था। सभी अधिकारियों को निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर स्वयं की सेवा से संबंधित जानकारी इतिहास पोर्टल पर अपलोड कराना था। इन अधिकारियों के लिए बार-बार समय निर्धारित की गई लेकिन इन लोगों ने अब तक सेवा इतिहास पोर्टल पर जानकारी अंकित नहीं कराई है। बार-बार अनुपस्थित रहे हैं। विभाग ने सभी को सात दिनों में उपस्थित होकर जानकारी देने को कहा है।

## इस साल डेढ़ लाख से ज्यादा नौकरियां देगी नीतीश सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने वर्ष 2026 में सरकारी क्षेत्र में 1.50 लाख नौकरियों की घोषणा की है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र के अनुसार इन पदों की अधियाचना विभिन्न विभागों और भर्ती आयोगों को भेजी गई है। यह योजना राज्य के युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर साबित होगी। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2020 से 6 फरवरी 2026 तक सरकार ने कुल 9,84,141 लोगों को रोजगार प्रदान किया। इसमें 7,95,832 लोगों को नियमित नियुक्ति, 1,17,784 लोगों को संविदा पर नियुक्ति, और 70,525 लोगों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रोजगार दिया गया। यह आंकड़ा बिहार सरकार की युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2025-26 में विभिन्न विभागों के लिए 1,50,561 पदों की अधियाचना भेजी गई है। इन पदों में प्रशासनिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस और अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा है। इस योजना से बिहार में आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। बिहार सरकार का यह कदम युवाओं के लिए स्थिर और सुरक्षित नौकरी पाने का अवसर है। सरकारी नौकरी पाने की योजना में नियमित नियुक्ति के अलावा संविदा और आउटसोर्सिंग विकल्प भी शामिल हैं, जिससे अधिक लोगों को रोजगार का लाभ मिलेगा।

## बिहार में नए अनुमंडल या जिला बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नए अनुमंडल, प्रखंड या जिला बनाने को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चाओं पर सरकार ने स्पष्ट रूप से मोर्चा संभाल लिया है। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने हाल ही में विधानसभा में यह स्पष्ट कर दिया कि फिलहाल सरकार के पास नए जिले या अनुमंडल बनाने का कोई योजना या प्रस्ताव नहीं है। यह जवाब उन्होंने पारू के विधायक शंकर प्रसाद द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में दिया। विधायक शंकर प्रसाद ने सवाल किया था कि राज्य के कई क्षेत्रों में जनसंख्या लगातार बढ़ रही है और प्रशासनिक कार्यों में सुविधा के लिए क्या सरकार नए अनुमंडल या जिले बनाने का विचार कर रही है। इस सवाल के जवाब में मंत्री ने विस्तार से प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि बिहार में नए जिला या अनुमंडल बनाने की एक निर्धारित और सख्त प्रक्रिया होती है। मंत्री ने बताया कि इस प्रक्रिया में सबसे पहले सचिवों की समिति सक्रिय होती है। सचिवों की समिति उन प्रस्तावों की समीक्षा करती है जो विभिन्न जिलों से संबंधित अधिकारी जैसे कि जिला पदाधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर आते हैं। ये प्रस्ताव प्रमंडल के आयुक्त और आईजी



के माध्यम से सचिवों की समिति तक पहुंचते हैं, जो इसके सभी पहलुओं का विश्लेषण करती है। इसके बाद सचिवों की समिति अपनी समीक्षा और सुझावों के साथ मंत्रियों के समूह यानी 'ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स' के पास इसे भेजती है। मंत्री समूह इस पर विचार करता है और सभी जरूरी पहलुओं पर चर्चा करने के बाद अंतिम निर्णय लेता है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल इस प्रक्रिया का कोई भी चरण सक्रिय नहीं है क्योंकि अभी तक किसी भी जिले से नए अनुमंडल या जिला बनाने के लिए औपचारिक प्रस्ताव नहीं आए हैं। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जब तक सभी जिलों से ऐसे प्रस्ताव नहीं आते तब तक किसी नए अनुमंडल, प्रखंड या जिला के गठन का कोई विचार या निर्णय नहीं लिया जा सकता। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह प्रशासनिक प्रक्रिया काफी व्यवस्थित और समय लेने वाली है और यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी जिला या अनुमंडल के गठन से पहले सभी जरूरी पहलुओं का पूरा अध्ययन किया जाए। मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि नए जिला और अनुमंडल का निर्माण केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं किया जाता बल्कि इसके लिए भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक सुविधाओं, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों का भी अध्ययन किया जाता है। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि नए जिले या अनुमंडल के निर्माण से प्रशासनिक कामकाज और नागरिक सेवा में सुधार हो। संसदीय कार्य मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का प्रयास यह है कि मौजूदा जिलों और अनुमंडलों में प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि जब समय आएगा और सभी जिलों से औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त होंगे, तब ही सरकार इस विषय पर विचार करेगी। फिलहाल कोई नया जिला या अनुमंडल बनाने का कोई योजना या प्रस्ताव नहीं है।

## मछली उत्पादन में नंबर वन बनेगा बिहार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मछली पालन करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है। बिहार को मछली उत्पादन में नंबर-1 बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मीठापुर पहुंचे, जहां उन्होंने मत्स्य विकास भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रथम तल पर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल, डायरेक्टर चेम्बर, वर्क स्टेशन आदि का जायजा लिया। इसके पश्चात चतुर्थ तल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने वहां उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बताया कि मत्स्य निदेशालय अन्तर्गत इस मत्स्य विकास भवन का निर्माण कराया गया है। यहां राज्य के सभी 38 जिलों के किसानों को वैज्ञानिक और उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस नए भवन में एक साथ 120 किसानों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस मत्स्य विकास भवन के प्रांगण में प्रशिक्षकों के आवासन हेतु



छात्रावास का निर्माण भी कराया गया है। 54.39 करोड़ रूपये की लागत से 2.43 एकड़ में बना यह अत्याधुनिक मत्स्य विकास भवन, मछली पालन अनुसंधान केंद्र और आधुनिक प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। इस भवन में मत्स्य प्रक्षेत्र के विकास के संदर्भ में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यथाशीघ्र मत्स्य एवं पशुपालन विभाग को इस नवनिर्मित मत्स्य विकास भवन में स्थानांतरित करें। इस भवन के प्रत्येक तल पर सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त ऊँचाई की रेलिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। इस भवन में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि मत्स्य पालकों को इसका लाभमिले और बिहार मात्स्यिकी के क्षेत्र में प्रगति करे। राज्य सरकार द्वारा कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए हर जरूरी कार्य किये जा रहे हैं। कृषि रोड मैप के लागू होने से सब्जी, दूध, अंडा, मांस, फल सहित अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। बिहार को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में हरसंभव कोशिश की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, मत्स्य निदेशक तुषार सिंग्ला, पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम., पटना एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## 50 हजार घूस लेते बीडीओ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया नगर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार को निगरानी विभाग ने 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नगर प्रखंड की प्रमुख सुचिता रंजनी की शिकायत पर की गई। प्रमुख सुचिता रंजनी ने बताया कि 15वीं वित्त आयोग की योजना के तहत स्कूल की चारदीवारी निर्माण से जुड़ी योजना को पास कराने के एवज में बीडीओ राकेश कुमार द्वारा कुल एक लाख की रिश्वत की मांग की जा रही थी। मांग की पहली किस्त के रूप में 50 हजार आज दिए जाने थे। प्रमुख ने इसकी सूचना पहले ही निगरानी विभाग को दे दी थी और लगातार उनके संपर्क में थीं। तय योजना के अनुसार आज करीब शाम 5 से 6 बजे के बीच नगर प्रखंड कार्यालय स्थित प्रमुख के चेंबर में जैसे ही रिश्वत की रकम दी गई, निगरानी विभाग की टीम ने बीडीओ राकेश कुमार को रंगे हाथों पकड़ लिया। सुचिता रंजनी ने आरोप लगाया कि बीडीओ द्वारा पूर्व में भी योजनाओं की जांच के नाम पर लगातार पैसों की मांग की जाती रही है। उन्होंने कहा कि राकेश कुमार का व्यवहार शुरू से ही संदिग्ध रहा है और इस संबंध में प्रखंड के स्टाफ से भी पूछताछ की जा सकती है। इधर निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र राय ने बताया कि प्रमुख सुचिता रंजनी की ओर से रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सत्यापन के बाद आज कार्रवाई करते हुए बीडीओ को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।




## राजनीति में शॉर्टकट का कोई रास्ता नहीं : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद सोमवार को पहली बार पटना पहुंचे नितिन नवीन का भव्य स्वागत किया गया। पटना के बापू सभागार में उनके सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के नेतृत्व में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि संसद में प्रधानमंत्री के वक्तव्यों को सुनकर यह स्पष्ट होता है कि देश के शीर्ष नेतृत्व की सोच कितनी दूरदर्शी और ऊंची है। नितिन नवीन



ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी अपना इतिहास भूल जाती है, उसका भविष्य कभी मजबूत नहीं हो सकता। इसलिए अपने इतिहास को याद रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने से पहले सामाजिक सरोकारों से जुड़ना आवश्यक है क्योंकि समाज ही इसकी पहली कड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। यही मजबूत भविष्य की नींव रखता है। अपने राजनीतिक सफर को साझा करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2006 में राजनीति की शुरुआत की थी। उस समय भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह थे, जिनका उन्हें भरपूर मार्गदर्शन और सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि उन्होंने भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम शुरू किया और निरंतर मेहनत व समर्पण के बल पर आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वे आज भी अपने कार्यकर्ताओं से यही कहते हैं कि राजनीति में शॉर्टकट का कोई रास्ता नहीं होता। यदि राजनीति में आए हैं तो पूरे समर्पण और सेवा भाव के साथ काम करना होगा। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां ऐसी होती हैं जो स्वयं से शुरू होकर स्वयं पर ही खत्म हो जाती हैं, जबकि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश को समझने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति दिल से समाज के लिए काम करता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' के माध्यम से उसकी चर्चा अवश्य करते हैं।

C M Y K

# पटना में 4 अप्रैल को होगी ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

## महादेवी वर्मा सम्मान समारोह का भी होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की एक वर्चुअल बैठक आठ फरवरी की रात्रि ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन की भावी गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी चार अप्रैल को पटना में जीकेसी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित करने तथा पांच अप्रैल को पटना में महादेवी वर्मा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन दोनों कार्यक्रमों की रूपरेखा, उद्देश्य और आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस वर्चुअल बैठक में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, असम सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि और पदाधिकारी जुड़े, जिससे यह बैठक राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता और विचार-विमर्श का मंच बन गई। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, महासचिव नवीन कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर, पवन सक्सेना, निलेश वर्मा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, सुभाषिनी स्वरूप, शालिनी सिन्हा, धनंजय प्रसाद सहित विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष और महासचिव शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने संगठन को वैचारिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार पर अपने विचार रखे।बैठक में वर्ष 2024, 2025 और 2026 के लिए महादेवी वर्मा अवार्ड प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। अवार्ड प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की गई। यह सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महादेवी वर्मा अवार्ड प्रदान किए जाने का यह कार्यक्रम पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इन पांच वर्षों में जीकेसी महादेवी वर्मा अवार्ड ने देश के प्रतिष्ठित सम्मानों में अपनी एक सशक्त पहचान स्थापित की है। बैठक का समापन संगठनात्मक एकता, सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक ऊर्जा के संकल्प के साथ हुआ।

**महादेवी वर्मा सम्मान समारोह के लिए चयन समिति गठित**

महादेवी वर्मा सम्मान समारोह के लिए अवार्ड चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति में रागिनी रंजन को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में अनुज माथुर राजस्थान से, नवीन कुमार महाराष्ट्र से, आदित्य नाग राजस्थान से, आलोक अविरल एनसीआर से, कमल किशोर बिहार से, निष्का रंजन महाराष्ट्र से, मितेश कर्ण दुबई से, पूनम कर्ण नेपाल से, पवन सक्सेना महाराष्ट्र से और शिवानी गौड़ बिहार से शामिल हैं। यह समिति विविध भौगोलिक क्षेत्रों और अनुभवों का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे चयन प्रक्रिया व्यापक और संतुलित हो सके। यह भी तय किया गया है कि इन नामित सदस्यों के अतिरिक्त देश के सभी प्रदेशों के अध्यक्ष तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय अध्यक्ष पदेन सदस्य के रूप में समिति का हिस्सा होंगे।

# जे पी ने सम्पूर्ण जीवन जनहित को सर्वोपरि रखा : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आवास पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वहां की पूरी जानकारी ली और वहां रखी एक-एक वस्तुओं को दिलचस्पी के साथ देखा और उसके विषय में जाना। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति के प्रणेता जयप्रकाश नारायण रहे। इस क्रांति को लेकर लोकतंत्र में अलग स्थान है। राजनीति में 1974 के बाद के कालखंडों के लिए यह एक ऐसा स्थान रहा है जहां से लोग राजनीति में शुचिता, पारदर्शिता और राजनीति में विवेक, नैतिकता का संकल्प लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व लेने के बाद आज पहली बार बिहार आया हूं। यहां आकर मैं भी संकल्पित महसूस कर रहा हूं। जेपी के जो विचार और सोच रहे, उसी सोच को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और एक संकल्प का भाव है कि इस देश और राज्य के विकास में मेरा भी योगदान रहे। उन्होंने कहा कि जेपी ने सम्पूर्ण जीवन जनहित को सर्वोपरि रखा। उनके विचार आज भी देश के युवाओं, कार्यकर्ताओं और जनसेवकों के लिए मार्गदर्शक हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे नितिन नवीन ने आज भाजपा विधानमंडल दल की बैठक की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद वे प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ बैठक में शामिल हुए। इस क्रम में उन्होंने संगठन के विस्तार को लेकर गम्भीर चर्चा की।

# ग्राम स्वराज से विकसित भारत की राह आसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से पटना में युवा संवाद का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत विश्व का युवा देश है। युवा शक्ति से नया सवेरा लायेंगे है संकल्प की विकसित भारत बनायेंगे। युवाओं को लेकर पहली बार नीति आयोग ने सार्थक पहल किया है और युवाओं को केंद्र में रखकर नीति का निर्धारण किया है। युवाओं के पास असीम ताकत हाथों में डिग्रियां मन मे कुछ कर दिखाने की अवसर है लेकिन अवसर नगण्य है। फाउंडेशन हर पंचायत में युवा विकास केंद्र खोलकर युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन करेगा साथ कौशल विकास का प्रशिक्षित का शिविर आयोजित करेगा। आज हजारों युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बटेर पालन, बकरी पालन, गाय पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, जैम जैली, अचार, पापड़, अगरबती, मोमबत्ती, रेडिमेड कपड़ा, खिलौना बनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 5 लाख से लेकर 50 लाख तक कि राशि उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टार्टप योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत किसी भी युवा-युवती को प्रशिक्षण में 2 से 5 हजार तक मानदेय दिया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय ने बताया कि हम युवाओं को एक्सपोजर विजिट के लिए देश विदेश में युवाओं को भेजते हैं। प्रेम यूथ से जुड़ने के लिए किसी भी जाति, धर्म, भाषा, रंग की भेदभाव नहीं है कोई भी युवा जो समाज के बेहतरी के लिए कार्य करना चाहता है वह हम से जुड़ सकता है।

# स्वच्छता जागरूकता के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना नगर निगम द्वारा पटना के शैम्फोर्ड स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया और शहर की सफाई के लिए काम करने एवं अपने परिवार के सभी लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा आयोजित इस स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरपर्सन मीरा सिन्हा, प्रिंसिपल जैस पी जे, निदेशक साविओ पिंटो, पूनम सिन्हा, आयुष कुमार आदि ने उत्साह के साथ भाग लिया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने लोक गीतों के माध्यम से बच्चों और सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीरा सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता बहुत जरूरी है, हमें पान-गुटके का बहिष्कार करना चाहिए ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बने। छोटे बच्चों ने भी स्वच्छता क्विज में हिस्सा लिया और सभी को बताया कि सूखा और गीला कचरा किस रंग के डस्टबिन में डाला जाए। राजेश केशरी ने स्वच्छता हेतु संगीतिक प्रस्तुति में नीतू नवगीत का साथ दिया। स्वच्छता क्विज में सही जवाब देने वाले बच्चों को एक-एक पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया।

# पांच राज्यों में चुनाव कराने जायेंगे बिहार के 44 आइएएस अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार के 44 अधिकारी केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर चुनाव कराने जाएंगे। चुनाव आयोग ने बिहार के वरीय आईएएस अधिकारियों का चयन किया है। चुनाव आयोग ने बिहार के आईएएस अधिकारियों पर निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी है। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में 2 महीने तक चुनाव की कमान बिहार के अधिकारी संभालेंगे। इसी महीने 5 फरवरी को दिल्ली में इन अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है। चुनाव आयोग ने इन अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिया है। बिहार सरकार के 44 वरीय अधिकारी 20 विभिन्न विभागों से हैं और इसके कारण बिहार सरकार के कामकाज पर अगले 2 महीने तक असर पड़ना तय है। जिन विभागों के अधिकारियों को चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया है उसमें योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मयंक वरवड़े, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव प्रतिमा सतीश वर्मा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव पंकज पाल, समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी शामिल हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव दिवेश सेहत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव संदीप पुडकलवट्टी, सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव गोपाल मीणा को जिम्मेदारी दी गई है।

# कैंसर की समय पर पहचान एवं सम्पूर्ण इलाज को लेकर सरकार गंभीर : मंगल पांडेय

## 11 फरवरी तक राज्यभर चलाया जा रहा विशेष स्क्रीनिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि गैर-संचारी रोगों, विशेषकर कैंसर की समय पर पहचान और उपचार को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में 4 फरवरी 2026 से 11 फरवरी तक विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सभी जिलों में गैर-संचारी रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्य के सदर अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क जांच-सह-चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों पर आने वाले व्यक्तियों का सामान्य कैंसर (मुंह, स्तन एवं गर्भाशय का मुख का कैंसर) सहित मधुमेह रोग एवं उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि इन शिविरों में आने वाली महिलाओं की निजता की सुरक्षा सुनिश्चित कराते हुए उनके कैंसर (स्तन एवं गर्भाशय का मुख) की स्क्रीनिंग कराई जा रही है। प्रत्येक शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सा दल की तैनाती सुनिश्चित की गई है जिसमें दो एमबीबीएस चिकित्सक (एक महिला चिकित्सक सहित), स्टाफ नर्स/एएनएम एवं काउंसलर शामिल हैं। जिलों में शिविरों के आयोजन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कार्य में दक्षता प्राप्त संस्थानों से मदद ली जा रही है। कैंसर के प्रति डर और भ्रांतियों को दूर करना इस अभियान का अहम उद्देश्य है। ताकि लोग बिना संकोच जांच कराएं और बीमारी की शुरुआती अवस्था में ही इलाज संभव हो सके। श्री पांडेय ने कहा कि जन-जागरूकता को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में बैनर, पोस्टर, स्टैंडी, हैंडबिल एवं माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक तक निःशुल्क, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे और कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति लोगों को सचेत किया जा सके।

# नितिन नवीन ने 'मन की बात' कार्यक्रम को सफलता पूर्वक श्रवण कराने वाले विधायकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को अपने-अपने बूथों पर आम लोगों को सफलतापूर्वक श्रवण कराने वाले विधायकों, जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया भी मौजूद रहे। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में मन की बात कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को श्रवण कराने के लिए इन लोगों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा सम्मानित किए गए विधायकों में कुमार शैलेन्द्र, रामचंद्र प्रसाद, नीतीश मिश्रा, केदार प्रसाद गुप्ता, श्याम बाबू प्रसाद गुप्ता, कविता देवी, संजय गुप्ता, रत्नेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार सिन्हा, निशा सिंह और नंद किशोर राम शामिल थे। इसके अलावा विभिन्न जिला अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को भी इसके लिए सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर बिहार के लोगों में उत्साह बढ़ा है। सम्मानित किए गए लोगों ने अपने क्षेत्रों के बूथों पर इस कार्यक्रम के जरिये लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्‌बोधन को सुनने के लिए खास व्यवस्था की गई थी और लोगों को इसके लिए जागरूक किया गया था।

# कुशल युवा कार्यक्रम संकट में, भुगतान और जवाब दोनों नदारद : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र आज गंभीर संकट से गुजर रहा है। निर्धारित प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के बावजूद केंद्र संचालकों को लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया है जिससे कई केंद्रों का नियमित संचालन प्रभावित हुआ है और कुछ केंद्र बंदी की कगार पर पहुंच चुके हैं। केवाइपी केंद्र संचालक एवं केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने कहा कि भुगतान न होने के कारण केंद्र संचालकों के सामने किराया, कर्मचारियों का वेतन, बिजली, इंटरनेट एवं अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना कठिन हो गया है। आर्थिक दबाव के कारण केंद्रों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रशासनिक लापरवाही का सीधा असर छात्रों पर भी पड़ रहा है। नामांकन के समय छात्रों से ली गई 1000 की सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि अब तक वापस नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे उन्हें रोजगार, उच्च शिक्षा और अन्य अवसरों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आनंद रंजन झा ने कहा कि इन समस्याओं को लेकर पहले भी विभिन्न समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन समाधान निकालने के बजाय विभागीय स्तर पर उदासीनता बनी हुई है।

# संजय को बनाया गया राष्ट्रीय मंत्री, 1989 से बीएमएस से जुड़ाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भगवान जगन्नाथ की पावन धरती पूरी (उड़ीसा) में सम्पन्न भारतीय मजदूर संघ की त्रिदिवसीय त्रैवार्षिक अधिवेशन में बिहार के संजय कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय मंत्री बनाया गया है। श्री सिन्हा वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रदेश के महामंत्री हैं। श्री सिन्हा को अखिल भारतीय मंत्री बनाये जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। श्री सिन्हा 1989 से बीएमएस से जुड़े हुए हैं। भारतीय डाक लेखा संघ में सहायक मंत्री, प्रांतीय मंत्री व महामंत्री, भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ में सचिव व अध्यक्ष तथा भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रांत में कोषाध्यक्ष का दायित्व निभाने वाले श्री सिन्हा अप्रैल, 2021 से बीएमएस, बिहार प्रदेश के महामंत्री हैं। वहीं, अधिवक्ता जयंत राय को भारतीय मजदूर संघ के लीगल प्रकोष्ठ का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि पूरी (उड़ीसा) में 6 से 8 फरवरी तक त्रैवार्षिक अधिवेशन आयोजित था।

# स्वास्थ्य पर संकट : बिहार में बायो-मेडिकल कचरे का बढ़ता खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बायो-मेडिकल कचरे की बढ़ती मात्रा और उसके वैज्ञानिक निस्तारण की कमी राज्य के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट का संकेत बनती जा रही है। अस्पतालों, नर्सिंग होम्स और पैथोलॉजिकल लैब्स से निकलने वाले इस खतरनाक कचरे के उचित प्रबंधन में लापरवाही के कारण संक्रमण फैलने और महामारी जैसी स्थिति बनने की आशंका गहराती जा रही है। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार राज्य के आठ प्रमुख जिलों में लगभग एक लाख अस्पताल बेड से उत्पन्न बायो-मेडिकल कचरे के सुरक्षित निस्तारण के लिए कम से कम 10 कॉमन बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी की आवश्यकता है। इसके विपरीत मौजूदा व्यवस्था इस जरूरत को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर और पटना में संचालित वर्तमान ट्रीटमेंट प्लांट या तो अपनी संविदा अवधि पूरी कर चुके हैं या विस्तार कार्य की प्रक्रिया में हैं। दूसरी ओर स्वास्थ्य संस्थानों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिससे प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले बायो-मेडिकल कचरे की मात्रा कई गुना बढ़ गई है। उपचार क्षमता और कचरे की मात्रा के बीच बढ़ता अंतर स्थिति को और गंभीर बना रहा है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नए कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए कई बार टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन पारदर्शिता की कमी और पक्षपात के आरोपों के चलते ये प्रयास कानूनी विवादों में फंस गए। इसका सीधा असर आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस विषय पर ग्लैड फाउंडेशन की निदेशक संघमित्रा घोष ने कहा कि बायो-मेडिकल कचरा केवल अपशिष्ट नहीं बल्कि संभावित संक्रमण का बड़ा स्रोत है। यदि इसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं किया गया तो यह समाज के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

# आज के युवा के लिए कल के लक्ष्यों को ध्यान में रखेगा आइसीआइसीआइ प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत आज एक अहम मोड़ पर खड़ा है। आने वाले दस वर्ष देश के युवाओं को समर्पित हैं जो सपने देखने वाले भी हैं और उन्हें पूरा करने वाले भी और साथ ही जो देश की आर्थिक दिशा तय कर रहे हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार करीब 65% भारतीयों की उम्र 35 वर्ष से कम है। चाहे पहला घर खरीदना हो या जल्दी रिटायरमेंट की योजना बनाना, सपनों को हकीकत में बदलने के लिए लंबे समय तक अनुशासित वित्तीय योजना और बचत बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ तैयार किया गया, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक ऐसा मार्केट-लिंक्ड जीवन बीमा उत्पाद है जो कमाने वाले युवाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखता है। यह न सिर्फ लंबे समय में संपत्ति बनाने में मदद करता है, बल्कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा भी देता है। सिर्फ 1,000 रुपए प्रति माह से शुरू होने वाला यह किफायती प्लान युवा प्रोफेशनल्स और पहली बार निवेश करने वालों को जल्दी शुरुआत करने, निवेश बनाए रखने और भारत की विकास कहानी का लाभ लेने का मौका देता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक किफायती उत्पाद है जिसमें ग्राहक द्वारा चुने गए एसेट एलोकेशन के अनुसार पूरा प्रीमियम निवेश किया जाता है।

# यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो चुकी है पटना-बक्सर एवं झाझा-दानापुर पेंडुलम सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** दानापुर मंडल द्वारा परिचालित दो पैसेंजर ट्रेनों की विशेष लोकप्रियता है। यह दोनों पेंडुलम की तरह संचालित गाड़ियां दैनिक यात्रियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी क्रम में दैनिक यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दानापुर मंडल के द्वारा पेंडुलम सेवा के रूप में पटना-बक्सर तथा झाझा-दानापुर के बीच फास्ट पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों के परिचालन से दैनिक यात्रियों, जिसमें सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, विद्यार्थी तथा अन्य संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं, को विशेष राहत मिल रहा है। इस ट्रेन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अत्यंत उच्च शक्ति वाला मधेपुरा में निर्मित इंजन डब्ल्यूएजी-12 का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसकी गिनती उच्च कोटि के इंजनों में की जाती है। इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री सुबह-सुबह राज्य की राजधानी पटना पहुंचकर दिन भर में अपना कार्य निपटा लेने के पश्चात पुनः अपने घर की ओर समय से लौट जाते हैं।

वर्तमान में बक्सर एवं पटना के बीच चलने वाली पेंडुलम सेवा के अंतर्गत गाड़ी संख्या 53202 बक्सर से सुबह 6:30 बजे खुलकर डुमरांव, रघुनाथपुर, बिहियां, आरा, कुलहड़िया, बिहटा, दानापुर स्टेशनों पर रुकते हुए 9:15 बजे पटना जंक्शन पहुंचती है। वापसी में गाड़ी संख्या 53201 पटना-बक्सर फास्ट पैसेंजर पटना से संध्या 17:40 बजे खुलकर दानापुर, बिहटा, कुलहड़िया, आरा, बिहियां, रघुनाथपुर, डुमरांव स्टेशनों पर रुकते हुए 20:35 बजे बक्सर स्टेशन पहुंचती है। इसी प्रकार झाझा एवं दानापुर के बीच चलने वाली पेंडुलम सेवा के अंतर्गत गाड़ी संख्या 53203 झाझा-दानापुर फास्ट पैसेंजर झाझा से सुबह 03:40 बजे खुलकर जमुई, मननपुर, किऊल, लखीसराय, मनकठा, डुमरी, बड़हिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, अथमलगोला, बख्तियारपुर, चंपापुर हाल्ट, टेका बीघा, सालिमपुर बिहार हाल्ट, करौटा, मंझौली ग्राम हाल्ट, खुसरूपुर, हरदास बीघा, बुद्धदेव चक यादव नगर, फतुहा, पटना साहिब, गुलजारबाग, राजेंद्रनगर, पटना जंक्शन (सुबह 7:55/8.00 बजे) स्टेशनों पर रुकते हुए 9:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचती है। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 53204 दानापुर-झाझा फास्ट पैसेंजर दानापुर स्टेशन से संध्या 17:25 बजे खुलकर पटना (संध्या 17:40/17:45), राजेंद्रनगर, गुलजारबाग, पटना साहिब, फतुहा, बुद्धदेव चक यादव नगर, हरदास बीघा, खुसरूपुर, मझौली ग्राम, करौटा, सालिमपुर बिहार, टेका बीघा, चंपापुर हाल्ट, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बाढ़, मोकामा, हाथीदह, बड़हिया, डुमरी, मनकठा, लखीसराय, किऊल, मननपुर, जमुई, स्टेशनों पर रुकते हुए 22:30 बजे झाझा स्टेशन पहुंचती है। इस पेंडुलम सेवा की प्रशंसा करते हुए आरा से पटना के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्री राम प्रवेश ने बताया कि इस सेवा से दैनिक यात्रियों को काफी लाभ मिला है और यह ट्रेन लगभग अपने सही समय से चलती है जिससे हमें अपने कार्य को समय से निपटाकर वापस लौट आने में काफी सुविधा होती है। उन्होंने अपने सहयात्रियों के बारे में भी बताते हुए प्रसन्नता जाहिर कि कुछ सहयात्री लगभग उनके मित्र बन चुके हैं जो उनके साथ प्रतिदिन यात्रा करते हैं।

# शाहाबाद के पुलिस अधिकारियों को पुरस्कृत करने की डीआईजी ने की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिले में गंभीर आपराधिक कांडों के उद्भेदन में शामिल पुलिस अधिकारियों को बिहार पुलिस वार्षिक पारितोषिक समारोह में पुरस्कृत की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय को की गई है। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डी आईजी डा. सत्यप्रकाश के अनुसार रोहतास जिले के सात गंभीर मामलों के उद्भेदन में उत्कृष्ट कार्य के लिए अनुशंसा की गई है जिसमें करवन्दिया थाना अंतर्गत सूरज प्रसाद से 50 लाख रुपए फिरौती की मांग को लेकर अपहरण, नोखा थाना क्षेत्र में दो की तेज हथियार से हत्या और एक को जख्मी करने, करगहर थाना क्षेत्र में हिमांशु कुमार के अपहरण, तिलौथू थाना क्षेत्र में अभिनंदन कुमार की गोली मारकर हत्या, चुटिया थाना क्षेत्र में पार्वती देवी व प्रतिमा कुमारी की हत्या, धौंदाढ़ थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला की हत्या के मामले के उद्भेदन को ले एसपी, डी आई यु के प्रभारी व थानाध्यक्ष समेत कई पुलिस अधिकारियों व डिहरी थाना क्षेत्र में छठ पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पुलिस द्वारा रोक लगाने को ले थाना पर नारेबाजी व हल्ला हंगामा शांत करने में एक सामाजिक कार्यकर्ता को बिहार पुलिस वार्षिक पारितोषिक प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि भोजपुर जिले में गंभीर अपराधिक कांडों के उद्भेदन के लिए भी पुरस्कृत करने का प्रस्ताव भेजा गया जिसमें आरा, नवादा थाना अंतर्गत चार अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर 630 ग्राम सोने का जेवर छीनने, मुफस्सिल थाना अंतर्गत मंतोष कुमार राम को हथियार का भय दिखाकर बाइक एवं मोबाइल लूट, आरा नगर थाना क्षेत्र में तनिष्क शोरूम में लूटपाट का उद्भेदन तियर थाना अंतर्गत आत्मा कुमार सिंह के बड़े भाई की हत्या उदवंत नगर थाना अंतर्गत लखीसराय के किउल थाना निवासी सुबोध कुमार पासवान को गोली मार कर घायल करने, भोजपुर जिले के कोईलवर थाना अंतर्गत करुण कुमार से सोने का ज्वेलरी तथा मोबाइल लूट, आरा मुफस्सिल थाना अंतर्गत प्रियांशु कुमार की गोली मारकर हत्या जैसे मामलों को उद्भेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री राज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है। डीआईजी ने बताया कि बक्सर जिले के आधे दर्जन आपराधिक कांडों के उद्भेदन के लिए पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है जिसमें जिले के साइबर थाना में बैंक खाते से अवैध तरीके से 5.48 लाख रुपए की ठगी, ब्रह्मपुर थाना में राहुल कुमार की हत्या, बक्सर मुफस्सिल थाना अंतर्गत अर्जुन यादव की हत्या, बगेनगोला थाना अंतर्गत ममता देवी के पति की हत्या कर शव से सर को गायब करने, बक्सर मुफस्सिल थाना अंतर्गत संतोष यादव की हत्या, बगेनगोला थाना क्षेत्र के पोखरा गांव निवासी कुख्यात व इनामी अपराधी विजय पांडेय को गिरफ्तार करने जैसे मामलों में एसपी समेत टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने की अनुशंसा की गई है। उन्होंने बताया कि कैमूर जिले के अधौरा क्षेत्र में सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के अपराधियों द्वारा भेड़ चुराने और एक की हत्या के मामले के उद्भेदन करने, कैमूर जिले के सोहन थाना क्षेत्र में आभूषण व्यवसाई से लूटपाट और हत्या करने व 3700 अवैध कारतूस बरामद करने व उसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को ले एसपी हरिमोहन शुक्ला समेत टीम में शामिल एसडीपीओ व अन्य पुलिस अधिकारियों को बिहार पुलिस वार्षिक पारितोषिक पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है।

# एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला अंतर्गत डिहरी ऑन-सोन के अंबेडकर नगर, डिहरी बारह पत्थर में 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम के तहत एग्रीकल्चर स्कील काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा दलित समाज के बच्चों एवं बच्चियों को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र वितरण समारोह डिहरी डालमियानगर नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ट्रेनर पार्टनर एवं मेहतर सेवा संघ बिहार के प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल, संघ के नगर अध्यक्ष विनोद राम तथा वरीय समाजसेवी परशुराम जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं समाज के गरीब एवं असहाय बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे, अपने पैरों पर खड़े होंगे और अपने अभिभावकों पर बोझ नहीं बनेंगे।

इस अवसर पर जिन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, उनमें शामिल हैं– सिनोध कुमार राउत, उत्तम कुमार, सोनू कुमार, मोनू कुमार, आंशू राज, गुलशन कुमार, नेहा कुमारी, साधना कुमारी, अंजू कुमारी, मंजू कुमारी, शीतल कुमारी, संजना कुमारी, कृति कुमारी, ज्योति कुमारी, अर्पणा कुमारी, मनीषा कुमारी, रूपा कुमारी, खुशी कुमारी, अदिति कुमारी, स्नेहा कुमारी, काजल कुमारी, नंदिनी कुमारी एवं कविता कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि चंद्रवंशी ने दिव्यांग छात्रा सोनी कुमारी को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

# युवक की संदिग्ध मौत, मां ने पत्नी व ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के अमझोर थाना अंतर्गत रामडीहरा स्टेशन निवासी विनोद राम के पुत्र नंदलाल राम उम्र करीब 35 वर्ष की राजस्थान के जयपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की मां रीता देवी ने अपनी बहू काजल कुमारी, उसकी बहन, बहनोई तथा अन्य रिश्तेदारों पर बेटे की हत्या का गंभीर आरोप लगाया। मृतक की मां रीता देवी ने बताया कि करीब डेढ़ से दो वर्ष पूर्व उनके बेटे नंदलाल राम ने रामडीहरा स्टेशन के भुइया टोला निवासी काजल कुमारी से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद नंदलाल अपनी पत्नी के साथ बड़े भाई राजकुमार के साथ दिल्ली में मजदूरी करने चला गया था। उन्होंने बताया कि करीब 25 दिन पहले बहू काजल कुमारी के बहन-बहनोई और अन्य परिजन, जो जयपुर में रहते हैं नंदलाल को फोन कर जयपुर बुला ले गए। चार दिन पहले नंदलाल ने फोन पर बताया था कि वह जयपुर पहुंच गया है और बाजार से चिकन खरीदने जा रहा है। इसके बाद अगले दिन से उसका मोबाइल बंद हो गया। रीता देवी ने बताया कि रविवार को जब उन्होंने फिर फोन किया तो संपर्क नहीं हो सका। कुछ देर बाद बहू की बहन ने फोन कर सूचना दी कि नंदलाल अब इस दुनिया में नहीं रहा। यह सुनते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई को जब जयपुर भेजा गया तो वहां बहू के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और शव को बिहार लाने से रोकने का प्रयास किया। उन्होंने वहीं दाह संस्कार कराने का दबाव बनाया। जयपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के बाद किसी तरह शव सौंपा। परिजनों का आरोप है कि नंदलाल के शरीर पर कई जगह मारपीट के निशान थे और उसका हाथ भी टूटा हुआ था जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# जाम में कई अधिकारियों की गाड़ियां फंसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दावथ बाजार होकर जाने वाली मुख्य सड़क राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120 पर उस समय महाजाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जब भारी वाहनों का परिचालन नो एंट्री के पहले और बाद में शुरू हो जाती है। सुबह में जब नो एंट्री के समय से पूर्व वाहनों का काफिला निकलता है तो उस समय इंटरमीडिएट के चल रहे परीक्षार्थियों तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में जाने वाले बच्चे इस महाजाम के शिकार हो रहे हैं तो वहीं कई बार आपातकालीन सेवाओं में संलग्न गाड़ियां तथा एम्बुलेंस भी फंसता हुआ नजर आता है। रविवार की रात्रि खुद अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की गाड़ी भी इससे वंचित नहीं रही और दावथ बाजार के महाजाम में काफी देर तक फंसी रही। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि भारी वाहनों से यात्रा वसूली की बातें भी सामने आ रही है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और बाईपास के टेंडर की व्यवस्था प्रक्रियाधीन है, भू अर्जन संबंधी कार्य संपन्न होते ही इस पर ध्यान दिया जाएगा। हालांकि इस जाम के पीछे की वजह यह भी बताया जाता है कि भारी वाहनों से यहां यत्र-तत्र खड़े होकर अवैध वसूली भी की जाती है। रात्रि के अंधेरे में तो ऐसे वसूली कर्ताओं के कारण तीन-तीन किलोमीटर तक महाजाम लगने की बातें आ रही है। हालांकि स्थानीय स्तर पर दावथ थाने की पुलिस के द्वारा कई बार प्रयास भी किया गया। गांव के लोगों को इतनी साहस नहीं कि इनका प्रतिरोध कर सके। हालांकि पीड़ित यहां के सभी ग्रामीण जरूर है, परंतु कोई इसका जहमत मोल लेना मुनासिब नहीं समझता। हालांकि यह मसला कुछ माह पहले भी अनुमंडल स्तर पर उठाया गया था, परंतु नतीजा फिश निकला और पुनः जब दावथ बाजार से गुजरने वाले सड़क की ढलाई होने के बाद परिचालन शुरू हुआ तो ऐसे लोगों की संख्या बढ़ गई है जिस पर प्रशासन के द्वारा विशेष अंकुश लगाए जाने की जरूरत है।

# अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले धरना प्रदर्शन आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल क्षेत्र में अखिल भारतीय किसान महासभा ने एक दिवसीय धरना दिया जिसमें किसानों के हितों की रक्षा के लिए कई मांगें उठाई गईं। बिक्रमगंज में आयोजित धरने की अध्यक्षता अशोक पासवान ने की और इसमें कई किसान नेताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों, मजदूरों और गरीबों के हितों में बने कानूनों को कॉर्पोरेट के पक्ष में बदल रही हैं या उन्हें खत्म करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 38 श्रम कानूनों को चार में समेटकर मजदूरों को कॉर्पोरेट के हाथों गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही है। नेताओं ने कृषि भूमि अधिग्रहण कानून, खाद्य सुरक्षा और किसान सम्मान निधि में संशोधन करने का आरोप लगाया और कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संकटग्रस्त है। उन्होंने इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण करने की मांग की जिससे आठ जिलों में सिंचाई होती है। महासभा ने यूरिया खाद की कालाबाजारी और पैक्स में धान खरीद में कटौती पर चिंता व्यक्त की और राज्य में लूट, हत्या और बलात्कार जैसी घटनाओं में वृद्धि पर भी चिंता व्यक्त की। धरने के बाद अंचलाधिकारी को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। इस तरह की धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय दावथ, काराकाट सहित सभी प्रखंडों में किया गया जहां अखिल भारतीय किसान महासभा के अपनी 12 सूत्रीय मांगों को प्रखंड मुख्यालय पर अधिकारियों को सौंपा।

# कैंसर की रोकथाम को लेकर रैली आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज, जमुहार के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस बड़े उत्साह और सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम संस्थान की डीन-कम-प्रिंसिपल डॉ. के. लता और वाइस प्रिंसिपल डॉ. श्वेता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय एम एस एन विभाग की अध्यक्ष डॉ. पी. पोन्नरासी ने किया जिन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समग्र पर्यवेक्षण और नेतृत्व प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय के लोगों को कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान, स्वस्थ जीवन शैली की आदतों और समय पर डॉक्टरी सलाह के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम की मुख्य गतिविधि के रूप में जमुहार गांव में कैंसर की रोकथाम पर एक रैली का आयोजन किया गया। छात्रों ने कैंसर जागरूकता, तंबाकू छोड़ने, स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि और नियमित स्वास्थ्य जांच से संबंधित संदेशों वाले प्लेकार्ड, पोस्टर और बैनर लेकर सक्रिय रूप से भाग लिया। लोगों को स्वस्थ व्यवहार अपनाने और कैंसर से जुड़े कलंक को कम करने के लिए प्रेरित करने के लिए नारे लगाए गए। कार्यक्रम में बी एस सी नर्सिंग के 89 और जी एन एम के 88 कुल 177 छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम आर. श्रीनिवासन, विक्रांत कुमार, शिवांशू कुमार, सुश्री ममता कुमारी और सुश्री मोनिका फिलिप्स द्वारा आयोजित किया गया था जिन्होंने सभी गतिविधियों की व्यवस्थित योजना और सुचारू समन्वय सुनिश्चित किया। रैली को स्थानीय समुदाय से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। ग्रामीणों ने गहरी दिलचस्पी दिखाई, छात्रों के साथ बातचीत की और सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग संस्थान द्वारा की गई पहल की सराहना की। निष्कर्ष रूप में विश्व कैंसर दिवस समारोह अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में अत्यधिक सफल रहा। इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य शिक्षक के रूप में नर्सिंग छात्रों की भूमिका को मजबूत किया और सामुदायिक स्तर पर कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता फैलाने में सार्थक योगदान दिया।

# आरपीएफ ने यात्रियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन एवं ट्रेनों में आरपीएफ द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान में सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, उपेन्द्र कुमार, राजेंद्र कुमार दास, प्रधान आरक्षी रामचन्द्र यादव, अरविंद कुमार, आरक्षी सर्वोदय पासवान एवं अजीत कुमार शामिल रहे। आरपीएफ कर्मियों ने स्टेशन परिसर व ट्रेनों में यात्रियों से सीधे संवाद कर उन्हें रेल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। यात्रियों को निम्न बिंदुओं के प्रति जागरूक किया गया– रेल यात्रा के दौरान किसी भी समस्या की स्थिति में रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करें, बिना किसी उचित कारण के एसीपी न करें, चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी न करें, रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी न लें, रेल लाइन पार न करें एवं पटरी के किनारे से आवागमन न करें, यात्रा के दौरान अनजान व्यक्तियों से अधिक मेलजोल न बढ़ाएं तथा उनके द्वारा दिया गया खाने-पीने का सामान ग्रहण न करें, एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए ऊपरी पैदल पुल का ही उपयोग करें, ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा न करें। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की कि वे नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करें।

# बिचौलिया पर प्राथमिकी, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सोमवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बिक्रमगंज के द्वारा बिचौलिए के खिलाफ एक मामला थाने में दर्ज कराया गया। थाने को दिए आवेदन में कहा गया कि 9 फरवरी 26 के पूर्वाहन में आवेदिका लक्ष्मीनि कुमारी पति सोनु कुमर ग्राम-सत्यनारायण टोला पंचायत जोन्ही विक्रमगंज के निवासी हैं। आवेदिका के द्वारा आज अनुमंडल पदाधिकारी विक्रमगंज के जनता दरबार में शिकायत की गई थी कि साइबर सेंटर, थाना चौक विक्रमगंज के मालिक मो. आरजु के द्वारा राशन कार्ड बनवाने के एवज में तीन हजार रुपया लिया गया।

# नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए आनंद मौर्य चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर कालोनी निवासी सत्येन आनंद उर्फ आनंद मौर्य का चयन नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए हुआ। ये सातवीं बार झारखंड की ओर से गोवा में 18से 25 मार्च तक आयोजित नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के सहयोग से गुमला में 6 से 8 फरवरी तक आयोजित राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में सत्येन को स्टेट सलेक्शन घोषित किया गया है। उन्होंने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता रांची के राम प्रसाद घुईया को पराजित कर स्टेट विनर घोषित किया गया। झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने रविवार देर शाम आनंद मौर्य को शील्ड प्रदान की। यहां पुलिस लाइन में बने बैडमिंटन कोर्ट में उनका नियमित प्रैक्टिस चलता है। आनंद मौर्य ने बताया कि अब वे नेशनल टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे हैं। ताकि झारखंड समेत बिहार का नाम रोशन कर सकें। बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीलिया उच्च विद्यालय में हुई और उच्च शिक्षा वाराणसी स्थित सेंट्रल स्कूल व बीएचयू से हुई। जीवन के पांच बसंत पार कर चुके सत्येन को बचपन से ही बैडमिंटन का शौक है। इन्हें वोकल म्यूजिक में भी रुचि है। रा लो मो प्रमुख राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, निगरानी डीआईजी नवीन चंद्र झा, डीआईजी सत्यवीर, डा. एस बी प्रसाद, डा.जेएस कश्यप, कन्हैया राम समेत कई बैडमिंटन बढ़ाई देने वालों में शामिल हैं।

# राजस्व कर्मियों के धरने से दाखिल-खारिज कार्य रहा बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के राजस्व कर्मियों के एकदिवसीय धरने पर चले जाने से दाखिल-खारिज सहित अन्य भूमि संबंधित कार्य बाधित रहे। भूमि संबंधी समस्याओं को लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे दूर-दराज के गांवों से आये कई रैयतों को बिना काम कराये वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राजस्व कर्मचारी लंबित मांगें पूरी नहीं किये जाने के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन पर जाने से पूर्व सोमवार को पटना के गर्दनीबाग में एकदिवसीय धरने पर चले गये। इसके कारण राजस्व कर्मचारियों के अधीनस्थ किये जाने वाले भूमि संबंधित कार्य पूरे दिन बाधित रहे। गौरतलब है कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सभी राजस्व कर्मचारियों ने सरकार द्वारा मांगें पूरी नहीं किये जाने की स्थिति में आगामी 11 फरवरी से सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बाध्यता जतायी है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल पदाधिकारी सदानंद कुमार ने बताया कि सोमवार को भूमि संबंधित कार्यों को लेकर अंचल कार्यालय आये लोगों में से जो उनसे मिले, उनके स्तर से होने वाले कार्य किये गये व जनसुनवाई भी की गयी।

# चित्रगुप्त मंदिर स्थापना दिवस व होली मिलन समारोह की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** चित्रगुप्त समाज कल्याण ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ट्रस्ट की संरक्षक डॉ. रागिनी सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चित्रगुप्त मैदान में स्थापित कायस्थ कुलदेवता भगवान चित्रगुप्त के मंदिर की स्थापना दिवस मनाने तथा होली मिलन समारोह के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 फरवरी को चित्रगुप्त मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 1 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह नील कोठी स्थित चंद्र राज वाटिका में संध्या छह बजे से शुरू होगा जिसमें शहर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। होली मिलन समारोह के सफल आयोजन की जिम्मेदारी ब्रह्मेश्वरनाथ उर्फ काली बाबू एवं ओमप्रकाश सिन्हा कमल को सौंपी गई। बैठक के दौरान आय-व्यय सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वरिष्ठ न्यूरो चिकित्सक डॉ. उदय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता मिथिलेश कुमार सिन्हा, निशांत राज, पूर्व वार्ड पार्षद ब्रह्मेश्वरनाथ सिन्हा उर्फ काली बाबू, इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव, अधिवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा कमल, अमित कुमार वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा, नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मोनू कुमार, रणधीर कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# 10 से 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** राज्य सरकार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए 10 से 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जायेगा। इसे लेकर सीएचसी प्रभारी डॉ रमेश कुमार की अध्यक्षता में पीएचसी सभागार भवन में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों व आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक जय प्रकाश यादव ने बताया कि क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से 10 से 27 फरवरी तक अभियान चलाया जायेगा। प्रशिक्षक विशंभर नाथ पाठक सिफो कोऑर्डिनेटर ने उपस्थित प्रधान शिक्षकों व आंगनबाड़ी सेविकाओं को बताया कि इस अभियान के तहत दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी बच्चों को विद्यालयों व केंद्रों पर दवा खिलायी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, अत्यंत वृद्ध व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं खिलायी जायेगी। दवा उम्र के अनुसार दी जायेगी जिसमें 1 से 2 वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी गोली, 2 से 5 वर्ष के बच्चों को डीइसी की एक व अल्बेंडाजोल की एक गोली, 6 से 14 वर्ष के लोगों को डीइसी की दो व अल्बेंडाजोल की एक गोली तथा 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीइसी की तीन व अल्बेंडाजोल की एक गोली खिलायी जायेगी। वहीं, सीएचसी प्रभारी डॉ रमेश कुमार ने बताया कि दवा खिलाने के बाद यदि किसी प्रकार की परेशानी होती है तो तत्काल स्वास्थ्य टीम से संपर्क करें। उन्होंने यह भी बताया कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है जब यह मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है तो रोग के लक्षण 10 वर्ष बाद तक सामने आते हैं। दवा का सेवन करने से इस रोग की संभावना नहीं रहती है। बैठक में शिवानंद सिंह पीरामल कोऑर्डिनेटर, बीसीएम राकेश कुमार, सभी प्रधान शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविकाएं व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## कुर्की-जब्ती के दौरान फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने पहुंची पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस दौरान पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**NAME CHANGE**

I RAJGAURABH KUMAR DEO S/O SUBHASH CHANDRA PODDAR R/O-N/6 Ramdiri Durgasthan Nauagarhi Bariarpur, Munger Bihar-81121, have changed my name to RAJGAURABH KUMAR PODDAR.

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना सं0-**
**CWMPD-04-2025-26**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रुप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा बंद होने की तिथि- 06-03-2026** **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** प्लांट डिपो, डीडीयू में पुराने क्षतिग्रस्त स्टील मोल्डिंग शेड का नवीनीकरण, समस्त कर्मचारियों के लिए बहुउद्देशीय परिसर अर्थात शौचालय, चेंजिंग रूम आदि का निर्माण एवं वर्तमान में मौजूदा परिसंपत्तियों के लिए स्थान निर्माण का कार्य **(2) कार्य का अनुमानित लागतः** रू० 3,52,01,247.07 **(3) जमानत राशिः** रू० 3,26,000.00 **(4) ई-निविदा बंद होने की तिथि एंव समयः** 06.03.2026, 12:00 बजे **(5) वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः www.ireps.gov.in**

**मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बी०डब्ल्यू०**
**प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/1752/प्लान्ट डिपो, डीडीयू/प्लान्ट डिपो/टी/25-26/28

## एक नजर

### रायफल, देशी कट्टा व 18 ज़िंदा कारतूसों के साथ तीन गिरफ्तार




**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में छापेमारी कर एक रायफल, एक देशी कट्टा, अठारह ज़िंदा कारतूस व एक विण्डोलिया बरामद करते हुए तीन लोगो को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सलेमपुर गांव निवासी गुड्डू कुमार के घर छापेमारी कर तलाशी के क्रम में घर के कमरा से एक देशी कट्टा, एक रायफल, अठारह जिन्दा कारतूस एवं एक बिन्डोलिया बरामद किया गया। बरामद समानों का विधिवत गिरफ्तार व्यक्ति के निशानदेही पर छापेमारी कर राजीव कुमार एवं किशोर प्रसाद गिरफ्तार किया गया है। उक्त तीनों अभियुक्तों द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र का उपयोग वर्चस्व कायम करने व लोगों को डराने धमकाने में करते थे जिससे लोगों में दहशत का महौल बना था।पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच करने में जुट गई है।छापेमारी में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, सअनि मुकेश कुमार, सअनि विमल कुमार तिवारी, सअनि रमेश प्रसाद,सअनि धर्मेंद्र यादव, सिपाही अनिकेत कुमार, दिनेश कुमार, काजल कुमारी, राज कुमार शामिल थे।

### शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हिलसा (नालंदा)। हिलसा मद्य निषेध थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 14 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। मद्य निषेध थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को प्राप्त गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खेवन बिगहा गांव से 7 लीटर देसी शराब के साथ बिजेंद्र गोप को गिरफ्तार किया। वहीं, इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पटेल नगर से 5 लीटर देसी शराब के साथ पिंटू मांझी तथा इचहोस गांव से 2 लीटर देसी शराब के साथ सरोजा देवी को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपितों के विरुद्ध हिलसा मद्य निषेध थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पांच केंद्रों पर 77 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा के छठे दिन सोमवार को हिलसा के पांच परीक्षा केंद्रों पर कुल 77 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आंकड़ों के अनुसार प्रथम पाली में रामबाबू हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली कुल 2160 परीक्षार्थियों में 13 अनुपस्थित रहे। एसयू कॉलेज परीक्षा केंद्र में 784 में 8, सरदार पटेल कॉलेज में 903 में 7, उच्च विद्यालय मई में 885 में 6 तथा मध्य विद्यालय गुलनी हैदरपुर में 369 में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरी पाली में रामबाबू हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर 954 में 20, एसयू कॉलेज में 342 में 8 तथा सरदार पटेल कॉलेज में 219 में 5,उच्च विद्यालय मई में 348 में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जिलेभर के सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 16 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्रखंड–मेसकौर, ग्राम पंचायत–मिर्जापुर की मुखिया बबिता देवी द्वारा पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में, अंचल–मेसकौर, ग्राम–सीतामढ़ी की बच्ची देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, अंचल–गोविंदपुर, थाना–थाली, टोला–बरहकुर्णा, ग्राम–एकतारा के कारू यादव द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने के संबंध में, थाना–रोह के रघुनंदन प्रसाद द्वारा उनकी जमीन के खाता को रोक सूची से मुक्त करने के संबंध में, थाना–कादिरगंज, पो०–सम्हरीगढ़ के शंकर चौधरी द्वारा जमीन का गलत रसीद काटने के संबंध में, अंचल–मेसकौर के अक्षय कुमार द्वारा जमीन के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर/रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिससे आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सुलभ मंच प्राप्त हुआ।

### जनता दरबार में सुनी गई शिकायतें

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सोमवार को बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचल कार्यालय में राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने जनता दरबार लगाए गए। जहां फरियादी अपनी समस्याओं के साथ पहुंचे और अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। हालांकि बीडीओ,आपूर्ति सहित कई कार्यालय में ताला लटके रहे।

# श्वान बंध्याकरण केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 9 फरवरी 2026 को जिला पदाधिकारी द्वारा आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा के उद्देश्य से निर्मित श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उक्त श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निर्माण बुधौल क्षेत्र में किया गया है। आवारा कुत्तों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर केन्द्र तक लाने के लिए विशेष वाहन का भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। श्वान बंध्याकरण केन्द्र में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था की गई है, जिसमें एक हॉल (डॉग पॉन्ड्स हेतु), एक कक्ष (एनेस्थीसिया हेतु) तथा एक कक्ष (ऑपरेशन थिएटर हेतु) शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, पकड़े गए कुत्तों को रखने एवं निगरानी के लिए कुल छह डॉग पॉन्ड्स उपलब्ध कराए गए हैं, जहां कुत्तों को तीन दिनों तक अवलोकन में रखा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अवलोकन अवधि पूर्ण होने के उपरांत दक्ष एवं अधिकृत एजेंसी द्वारा कुत्तों का बंध्याकरण किया जाएगा। बंध्याकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर सुरक्षित रूप से पुनः छोड़ दिया जाएगा, जहाँ से उन्हें पकड़ा गया था।

जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, पशु कल्याण मानकों तथा संचालन व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह पहल आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रण, नागरिकों की सुरक्षा तथा पशु कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर सतेंद्र प्रसाद वर्मा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार तथा नगर परिषद के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# नवादा में सर सैयद मिशन स्कूल का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** न्यू आजाद मोहल्ला, अलीपुर इमामबाड़ा के समीप सर सैयद मिशन स्कूल का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र डॉ. एम. काशिफ राजा खान ने किया। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पूर्व मुख्य पार्षद नवादा संजय कुमार साहू, राजद बिहार के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद, एएमयू के पूर्व कैबिनेट छात्रसंघ सदस्य नजमुस साक़िब, मेडिकल ऑफिसर नवादा डॉ. एम. अबू शमा, न्यू सई हॉस्पिटल के डॉ. शादाब रही और जेएनयू के पूर्व छात्र तैयब असगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के डायरेक्टर अब्दुल्लाह आज़म ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों की अच्छी तरबियत करना है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक, आधुनिक शिक्षण सहायक सामग्री, जीवन कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह के पश्चात ऑल इंडिया मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका संयोजन युवा शायर रेज़ा तसनीम ने किया। मुशायरे में कासिम सहसारामी, उदय भारती, इमरान खान, सबा रजौलवी और अशोक समदर्शी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की अच्छी उपस्थिति रही।

# अखिल भारतीय पान महासंघ के जिलाध्यक्ष बने कुणाल कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अखिल भारतीय पान महासंघ के नालंदा जिलाध्यक्ष पद पर कुणाल कुमार के चयन से पान समाज में उत्साह और खुशी का माहौल है। रविवार को मोगल कुआँ स्थित स्वर्गीय राजो माता स्मृति धर्मशाला परिसर में दिन के 2 बजे से आयोजित बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव अखिल भारतीय पान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कुणाल कुमार के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें जिले की कमान सौंपी।

इस अवसर पर मौजूद अखिल भारतीय पान महासंघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि कुणाल कुमार की नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक अनुभव और समाजसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए पान समाज ने उन्हें अपना अध्यक्ष चुना है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। वहीं इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पान ने कहा कि कुणाल कुमार के अध्यक्ष बनने से पान समाज को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि कुणाल कुमार पान समाज के आरक्षण, अधिकारों और कर्तव्यों को लेकर प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर नालंदा जिला पान स्वासी बुनकर संघ के कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार एवं स्वर्गीय राजो माता स्मृति धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष विजय कुमार पान ने कहा कि जिले को एक सशक्त और कर्मठ नेतृत्व मिला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कुणाल कुमार अखिल भारतीय पान महासंघ को प्रखंड से पंचायत स्तर तक सशक्त रूप से विस्तार देंगे। कार्यक्रम में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, युवा जिला अध्यक्ष अनुपम कुमार, प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, राजगीर प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार, गिरियक प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, नगर अध्यक्ष सरयुग प्रसाद सहित संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद तांती, अरविंद कुमार, शिशुपाल कुमार, अनिल कुमार, लाला कुमार, गोल्डन कुमार समेत सैकड़ों समाजसेवी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में उमड़ी गर्भवती महिलाओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** मातृत्व सुरक्षा और सुरक्षित प्रसव की दिशा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के तहत सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आई कुल 197 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई, ताकि गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान कर जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित रखा जा सके।

अस्पताल परिसर में सुबह से ही महिलाओं की भारी उपस्थिति देखी गई, जहां अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने मुस्तैदी के साथ अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान डॉ. अभिप्राय, डॉ. परितोष, डॉ. राघवेंद्र भारती और डॉ. अनीश गुलाम ने महिलाओं का शारीरिक परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिए। चिकित्सकों ने विशेष रूप से महिलाओं के रक्तचाप, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच सुनिश्चित की, ताकि हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी वाले मामलों की पहचान कर उनका उचित उपचार शुरू किया जा सके।शिविर को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों की भूमिका भी बेहद सराहनीय रही। जीएनएम अर्चना कुमारी, अंजली कुमारी, सुमन कुमारी, पुष्पलता कुमारी और पुनीता कुमारी ने महिलाओं के पंजीकरण से लेकर प्राथमिक जांच में सक्रिय सहयोग किया, जबकि अनिल पासवान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद की। इस दौरान महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, नियमित रूप से दवाइयों का सेवन करने और संस्थागत प्रसव के फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता बढ़ाना है।

# 17 फरवरी तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो चलेगा बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** नगर पंचायत में बढ़ते जाम और सड़कों पर अवैध कब्जों को देखते हुए प्रशासन ने अब सख्त कार्रवाई का मन बना लिया है।सोमवार को रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सीओ सह नगर पंचायत के प्रभारी ईओ गुफरान मजहरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बाजार के स्थायी और अस्थायी दुकानदारों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि सरकारी जमीन पर किया गया किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंचलाधिकारी ने सभी अतिक्रमणकारियों को 17 फरवरी तक का समय देते हुए अल्टीमेटम दिया है कि वे स्वेच्छा से अपना अवैध निर्माण और दुकानें हटा लें। निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा न करने पर प्रशासन बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू करेगा,जिसमें होने वाले व्यय की भरपाई भी संबंधित दुकानदारों से ही की जाएगी।

**सुनवाई में दस्तावेज पेश करने में विफल रहे दुकानदार**

प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण वाद संख्या 05/25-26 के आलोक में रजौली बाजार के अवैध ठेला चालकों और अन्य अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर कुल 259 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान लगभग 200 दुकानदार अंचल कार्यालय पहुंचे। हालांकि, सीओ के समक्ष सुनवाई के दौरान एक भी व्यक्ति प्रश्नगत सरकारी भूमि से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या मालिकाना हक का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद प्रशासन ने सख्त लहजे में कहा कि बजरंगबली चौक से पुरानी बस स्टैंड और मुख्य चौक से ब्लॉक रोड तक की संकरी हो चुकी सड़कों को हर हाल में खाली कराया जाएगा ताकि आम जनता को रोज-रोज के जाम से मुक्ति मिल सके।

बैठक के दौरान जब दुकानदारों ने अपना व्यवसाय चलाने के लिए वैकल्पिक स्थान की मांग की, तो प्रशासन ने उनकी श्रेणी के अनुसार जगह भी निर्धारित कर दी। नए निर्देशों के अनुसार, पुराने पुल के पश्चिम में सब्जी और फुटपाथी दुकानों को जगह दी गई है, जबकि सती स्थान स्थित सरकारी भूमि पर मीट, मछली और मुर्गा की दुकानों को स्थानांतरित किया जाएगा। इसी प्रकार, मसाला और श्रृंगार की फुटपाथी दुकानों को बाजार शेड में लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्य भ्रमणशील वेंडरों के लिए भी जगह चिन्हित की जा रही है। अधिकारियों ने सख्त हिदायत दी है कि काली पिच वाली सड़क, पेवर ब्लॉक और नगर पंचायत की नालियों पर किसी भी परिस्थिति में कब्जा नहीं होना चाहिए।

**टोटो परिचालन के लिए नए नियम और सौंदर्यकरण की योजना**

यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए टोटो चालकों के लिए भी नए पड़ाव तय किए गए हैं। अब अनुमंडल की ओर से आने वाले टोटो इंटर स्कूल गेट के आगे और पार-बाध की ओर जाने वाले टोटो पुराने पुल के पास खड़े होंगे। बाजार के मुख्य रास्तों पर टोटो खड़ा करने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है और उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक दंड के साथ-साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्ण होने के बाद प्रशासन ने क्षेत्र के पर्यावरण और सौंदर्य को बढ़ाने की भी योजना बनाई है। इसके तहत बजरंगबली चौक के चारों ओर और सड़कों के दोनों किनारों पर सघन पौधारोपण कार्य किया जाएगा, ताकि बाजार स्वच्छ और सुंदर नजर आए।

# कादिरगंज क्रिकेट क्लब की टीम सेमीफाइनल में




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिवीजन लीग के अहम मुकाबले में कादिरगंज क्रिकेट क्लब का मुकाबला हिसुआ क्रिकेट क्लब की टीम से हुआ। आज सुबह हिसुआ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरी टीम 14 ओवर में 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । हिसुआ क्रिकेट क्लब के तरफ से पृथ्वी ने 23 सइद ने 12 एवं कुमार अभिनीत ने 10 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक भी नहीं छू सके। कादिरगंज क्रिकेट क्लब की तरफ से आर्यन कश्यप ने खतरनाक गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया जबकि स्पिनर रितिक शर्मा ने तीन विकेट एवं अरनव यादव ने भी दो खिलाड़ियों को आउट किया। जिला क्रिकेट लीग में हिसुआ का यह न्यूनतम स्कोर है। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कादिरगंज क्रिकेट क्लब की टीम मात्र 6 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 66 रन बनाकर मैच को आसानी से जीत लिया। कादिरगंज क्रिकेट क्लब के ओपनर बल्लेबाज सूरज ने शानदार 51 रनों की पारी खेली। आज के मैच में शानदार पांच विकेट झटकने वाले गेंदबाज आर्यन कश्यप को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

### विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संघ के आहवान पर प्रखण्ड के सभी राजस्व कर्मचारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे विभागीय राजस्व सम्बन्धित कार्य ठप हो गया है। राजस्व कर्मचारी नितेश कुमार मिश्रा, नरेंद्र कुमार,आदित्य कुमार, मिथुन कुमार मिठू, प्रकाश कुमार, दीपक कुमार ने बताया कि गृह जिला में पदस्थापन, वेतनमान 1900 से बढ़ाकर 2800 करने, सेवा संपुष्टि,अतिरिक्त पंचायतों का प्रभार हटाने,रिक्त पदों की बहाली, सुरक्षा की गारंटी, संवर्ग परिवर्तन पर रोक, बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्ति, कंप्यूटर दक्षता की अनिवार्यता से छूट, एसीपी और एमएसीपी का लाभ, लंबित विभागीय कार्रवाई से मुक्ति,शोषण पर रोक,विभाग में राजस्व कर्मचारी का पद सुरक्षित करने, ऑनलाइन कार्य के लिए उपकरण और रिचार्ज की सुविधा, क्षेत्र भ्रमण के लिए मोटरसाइकिल, पुरानी पेंशन की बहाली, विभागीय पत्रों का अनुपालन और 10 वर्ष सेवा वाले कर्मचारियों को पदोन्नति देने सहित अन्य मांगों को लेकर वे लोग सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

# इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा 9 फरवरी 2026 को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 का छठा दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



परीक्षा के छठे दिन प्रथम पाली में हिन्दी तथा द्वितीय पाली में इतिहास एवं कृषि विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में संचालित हुई, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक आयोजित की गई। उपस्थिति के अनुसार प्रथम पाली में कुल 19,808 परीक्षार्थियों में से 19,607 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 201 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं द्वितीय पाली में कुल 11,736 परीक्षार्थियों में से 11,515 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 221 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। दूसरी पाली में 01 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए, जिनके ऊपर विधि-सम्मत करवाई की गई।

# बधिर खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 41 का चयन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार स्थित प्रखंड स्तरीय फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 12वीं बिहार स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप ऑफ द डेफ में बधिर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान रच दिया। दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर के लिए 41 बधिर खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें नालंदा जिले के 6 खिलाड़ी शामिल हैं, जो आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहारशरीफ (नालंदा) की मेजबानी में तथा नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में पटना, नालंदा, जमुई, पश्चिम चंपारण, मुंगेर, रोहतास सहित कई जिलों से 100 से अधिक बधिर खिलाड़ियों ने भाग लिया और ट्रैक एवं फील्ड की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में बिहार स्टेट काउंसिल ऑफ द डेफ (बीएससीडी) के कार्यकारी अध्यक्ष गिरिजेश कुमार चौधरी एवं महासचिव मो. अतहर अली ने विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक के साथ प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी एवं नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के सचिव कुंदन कुमार पांडे ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 20 से 23 मार्च तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली 27वीं नेशनल डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप तथा 10वीं नेशनल डेफ जूनियर एवं सब-जूनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे जूनियर प्रथम कृष्णा कुमार शर्मा (उमंग बाल विकास, पटना), द्वितीय आदर्श कुमार (उमंग बाल विकास, पटना)।

सब-जूनियर बालक वर्ग में प्रथम अमृत राज, सब-जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम शौमय श्रेया। भाला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम उत्तम कुमार, द्वितीय प्रिंस कुमार, तृतीय सौरभ प्रताप प्रभाकर (सभी उमंग बाल विकास, पटना)। जूनियर बालक वर्ग में प्रथम कृष्णा कुमार शर्मा एवं द्वितीय आदर्श कुमार रहे। वहीं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, हरनौत के कक्षा एक के छात्र ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 600 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर सबको चौंका दिया। इसके अलावा नालंदा जिला टीम ने रिले रेस में तृतीय स्थान हासिल किया। बधिर खिलाड़ियों में आर्यन, अक्षय कुमार, अनुपम कुमार, संदीप कुमार, धीरज कुमा\र, कल्याणी कुमारी, अमीषा कुमारी, आर्यन राज, धनजीर कुमार, शिवम कुमार एवं अनिता कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर बिहार बधिर क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार (सासाराम), कोषाध्यक्ष सीताराम, सलाहकार अमरदीप कुमार सिंह, किशोरी जाजोदिया, कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार, नेहा कुमारी, अली हुसैन, विनय, आनंद रंजन, आदित्य, पूजा कुमारी, विवेक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# डीएम ने की धान खरीद समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानो से अधिप्राप्त धान एवं उसके समतुल्य राज्य खाद्य निगम के संग्रहण केन्द्रों पर हस्तगत कराये गये सीएमआर तथा जिलेभर में एफआरके उपलब्धता की संबंधित पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा कुल पाँच ऐजेंसियों को नालंदा जिला हेतु एफआरके आपूर्तिकर्ता के रूप में सम्बद्ध करने के बावजूद जिले में एफआरके की कमी बनी हुई थी। एफआरके आपूर्ति के संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा विभाग से अनुरोध एवं पत्राचार के आलोक में जिले को एफआरके उपलब्ध कराया गया है जिससे मिलों द्वारा सीएमआर हस्तगत कराने में तेजी आयी है। अरवा मिलों कोबएफआरके आपूर्ति में कमी के कारण अरवा सीएमआर आपूर्ति की प्रक्रिया धीमी है। अरवा सीएमआर उपलब्ध कराने हेतु निगम मुख्यालय से पत्राचार किया गया है एवं दूरभाष के माध्यम से भी अरवा एफआरके की कमी संबंध में अवगत कराते हुए शीघ्र एफआरके आपूर्ति हेतु अनुरोध किया गया है।



जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी द्वारा की जा रही लगातार समीक्षा के परिणामस्वरूप धान अधिप्राप्ति एवं मिलों द्वारा सीएमआर आपूर्ति में तेजी आयी है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को किसानों से अधिप्राप्त धान एवं उसके समतुल्य राज्य खाद्य निगम को हस्तगत कराये गये सीएमआर एवं अग्रिम सीएमआर के विरूद्ध धान तीन दिनों के अंदर मिलों को शीघ्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया साथ ही किसानों से क्रय किये गये धान का भुगतान शीघ्र करने का निदेश दिया गया। एफआरके के संबंध में जिला प्रबंधक को एफआरके आपूर्तिकर्ता से सम्पर्क कर शीघ्र निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालंदा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नालंदा, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, नालंदा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हंसराज पब्लिक स्कूल परिसर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन

# युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत : डॉ प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बोधगया स्थित हंसराज पब्लिक स्कूल परिसर में बृहद रोजगार मेला का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में लगभग 15,000 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिनमें से 5,000 से अधिक युवाओं का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को फाइनेंस, इंश्योरेंस, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य सेवा, आईटी एवं शिक्षा क्षेत्र की नामी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। इस रोजगार मेले का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और इस प्रकार के रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को सीधे रोजगार उपलब्ध कराना आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि एक ही मंच पर 5,000 युवाओं का चयन होना न केवल गयाजी, बल्कि पूरे मगध क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर बिहार भाजपा के उपाध्यक्ष संतोष पाठक एवं अतरी विधायक रोमित कुमार भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास बेरोजगारी की समस्या के समाधान में प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मनीष कश्यप विगत दो वर्षों से मगध क्षेत्र के विभिन्न शहरों में रोजगार मेलों का सफल आयोजन करते आ रहे हैं। नव वर्ष की शुरुआत में ही उन्होंने इस वृहद रोजगार मेले की योजना बनाकर व्यापक तैयारी की जिसके परिणामस्वरूप इतने बड़े स्तर पर आयोजन संभव हो सका। मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मनीष कश्यप एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनियों के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने बड़ी संख्या में बिहार के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। यह रोजगार मेला गयाजी एवं मगध क्षेत्र के युवाओं के लिए आशा, विश्वास और नए अवसरों का द्वार साबित हुआ है।

## इस्कॉन मंदिर से आज निकलेगी गौर-निताई शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गांधी मैदान के पास स्थित इस्कॉन मंदिर से 10 फरवरी को श्रीश्री गौर-निताई (श्री कृष्ण एवं बलराम के अवतार) की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी मंदिर के प्रबंधक जगदीश श्याम दास ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। 35 फुट ऊंची हाइड्रोलिक रथ का निर्माण किया गया है। इस्कॉन मंदिर को फूलों एवं रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। मंदिर प्रबंधक ने बताया कि वृंदावन से परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज सहित कई वरिष्ठ भक्तों का आगमन हो चुका है। शोभायात्रा के दौरान प्रसाद वितरण व भंडारे की व्यवस्था के लिए बंगाल से रसोइया को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि यह शोभायात्रा प्रेम, भक्ति, हरिनाम और सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। इस दिव्य आयोजन में मंदिर के दीक्षित गुरु परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज की मौजूदगी होगी। शोभायात्रा शुरू होने से पहले श्रीश्री गौर-निताई को 56 भोग अर्पण किया जायेगा। इसके बाद भक्तों के लिए चावल, पूरी एवं छोले का भंडारा होगा। इसके बाद आरती एवं संकीर्तन के साथ शोभायात्रा शुरू होगी। शोभायात्रा इस्कॉन मंदिर से निकलकर जय प्रकाश झरना, काशीनाथ मोड़, सिविल लाइंस, जीबी रोड, टेकरी रोड, बाटा मोड़, स्वराजपुरी रोड, काशीनाथ मोड़, महारानी बस स्टैंड, गेवाल बिगहा भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। समापन के बाद भगवान को एक बार फिर 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जायेगा और आरती की जायेगी। इसी दिन श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का प्रसाद वितरित किया जायेगा।

# रोजी की तलाश में गया कर्नाटक, शव लौटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** गयाजी जिले के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत नौडीहा पंचायत के नवाखाप गांव निवासी प्रवासी मजदूर राजेश कुमार भारती (55 वर्ष) की कर्नाटक के एक स्टील प्लांट में हुए भीषण हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और घर में चीख-पुकार मच गई–एक मेहनतकश पिता का यूं चले जाना पूरे परिवार को बेसहारा कर गया। परिजनों के अनुसार राजेश कुमार भारती पिछले करीब 10 वर्षों से कर्नाटक के एक स्टील प्लांट में काम कर रहे थे। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे कार्य के दौरान हुए हादसे में वह बुरी तरह झुलस गए। शरीर का बड़ा हिस्सा जल चुका था। हालत बेहद नाजुक थी, लेकिन आर्थिक तंगी और सरकारी सहायता के अभाव में समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल सका। इलाज की कमी, देर और लाचारी ने मिलकर एक मजदूर की जान ले ली। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी चिंता देवी और पांच नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं–बेबी कुमारी (18), विद्या कुमारी (16), प्रियंका कुमारी (10), बेटा अंकुश कुमार (8) और सबसे छोटी मानसी (4)। इसके अलावा चार वर्षीय अखिलेश भारती तथा 70 वर्षीय वृद्ध माता-पिता, जिनमें माता गंगिया देवी शामिल हैं, पूरी तरह राजेश कुमार भारती पर ही आश्रित थे। आज एक झटके में पूरा परिवार सहारे से वंचित हो गया। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य की असमय मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह टूट चुकी है। बच्चों की पढ़ाई, इलाज और रोजमर्रा की जरूरतें–सब सवाल बनकर खड़ी हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव शोक में डूबा है। हर आंख नम है, हर जुबान पर एक ही सवाल–क्या गरीब मजदूर की जान इतनी सस्ती है? स्थानीय लोगों और परिजनों ने बिहार सरकार और केंद्र सरकार से मुआवजा, त्वरित आर्थिक सहायता तथा बच्चों की शिक्षा-दीक्षा और पालन-पोषण के लिए ठोस मदद की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर सरकार की ओर से समय पर सहायता, समन्वय और इलाज की व्यवस्था होती तो शायद एक पिता आज अपने बच्चों के साथ होता। यह दर्दनाक घटना बिहार सरकार की उदासीनता पर करारा तमाचा है। प्रदेश से रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर मजदूरों की सुरक्षा, बीमा, इलाज और आपात सहायता आखिर कब सुनिश्चित होगी? यह हादसा एक बार फिर प्रवासी मजदूरों के प्रति सरकारी बेरुखी और व्यवस्था की नाकामी को उजागर करता है–जहां मेहनत का फल नहीं, लाचारी में मौत मिलती है।

### एक अप्रैल से मनरेगा का नया स्वरूप : 'विकसित भारत जी-राम-जी' योजना होगी लागू

# कोंच प्रखण्ड में तैयारी पूरी, 125 दिनों की रोजगार की गारंटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** मनरेगा के तहत संचालित विकास कार्य अब 'विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी (ग्रामीण)', जिसे संक्षेप में 'विकसित भारत जी-राम-जी' कहा जा रहा है, के नाम से क्रियान्वित किए जाएंगे। यह नई योजना आगामी एक अप्रैल से प्रभावी रूप से लागू होगी। ग्रामीण रोजगार नीति में किए गए इस बदलाव को लेकर सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में कोंच प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार गारंटी को अत्याधुनिक बनाना, जवाबदेही को सुदृढ़ करना तथा रोजगार सृजन को दीर्घावधि अवसंरचना विकास एवं जलवायु अनुकूलता से जोड़ना है। योजना को लागू करने की सभी तैयारियां विभागीय स्तर पर पूरी कर ली गई हैं। श्री कुमार ने बताया कि योजना लागू होने से पहले सभी कार्य योजनाओं का विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीकरण के किसी भी योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जाएगा। इससे योजना में पारदर्शिता बनी रहेगी और वास्तविक एवं पात्र लाभुकों को सीधे लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्य, जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, उन्हें वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी दी जाएगी। साथ ही मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषि से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। योजना की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए दीवार लेखन सहित अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को योजना की प्रक्रिया, लाभ एवं पोर्टल पर पंजीकरण की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। प्रखण्ड कार्यालय स्तर से योजना को लेकर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

## बिपार्ड के प्रशिक्षु अभियंताओं को मिला प्रोजेक्ट आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), गया द्वारा गठित पांच प्रशिक्षणार्थी कनिष्ठ अभियंता जेई बैचों को गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोजेक्ट आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी जेई बैच सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. रंजीत कुमार चौधरी के मेंटरशिप में बिपार्ड, गया के समन्वय से गठित किए गए थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अभियंताओं ने फोम कंक्रीट, एग्रो ब्रिक, ग्रीन ब्रिक एवं फायर रेसिस्टेंट ब्रिक जैसी नवाचार आधारित निर्माण सामग्री पर प्रयोगात्मक कार्य किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया परिसर में आयोजित किया गया जहां कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार का निरंतर मार्गदर्शन और सकारात्मक सहयोग उल्लेखनीय रहा। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय में शैक्षणिक-व्यावहारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की सशक्त संस्कृति विकसित हुई है। प्रो. रंजीत कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रयोगशालाओं में प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई जिससे अभियंताओं को वास्तविक हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्रशासन एवं बिपार्ड द्वारा इस पहल को अभियंताओं की तकनीकी दक्षता बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

## आंती थाना के दो मामलों में चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना कांड संख्या 14/26 एवं 15/26 में वांछित चल रहे कुल चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में उपस्थापन हेतु सोमवार को भेजा गया। थाना कांड संख्या 14/26 के तहत वांछित अभियुक्त उपेंद्र भगत उर्फ उपेंद्र मालाकार उर्फ उपेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय विनोद भगत तथा शीला देवी, पति स्वर्गीय विनोद भगत, दोनों ग्राम एवं थाना आंती, जिला-गया को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना कांड संख्या 15/26 के तहत वांछित अभियुक्त राजा कुमार उर्फ राजा बाबू, पिता उमेश भगत तथा सिम्पी कुमारी, पति जितेंद्र कुमार उर्फ जितेंद्र भगत, दोनों ग्राम एवं थाना आंती, जिला-गया को गिरफ्तार किया गया है।

## 604 ग्राम चांदी और 2.60 ग्राम सोने के आभूषण के साथ युवक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** गया रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। आरपीएफ, जीआरपी और सीआइबी की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या एक पर चलाये गये विशेष अभियान के दौरान एक युवक को भारी मात्रा में चोरी के आभूषणों और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के पास से करीब 2.80 लाख रुपये मूल्य का सामान बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रोहतास जिले के डिहरी थाना क्षेत्र निवासी शाकिब खान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल, 604 ग्राम चांदी और 2.60 ग्राम सोने के आभूषण जब्त किये हैं।
डीडीयू मंडल के आरपीएफ सीनियर कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि स्टेशन परिसर में अपराध नियंत्रण के लिए आरपीएफ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान टीम की नजर प्लेटफॉर्म पर एक युवक पर पड़ी, जो पुलिस को देखते ही घबरा गया और हाथ में थैला लेकर तेजी से भागने लगा। शक होने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन जब उसके सामान की तलाशी ली गई तो चोरी का बड़ा खुलासा हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि यह सारा सामान चोरी का है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब दो लाख 80 हजार रुपये आंकी गयी है। इस अभियान में मृत्युंजय कुमार अकेला, एसके राय, अमित कुमार, विकास कुमार, देवेंद्र कुमार और निरंजन प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। आरोपी के खिलाफ रेल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उसने ये चोरियां कहां और किन ट्रेनों में की थीं।

## टिकारी विधायक ने उपकारा बनाने को लेकर विधानसभा सत्र में उठाया सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी अनुमण्डल क्षेत्र में फौजदारी न्यायालय व उपकारा बनाने को लेकर टिकारी विधायक अजय कुमार ने विधानसभा सत्र के दौरान सवाल उठाया। विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल के दौरान श्री कुमार ने क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दों को उठाया। श्री कुमार के सवाल पर संबंधित विभाग के मंत्री ने जवाब दिया। श्री कुमार ने अनुमंडल स्थापना के 32 वर्ष हो जाने के बावजूद सिर्फ दीवानी मामले को सुनने के लिए विगत दो वर्ष पूर्व अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय की शुरुआत पुराने भवन में की गई। फौजदारी के मामले की सुनवाई को लेकर आज भी फरियादियों को अनुमण्डल से 25 किमी दूर गया न्यायालय जाना पड़ता है। साथ ही उपकारा की शुरुआत न होने से भी परेशानी होती है। जवाब में राज्य के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रस्ताव लाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं श्री कुमार द्वारा अनुमण्डल व्यवहार न्यायालय के नया भवन को लेकर भी सवाल किया जिसके जवाब में विधि मंत्री मंगल पांडेय ने जानकारी दिया कि अनुमण्डल व्यवहार न्यायालय के न्यायिक आधारभूत संरचना के निर्माण को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित 6 एकड़ भूमि अर्जन के लिए विभाग द्वारा वर्ष 2024 में ही दो करोड़ 83 लाख 78 हजार 560 रुपया की स्वीकृति दे चुकी है। भू अर्जन की प्रक्रिया जिला स्तर पर प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा श्री कुमार द्वारा ग्राम पंचायत छठवां में स्वास्थ्य उप केन्द्र के निर्माण की मांग की जिसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत में इगुना, तेतरिया व खैरा ग्राम में स्वास्थ्य उप केंद्र संचालित है। छठवां में स्वास्थ्य उप केंद्र के लिए भूमि उपलब्ध कराने को लेकर समाहर्ता, गया से विभाग द्वारा अनुरोध किया गया है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कौडीराम गांव के समीप सोमवार को बाइक और साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। घायल साइकिल सवार कौड़ीराम गांव निवासी स्वर्गीय अलियार शर्मा के पुत्र संतोष शर्मा बताये जाते हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को साइकिल सवार घर से मोहनियां स्थित अपनी दुकान पर काम करने जा रहा थेद्ध इसी दौरान गांव से कुछ दूर आगे बढ़ते ही पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी।

# आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ हजारों की चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** परसावां टोला शेख बीघा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर हजारों रुपये मूल्य के सामान की चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आंगनबाड़ी सहायिका सूर्यकांत देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र बाहर से ताला लगा हुआ था। इसी दौरान चोरों ने स्टोर रूम का ताला तोड़कर थाली, ग्लास, चूल्हा, कड़ाही, तसला, बच्चों का वजन मापने की मशीन तथा पूर्व से रखा दो बोरी चावल चोरी कर लिया। मामले की सूचना आवेदन के माध्यम से संबंधित थाना को दे दी गई है। परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान एवं ग्रामीणों ने बताया कि यह आंगनबाड़ी केंद्र कई वर्षों से सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रहा है। केंद्र कागजों में चालू है जबकि वास्तविकता में अधिकांश समय बंद रहता है। कुछ दिन पूर्व आंगनबाड़ी जैतीय की सेविका संजू देवी को इस केंद्र का प्रभार दिया गया था, लेकिन उन्होंने भी मात्र एक दिन केंद्र खोलने के बाद बच्चों के बीच आना बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सहायिका नियमित रूप से केंद्र पर आती है, लेकिन ताला बंद होने के कारण वापस लौट जाती है। मुखिया ने यह भी बताया कि कई बार सीडीपीओ को इस समस्या से अवगत कराया गया, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों में आंगनबाड़ी केंद्र के लंबे समय से बंद रहने को लेकर नाराजगी है। उन्होंने उच्च पदाधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र केंद्र को नियमित रूप से चालू कराया जाए। ताकि बच्चों की शिक्षा एवं पोषण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका ज्ञानती देवी पिछले दो वर्षों से अवकाश लेकर बाहर गई हुई हैं जिसके कारण केंद्र लगातार बंद है। ग्रामीणों का मानना है कि जब तक इस केंद्र पर नई सेविका की बहाली नहीं की जाती, तब तक आंगनबाड़ी का संचालन संभव नहीं है।

## भभुआ रोड स्टेशन पर आरपीएफ की तत्परता से महिला यात्री की बची जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** गया-डीडीयू मंडल के भभुआ रोड स्टेशन पर आरपीएफ की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस के प्रस्थान के दौरान एक महिला यात्री चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में प्लेटफॉर्म पर गिर गयी जिसे आरपीएफ जवान ने समय रहते बचा लिया जिससे उसकी जान बच गयी। जानकारी के अनुसार आरपीएफ आरक्षी कैसर जमाल खान प्लेटफॉर्म दो पर उक्त ट्रेन को सुरक्षित पासिंग कराने के लिए खडे थे जिसके दौरान हावड़ा-जोधपुर ट्रेन अपने निर्धारित समय भभुआ रोड स्टेशन पर पहुंची। यहां से 9:08 बजे भभुआ रोड स्टेशन से खुली। इसी दौरान कोच संख्या एस/4 से एक महिला यात्री 09:09 बजे चलती ट्रेन से उतरने लगी और संतुलन बिगड़ने से प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ी। मौके पर तैनात आरपीएफ आरक्षी कैसर जमाल खान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को संभाल लिया और प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच खतरनाक गैप में गिरने से बचा लिया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो में भी कैच हो गया। जान बचायी गयी महिला की पहचान चांद थाना के लोहलन गांव निवासी अलीशेर अंसारी की 25 वर्षीय पत्नी रुबेदा खातून बतायी जाती है। बताया जाता है कि महिला भभुआ से डीडीयू जंक्शन पर दवा लेने जा रही थी। उसके पास टिकट संख्या 40817041 थी। महिला की बहन भी उसके साथ यात्रा कर रही थी। ट्रेन के मुगलसराय न जाने की गलतफहमी में घबराकर महिला दोबारा उतरने लगी जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद महिला यात्री को उसके परिजनों के साथ दूसरी ट्रेन में सुरक्षित चढ़ाकर गंतव्य की ओर भेज दिया गया।

## गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखड मुख्यालय स्थित सीएचसी में क्षेत्र से आयी सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की सोमवार को डॉ नीरज कुमार द्वारा जांच की गयी। पीएचसी स्थित पर्चा काउंटर पर कतार में खड़ी सैकड़ों महिलाओं ने पर्ची कटा कर जच्चा-बच्चा की जांच करायी। चिकित्सकों द्वारा लगभग दो सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए लिखा गया। इस दौरान बीपी वजन आदि की जांच जीएनएएम शिवशंकर कुमार, संध्या कुमारी व प्रमिला कुमारी द्वारा की गयी। लैब टेक्नीशियन ने खून, पेशाब, सुगर, एचआइवी, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की। गर्भवती महिलाओं की जांच के उपरांत पुनः डॉ द्वारा रिपोर्ट देखकर जो भी कमी पायी गयी, उसकी दवा के साथ आयरन व कैल्शियम की गोली दी गयी। पौष्टिक आहार सहित परामर्श दिये गये। साथ ही किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल सीएचसी के चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गयी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य प्रबंधक जय प्रकाश सिंह द्वारा पानी व नाश्ता आदि की व्यवस्था की गयी थी।

## दौलतपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत रूपसपुर पंचायत के दौलतपुर ग्राम में पहली बार मां निर्दोष सेवा केंद्र के सचिव हिमांशु शेखर एवं मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह के संयुक्त प्रयास से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह के आवास पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन आयोजक हिमांशु शेखर, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अपराजिता कुमारी, डॉ. विनीत आनंद, डॉ. पल्लव चौबे, डॉ. अमित नारायण रघु एवं बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह द्वारा सभी चिकित्सकों एवं अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संजय अथर्व ने किया।
निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग चार सौ मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में शुगर, रक्तचाप (बीपी), यूरिक एसिड एवं इसीजी जैसी जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। अनुमंडल अस्पताल टिकारी की ओर से स्वास्थ्यकर्मियों की एक टीम की तैनाती की गई तथा आवश्यक दवाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई। शिविर को संबोधित करते हुए आयोजक हिमांशु शेखर ने कहा कि शिविर में उमड़ी भारी भीड़ यह दर्शाती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निःशुल्क चिकित्सा शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

## संपादकीय

### 'वाइन टूरिज्म' के पीछे की सामाजिक-पर्यावरणीय कहानी चिंताजनक

प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तम्बाकू के साथ की थी जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे. क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे? महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज्म' कहा जाता है. चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फोटो-स्पॉट - यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है. नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है. अनुकूल जलवायु, सह्याद्रि की ढलानें और दशकों से विकसित अंगूर की खेती ने यहां वाइन उद्योग को तेजी से पनपने का अवसर दिया है. अनुमान है कि भारत में 60 प्रतिशत से अधिक वाइनरी महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है. नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई - करीब 9-11 लाख टन - पैदा करता है. यह उत्पादन लगभग 1.4-1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है. नासिक के अंगूर तीन प्रमुख तरीकों से उपयोग किए जाते हैं - ताजा फल के रूप में घरेलू बाजार, यूरोप और मध्य-पूर्व के लिए निर्यात और वाइन उद्योग के लिए कच्चा माल. वाइन में उपयोग होने वाला अंगूर मात्रा में भले ही कुल उत्पादन का 8-12 प्रतिशत हो, लेकिन जल, भूमि और रसायनों की खपत के लिहाज से इसका प्रभाव कहीं अधिक है. अंगूर की खेती में खूब पानी लगता है. ड्रिप सिंचाई के बावजूद एक हेक्टेयर अंगूर के लिए एक मौसम में औसतन 50-60 लाख लीटर पानी की आवश्यकता पड़ती है. एक लीटर वाइन के उत्पादन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 600-650 लीटर पानी का उपयोग होता है. नासिक जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्र में यह मांग सीधे भूजल दोहन को बढ़ाती है. पिछले वर्षों में कई इलाकों का भूजल स्तर 10-20 मीटर से गिरकर 25-40 मीटर या उससे भी नीचे चला गया है. वाइन उद्योग ने भूमि उपयोग के स्वरूप को भी बदला है. मिश्रित खेती और जैव-विविधता वाली जमीनें एक-रूपी अंगूर बागानों में बदल रही हैं. अंगूर की व्यावसायिक खेती में कीटनाशकों और फफूंद नाशकों का नियमित प्रयोग होता है, जिससे मिट्टी और भूजल में रासायनिक अवशेषों का खतरा बढ़ता है. किण्वन, सफाई और बोतलबंदी से निकलने वाला अपशिष्ट जल पूर्णतः शुद्ध न किया जाए तो आसपास के खेतों व जलस्रोतों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है. भारतीय समाज में लंबे समय तक शराब को सीमित, निजी और कई बार वर्जित व्यवहार के रूप में देखा गया, लेकिन 'वाइन पर्यटन' इस दृष्टि को बदल रहा है. खुले, सुंदर और उत्सवी माहौल में मद्य-सेवन उसे सामान्य और स्वीकार्य बनाता है. शराब को 'सभ्य', 'सुरक्षित' और 'फैमिली-फ्रेंडली' बताकर प्रस्तुत करना उपभोक्तावादी संस्कृति की सुनियोजित रणनीति है, जिसमें बाजार यह तय करता है कि आधुनिकता का अर्थ क्या होगा. इस मॉडल का मुख्य लक्ष्य शहरी मध्यम वर्ग है जो अनुभव-आधारित उपभोग, स्टेटस और आधुनिकता की आकांक्षाओं से संचालित होता है. सप्ताहांतों और छुट्टियों में हजारों परिवारों और बच्चों की मौजूदगी इस मॉडल को वैधता देती है और शराब को 'सामान्य पारिवारिक अनुभव' के रूप में स्थापित करती है. वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है. छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं. बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं. इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा.

# ड्रेगन की सेना में आई दरार...

**चीन ने 2035 तक पूर्ण सैन्य आधुनिकीकरण का लक्ष्य रखा है। पर सेना के भीतर भ्रष्टाचार को इस राह में बाधा माना जा रहा है। कुछ हटाए गए अधिकारियों के नाम उनकी संस्थाओं की सूची से भी गायब कर दिए गए हैं। साथ ही कई रक्षा कंपनियों में भ्रष्टाचार विरोधी बैठकें तेज कर दी गई हैं। वहीं सबसे गंभीर आरोप यह है कि शीर्ष सेनापति झांग योउश्या पर परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी अमेरिका तक पहुंचाने और रिश्वत लेकर पदोन्नति कराने के आरोप लगे हैं। हालांकि आधिकारिक बयान में उन पर केवल अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन की बात कही गई, पर अंदरूनी ब्रीफिंग में जासूसी और रिश्वत के आरोप चर्चा में रहे। इन घटनाओं के बीच शी जिनपिंग 2027 से आगे भी पार्टी प्रमुख के रूप में बने रहने की राह देख रहे हैं और माना जा रहा है कि उन्हें चौथा कार्यकाल मिल जाएगा।**

**नीरज कुमार दुबे**

मार्च 2023 में जब चीन की सेना का शीर्ष नेतृत्व राष्ट्र के सामने एकजुट खड़ा दिखाया गया, तब संदेश साफ था कि शी जिनपिंग ने लगभग एक दशक की सत्ता के बाद अपनी पसंद का सैन्य ढांचा खड़ा कर लिया है। अपने भरोसे के अधिकारियों को ऊपर बैठाकर उन्होंने जन मुक्ति सेना को विश्व स्तर की शक्ति बनाने का लक्ष्य रखा था। पर अब वही ढांचा भीतर से हिलता दिख रहा है।




हम आपको बता दें कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान के नाम पर चल रही कार्रवाई ने सेना के सबसे ऊंचे हलकों को झकझोर दिया है। केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य एक एक कर हटाए जा रहे हैं या जांच के घेरे में आ रहे हैं। ताजा और सबसे चौंकाने वाला मामला शी जिनपिंग के करीबी माने जाने वाले शीर्ष सेनापति झांग योउश्या का है। उनके साथ एक और प्रमुख कमान संभालने वाले अधिकारी लियू झेनली भी पद से हटाए गए हैं।

साल 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम तीस ऐसे जनरल और एडमिरल स्तर के अधिकारी थे जो विशेष विभागों और क्षेत्रीय कमानों का संचालन कर रहे थे। अब इनमें से लगभग सभी या तो बाहर कर दिए गए हैं या सार्वजनिक जीवन से गायब हैं। उनकी जगह लगाए गए कई नए अधिकारी भी ज्यादा समय तक नहीं टिके। सक्रिय भूमिका में बचे अधिकारियों की संख्या बेहद कम बताई जा रही है। शी जिनपिंग की इस कार्रवाई से सेना में नेतृत्व का खालीपन पैदा हुआ है। झांग योउश्या और लियू झेनली जैसे अधिकारी युद्ध की तैयारी और संचालन की योजना में अहम माने जाते थे। उनके अचानक हटने से जन मुक्ति सेना की तैयारी और भरोसे पर असर पड़ना स्वाभाविक है। केंद्रीय सैन्य आयोग में अब जो प्रमुख चेहरा बचा है वह झांग शेंगमिन हैं, जिनकी पहचान राजनीतिक अनुशासन और भ्रष्टाचार विरोधी जांच से जुड़ी रही है। उन्होंने प्रक्षेपास्त्र बल में लंबा समय अनुशासन अधिकारी के रूप में बिताया। यही बल चीन के परमाणु और पारंपरिक प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम संभालता है। पिछले वर्ष उन्हें आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया था। हम आपको यह भी बता दें कि कार्रवाई केवल थल सेना तक सीमित नहीं रही है। नौसेना, प्रक्षेपास्त्र बल और लगभग सभी शाखाओं में यह कार्रवाई चली है। साथ ही पांचों क्षेत्रीय कमान, जिन्हें 2016 में नई संरचना के तहत बनाया गया था, भी इससे अछूती नहीं रहीं। पूर्वी क्षेत्रीय कमान, जो ताइवान के आसपास की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है, वहां भी बड़े स्तर पर बदलाव हुए हैं और हाल में नया कमांडर लगाया गया है।

इस बीच, सैन्य अखबार ने अधिकारियों और जवानों से अपील की है कि वे फैसलों का समर्थन करें और शी जिनपिंग के साथ खड़े रहें। साथ ही यह भी माना गया कि इन कदमों से अल्प अवधि की कठिनाई और पीड़ा हो रही है मगर दावा किया गया है कि अंत में सेना और मजबूत बनकर उभरेगी।

इसी बीच रक्षा क्षेत्र से जुड़े तीन सांसदों को भी उनके पद से हटा दिया गया है। ये लोग रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष उड़ान और परमाणु उद्योग से जुड़े थे। इनमें एक बड़ी सरकारी विमान निर्माण कंपनी के पूर्व प्रमुख, एक लंबे समय से परमाणु हथियार अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक और एक सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी के मुख्य अभियंता शामिल हैं। कारण सार्वजनिक नहीं किए गए, पर यह कदम संसद के वार्षिक अधिवेशन से ठीक पहले उठाया गया।

चीन ने 2035 तक पूर्ण सैन्य आधुनिकीकरण का लक्ष्य रखा है। पर सेना के भीतर भ्रष्टाचार को इस राह में बाधा माना जा रहा है। कुछ हटाए गए अधिकारियों के नाम उनकी संस्थाओं की सूची से भी गायब कर दिए गए हैं। साथ ही कई रक्षा कंपनियों में भ्रष्टाचार विरोधी बैठकें तेज कर दी गई हैं।

वहीं सबसे गंभीर आरोप यह है कि शीर्ष सेनापति झांग योउश्या पर परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी अमेरिका तक पहुंचाने और रिश्वत लेकर पदोन्नति कराने के आरोप लगे हैं। हालांकि आधिकारिक बयान में उन पर केवल अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन की बात कही गई, पर अंदरूनी ब्रीफिंग में जासूसी और रिश्वत के आरोप चर्चा में रहे। इन घटनाओं के बीच शी जिनपिंग 2027 से आगे भी पार्टी प्रमुख के रूप में बने रहने की राह देख रहे हैं और माना जा रहा है कि उन्हें चौथा कार्यकाल मिल जाएगा। पर उससे पहले उन्हें नए भरोसेमंद सैन्य चेहरे खोजने होंगे।देखा जाये तो जो कुछ चीन की सेना में चल रहा है वह केवल भ्रष्टाचार विरोधी अभियान नहीं, बल्कि सत्ता की लोहे की मुट्ठी कसने की कहानी है। शी जिनपिंग ने पहले अपने वफादारों को ऊपर बिठाया, अब वही वफादार भी शक के घेरे में हैं। संदेश साफ है: वफादारी स्थायी नहीं, केवल शी के प्रति पूर्ण समर्पण ही सुरक्षा कवच है।

इसका सामरिक असर भी गहरा है। सेना किसी भी देश की ताकत का आधार होती है। जब शीर्ष कमान बार बार बदले, जब अधिकारियों को हर समय डर रहे कि अगली बारी उनकी है, तब साहसी और स्पष्ट निर्णय लेना कठिन हो जाता है। युद्ध की तैयारी भरोसे, निरंतरता और स्पष्ट आदेश श्रृंखला पर टिकती है। वहां यदि भय और संदेह घर कर जाए तो कागज पर मजबूत दिखने वाली सेना मैदान में डगमगा सकती है।

परमाणु और प्रक्षेपास्त्र बल में उठापटक खास चिंता की बात है। यह वही क्षेत्र है जो प्रतिरोध की अंतिम दीवार माना जाता है। यदि यहां राजनीतिक निष्ठा को पेशेवर दक्षता पर तरजीह दी गई तो गलत आकलन का खतरा बढेगा। दुनिया के लिए यह अस्थिरता का संकेत है। ताइवान के संदर्भ में भी यह बदलाव मायने रखते हैं। एक तरफ चीन दबाव बनाए रखना चाहता है, दूसरी तरफ उसकी कमान संरचना भीतर से हिल रही है। यह स्थिति या तो उसे जल्दबाजी में कदम उठाने को उकसा सकती है ताकि अंदरूनी कमजोरी छिपे, या फिर उसे कुछ समय के लिए सतर्क बना सकती है। दोनों ही हालात क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित करते हैं।

साथ ही शी जिनपिंग के इरादे समझना कठिन नहीं। वह सेना को केवल राष्ट्रीय रक्षा का साधन नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की ढाल और तलवार दोनों बनाना चाहते हैं। उन्हें ऐसी सेना चाहिए जो पहले पार्टी के प्रति, फिर देश के प्रति जवाबदेह हो, और अंत में पेशेवर मानकों की बात करे। वह 2035 का लक्ष्य और 2027 के बाद की अपनी कुर्सी, दोनों सुरक्षित करना चाहते हैं। पर इतिहास बताता है कि डर पर खड़ी व्यवस्था भले बाहर से कठोर दिखे, पर भीतर से वह खोखली हो सकती है। लगातार सफाई अभियान से कुछ समय के लिए नियंत्रण बढ़ता है, पर साथ ही पहल करने की भावना मरती है। हर अधिकारी जोखिम लेने से बचेगा, हर निर्णय ऊपर की ओर धकेला जाएगा। युद्ध और कूटनीति दोनों में यह कमजोरी बन सकती है। इसलिए चीन की यह अंदरूनी उथलपुथल केवल उसका घरेलू मामला नहीं। यह एशिया की सुरक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन और परमाणु स्थिरता से जुड़ा सवाल है। शी जिनपिंग अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, पर जितनी कसकर मुट्ठी बंद होगी, उतना ही खतरा है कि रेत फिसल भी सकती है।

## अध्यात्म

### आखिर कर्म ही महान है



एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था।

गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा।

बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे।

किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा।

अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है।

मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है। यदि किसान बीमार बैल को छोड़ कर मेरा प्रवचन सुनने को प्राथमिकता देता तो दवा के बगैर बैल के प्राण निकल जाते। उसके बाद तो मेरा प्रवचन देना ही व्यर्थ हो जाता। मेरे प्रवचन का सार यही है कि सब कुछ त्यागकर प्राणी मात्र की रक्षा करो। इस घटना के माध्यम से गांव वालों ने भी उनके प्रवचन का भाव समझ लिया।

# नींद जिसे हम गंवाना समझते हैं, वही है सेहत की असली दौलत

**वैज्ञानिकों का कहना है कि जब हम सोते हैं, तब हमारा दिमाग दो अलग-अलग तरह की नींद लेता है। आरइएम (रैपिड-आइ मूवमेंट) नींद और गैर-आरईएम नींद। नींद की प्रक्रिया का पहला हिस्सा नान-आरईएम नींद है, जिसके चार स्तर होते हैं। पहला स्तर जागने और सोने के बीच का होता है। दूसरा हल्की नींद होती है, जब दिल की धड़कन और सांस लेने की गति नियमित हो जाती है और शरीर का तापमान कम हो जाता है। तीसरे और चौथे स्तर में गहरी नींद होती है। पहले यह माना जाता था कि आरईएम नींद सीखने और याददाश्त के लिए सबसे जरूरी नींद का चरण है, लेकिन नए आंकड़ों से पता चला है कि गैर-आरईएम नींद इन कामों के लिए ज्यादा जरूरी है। यह नींद शरीर को अधिक आराम पहुंचाने वाली होती है।**

**सरस्वती रमेश**

प्रकृति प्रदत्त नेमतों की कोई कीमत नहीं। वे अनमोल होती हैं। अब नींद को ही देखा जाए। हमारे आसपास ऐसे लोग आम हैं, जिनकी नजर में सोना वक्त गंवाना है। 'जो लोग सोते हैं, वे खोते हैं', इस आशय से कई कहावतें और उक्तियां भी हैं। अगर कोई व्यक्ति सोता हुआ दिख जाता है, तो उसे उसके बिगड़े हुए काम का कारण बताया जाता है। कुछ स्थितियों में यह सच भी हो सकता है।

मगर क्या हम हर वक्त नींद लेने को नकारात्मक ही मान कर कुछ गंवा तो नहीं रहे हैं? खासतौर पर ऐसे दौर में जब स्मार्टफोन में गुम रहने से लेकर कई बेमानी व्यस्तताओं की वजह से आंखों की नींद उड़ रही है, लोगों को नींद न आने की बीमारी जकड़ रही है। सवाल है कि क्या अच्छी नींद की कीमत रूपए पैसे, सोना चांदी या किसी अन्य बेशकीमती उपहार से आंकी जा सकती है? नहीं। नींद तो नींद होती है। इसकी भरपाई किसी दूसरी चीज से करना संभव नहीं।

एक गरीब आदमी को नींद की जितनी जरूरत होती है, उतनी ही उन्हें भी, जिनके घरों में रुपए बोरियों में भरे हुए हैं। भोजन पानी की तरह नींद भी दुनिया में रहने वाले हर शख्स की जरूरत है। नवजात बच्चे जितना ज्यादा सोते हैं, उतनी ही तेजी से बढ़ते हैं। बच्चे ही क्यों, बड़ों को भी नींद की उतनी ही जरूरत होती है। अब सवाल यह उठता है कि हमें नींद की जरूरत पड़ती क्यों है।

सोना जितना दिमाग के लिए जरूरी होता है, उतना शरीर के लिए भी। आमतौर पर हमें लगता है कि जब हम सो जाते हैं, तो हमारा दिमाग भी थककर सो जाता होगा। मगर ऐसा नहीं है। सोते समय हमारा दिमाग जीने के लिए जरूरी कई क्रियाकलापों में लग जाता है। एक तरह से कह सकते हैं कि हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के काम में सीधे तौर पर जुट जाता है, जो हमारे जागते हुए दिमाग के लिए करना संभव नहीं होता है।

इसे इस उदाहरण से समझ सकते हैं। अगर हमने कभी रात को अपनी नींद खराब की होगी, यानी किसी वजह से हम रात को सो नहीं पाए होंगे, तो अगले दिन अजीब-सी थकान या तनाव का अहसास होता है। काम करने में भी दिमाग का भरपूर इस्तेमाल नहीं हो पाता।

इसकी वजह यह है कि नींद का हमारे दिमाग की कार्यक्षमता से संबंध होता है। नींद दिमाग के काम करने के तरीके पर असर डालती है। दिमाग को लचीलेपन यानी संकेतों के हिसाब से ढलने की क्षमता के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी है। अगर हम बहुत कम सोते हैं, तो दिन में सीखी हुई चीजों को अपने भीतर स्थिर नहीं कर पाते और भविष्य में उन्हें याद रखने में ज्यादा दिक्कत होती है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि नींद दिमाग की कोशिकाओं से बेकार चीजों को हटाने में मदद करती है। जब दिमाग क्रियाशील होता है, यानी हम जाग रहे होते हैं, तो यह काम उतनी कुशलता से नहीं हो पाता है, लेकिन सोने के बाद दिमाग पर से अतिरिक्त भार खत्म हो जाता है और वह खुद को व्यवस्थित करने की क्रिया में जुट जाता है।



दिमाग के अलावा नींद बाकी शरीर के लिए भी बहुत जरूरी है। जब लोगों को पर्याप्त नींद नहीं मिलती, तो तरह-तरह की बीमारियां पकड़ने के खतरे बढ़ जाते हैं। अवसाद, दौरे, उच्च रक्तचाप और सिरदर्द के लक्षण और बढ़ने लगते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बीमारी और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

नींद चयापचय में भी भूमिका निभाती है। यह जानकर हैरानी होगी कि एक रात की नींद छूटने से भी एक स्वस्थ व्यक्ति में मधुमेह-पूर्व की स्थिति बन सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि जब हम सोते हैं, तब हमारा दिमाग दो अलग-अलग तरह की नींद लेता है। आरइएम (रैपिड-आइ मूवमेंट) नींद और गैर-आरईएम नींद। नींद की प्रक्रिया का पहला हिस्सा नान-आरईएम नींद है, जिसके चार स्तर होते हैं। पहला स्तर जागने और सोने के बीच का होता है।

दूसरा हल्की नींद होती है, जब दिल की धड़कन और सांस लेने की गति नियमित हो जाती है और शरीर का तापमान कम हो जाता है। तीसरे और चौथे स्तर में गहरी नींद होती है। पहले यह माना जाता था कि आरईएम नींद सीखने और याददाश्त के लिए सबसे जरूरी नींद का चरण है, लेकिन नए आंकड़ों से पता चला है कि गैर-आरईएम नींद इन कामों के लिए ज्यादा जरूरी है। यह नींद शरीर को अधिक आराम पहुंचाने वाली होती है।

जैसे ही हम आरईएम नींद में जाते हैं, बंद पलकों के पीछे आंखें तेजी से हिलती हैं और दिमाग की तरंगें जागृत अवस्था जैसी ही होती हैं। सांस की दर बढ़ जाती है। सपने देखते वक्त हमारा शरीर कुछ समय के लिए सुन्न की अवस्था में पहुंच जाता है।

यह चक्र चलता रहता है, लेकिन हर चक्र के साथ हम नींद के गहरे स्तर तीन और चार में कम समय और आरईएम नींद में ज्यादा समय बिताते हैं। एक रात में हम चार या पांच बार इस चक्र से गुजरते हैं। नींद का विज्ञान कुछ भी कहे। लेकिन हमारा अनुभव यह कहता है कि अच्छी नींद हमारे स्वस्थ रहने की कुंजी है। इसलिए कुछ भी हो जाए, नींद से समझौता नहीं होना चाहिए। नींद का चक्र अगर बाधित होता है, तो यह हमारी सेहत और व्यक्तित्व को बाधित कर दे सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आयेगा। रुके हुये कार्य आज शुरू हो जायेंगे।

**वृषभ**

कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। विद्यार्थियों को योजना बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिये।

**मिथुन**

विश्वासपात्र व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। ऐसा कोई काम न करें जो दूसरों के लिये असुविधाजनक हो। घरेलू खर्च के कारण तनाव होने की सम्भावना है।

**कर्क**

आप तय समय से पहले महत्वपूर्ण कार्य कर लेंगे। व्यापार में नये अनुबन्ध हो सकते हैं। आपके द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णयों की आज परीक्षा हो सकती है।

**सिंह**

घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। अपनी मन:स्थिति को मजबूत बनाये रखें। उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। नयी जॉब मिलने की सम्भावना बन सकती है।

**कन्या**

आज आपके सपने साकार होते हुये दिखाई दे रहे हैं। व्यापार के नये अवसर प्राप्त होंगे। आज दिन भर काफी भागदौड़ व व्यस्तता रहेगी।

**तुला**

सामाजिक स्तर पर लोगों के बीच पहचान बढ़ेगी। अपने व्यवहार को सहज और धैर्यवान बनाकर रखें। कारोबार में परेशानी होने की आशंका है।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में सहयोगियों से सम्बन्ध बहुत ही अच्छे रहेंगे। किसी पर भी आँख-मूँदकर भरोसा न करें। खोया हुआ बहुमूल्य सामान या धन वापस मिल सकता है।

**धनु**

कार्यक्षेत्र में टीम बनाकर काम करने से आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। मनोनुकूल कार्यों को आप अत्यधिक समय देंगे।

**मकर**

आज काफी अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अत्यधिक काम के साथ आपको भरपूर आराम भी करना चाहिये। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे।

**कुंभ**

पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बाजार में आपकी छवि अच्छी रहेगी।

**मीन**

विरोधी और आलोचक आपके सामने टिक नहीं पायेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को एक साथ पूर्ण करने में सफल रहेंगे। परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिल्पी सोनी राज की मौत पर न्यायिक कार्य से अलग रहे अधिवक्ता

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधिश नवादा, के शिल्पी सोनी राज के अकस्मात निधन पर व्यवहार न्यायालय दानापुर के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा के अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ में बैठक कर शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां सर्व सहमती से सभी अधिवक्तागण सोमवार को न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय लिया। वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने बताया कि स्वगीय शिल्पी सोनी राज जिला जज नवादा काफी समाजिक एवं व्यवहार कुशल थी। उन्हे कानुन कि अच्छी जानकारी थी पुरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ न्यायालय का कार्य करती थी। उनके अक्स्मात मृत्यू से न्यायिक विभाग को काफी क्षति हुई है। शोक सभा में संयुक्त सचिव सत्येन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष प्रभु नरायण शर्मा, गंग साहब, अशोक कुमार सिंह, सुरेश सिंह, नवाब लाल यादव, आर्य ऐश्वर्य, पुर्व महासचिव राजेश्वर यादव, संजय कुमार, सुरेन्द्र कुमार, बिंदेशवर प्रसाद, बिनोद कुमार देवेन्द्र प्रसाद, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### शराब पीकर हंगामा कर रहे दामाद को पुलिस से पकडबाया

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब के नशे में ससुराल जाकर हंगामा कर रहे दामाद को उसकी पत्नी और सास ने पुलिस को सूचना देकर उसे पकड़वा दिया है। दरअसल्या मामला मसौढी थाना क्षेत्र के रेमा गांव की हैं, जहां पर गिरफ्तार युवक देवव्रत कुमार पिता उपेंद्र कुमार रामनगर मसौढी का रहने वाला है जो सोमवार को वह अपने ससुराल मसौढी थाना के रेवां गांव में गया हुआ था जहां किसी बात को लेकर हुए कहा सुनी में वह शराब पीकर हो हंगामा करने लगा, जिसे देख उसकी पत्नी ने डायल 112 को कॉल कर दिया जहाँ पुलिस मौके पर पहुंची और जिसे गिरफ्तार कर थाने ले आई। है ससुराल वालों ने बताया कि शराब पीकर घर में खूब हो हंगामा कर उद्यम मचा रहा था।

### शिक्षा मे नवाचार हेतु मसौढ़ी के 18 शिक्षकों को जिला स्तरीय सम्मान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह मे मसौढ़ी के शिक्षा मे नवाचार हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने अठ्ठारह शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया।शिक्षा मे नवाचार कवाड से जुगाड़ थीम पर कार्य करते हुऐ शिक्षकों ने शिक्षण समाग्री का विकास कर प्रोजेक्ट बेस शिक्षण हेतू बेहतरीन कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान द बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर संस्थान के द्वारा आयोजित किया था। जहाँ सोमवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मसौढ़ी श्रीकुमार ने सभी पुरस्कृत शिक्षको को अपने कार्यालय मे सम्मानित कर शुभकामनायें दी और आगे और भी बेहतर कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर लेखा पाल प्रमोद कुमार,रंधीर कुमार,खुशबू कुमारी,उपस्थित रहे। सम्मानित किए गए शिक्षकों में प्रगति कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, रामशेखर शर्मा, रेवां, राजू सिंह, राजीव कुमार, शिव शंकर प्रसाद, मंजेश कुमार, कुंदन कुमार, ब्यूटी कुमारी, दीपक कुमार, रिया सिंह राखी कुमारी, रिंकी कुमारी. मो० नेयाज अहमद, सीता पासवान जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, शैलेश कुमार आदी।



### लोहे के रॉड से मारपीट कर किया अधमरा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जान से मारने की नीयत से एक व्यक्ति को रविवार की देर शाम को घेर कर उसे लोहे के रॉड से मारपीट कर अधमरा कर बेहोशी हालत में छोड़कर वह भाग गया, इस मामले में पीड़ित कश्मीरगंज निवासी मो.सफीक पिता मोहम्मद रफीक के दिए गए आवेदन के आलोक में जहानाबाद जिला के शेखपुरा पिंजौरा के रहने वाले राजा अंसारी पिता गुलाम मुस्तफा पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल बताया जाता है रोज की तरह पटना से काम कर घर लौट रहे मों.सफीक को रविवार की देर शाम को रहमतगंज के पास अचानक लोहे की रॉड से अंधाधुंध मारने लगा जिसमें वह गंभीर रूप में जख्मी होकर गिर गया और वह बेहोश हो गया जैसे तैसे सूचना मिली उसकी बेटी नूरजहां आई और अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराई, जहां होश पुलिस को फर्दब्यान देकर हत्या के प्रयास मामले की प्राथमिक की दर्ज करवाई है पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हैं।

### समर्पण, संकल्प और समान अवसर की मिसाल है 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026'

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अमितेश कुमार ने बताया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं होता है, वह आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और समाज को नई दिशा देने का माध्यम भी होता है। इसी सोच के साथ बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026' का आगाज 11 फरवरी से ऊर्जा स्टेडियम, पटना में होने जा रहा है। आयोजन सचिव के रूप में इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा, दोनों का विषय है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को पटना के अंगीठी रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब इस टूनामेंट की औपचारिक घोषणा की गई, तो यह स्पष्ट था कि यह आयोजन केवल दो दिनों का क्रिकेट टूनामेंट नहीं है, बल्कि दिव्यांग खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत, संघर्ष और आत्मबल का उत्सव है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य साफ है कि दिव्यांग खिलाड़ियों को ऐसा मंच देना, जहाँ वे बिना किसी सहानुभूति के, केवल अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर पहचाने जाएँ। खेल के माध्यम से समाज में यह संदेश देना कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि अलग तरह की शक्ति है। बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन के आयोजन सचिव डॉ. प्रभात चंद्रा ने बताया कि इस टूनामेंट में बिहार, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की दिव्यांग क्रिकेट टीमें हिस्सा लेगी। अलग-अलग भौगोलिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले ये खिलाड़ी जब एक मैदान पर उतरेंगे, तो खेल के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भी शानदार तस्वीर देखने को मिलेगी। डॉ. चंद्रा ने बताया कि टूनामेंट का उद्घाटन समारोह 11 फरवरी को सुबह 8:00 बजे ऊर्जा स्टेडियम में होगा। दो दिनों तक रोमांचक मुकाबलों के बाद 12 फरवरी को शाम 6:00 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा। इसके बाद रात 9:30 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता, उपविजेता सहित सभी भाग लेने वाली टीमों को सम्मानित किया जाएगा।



# बम की सूचना पर मसौढ़ी सिविल कोर्ट कैंपस को कराया गया खाली

## घंटों चला सघन तलाशी अभियान





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी सिविल कोर्ट समेत विभिन्न कोर्ट कैंपस में आरडीएस रखने की एक बार फिर से मेल से सूचना आने पर कोर्ट कैंपस को आनन-फानन में खाली कराया गया है। दरअसल यह सूचना सोमवार को 12 बजे पटना हाई कोर्ट के डीजे के मेल पर आई थी, सूचना मिलते ही सभी कोर्ट कैंपस को आनन फानन में खाली कराया गया है। उसके बाद स्थानीय पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम आकर पूरे कैंपस की तलाशी अभियान चलाई गई है।

बम की सूचना मिलने की यह घटना चौथी बार है। सबसे पहले 29 अगस्त को बम की सूचना मिली थी उसके बाद 16 अक्टूबर को बम होने की सूचना दी गई थी। फिर 8 जनवरी को और फिर आज यानी सोमवार को बम होने की सूचना मिली है। आरडीएक्स मिलने की सूचना से हर कोई के दहशत मे दिखे। गौरतलब है कि मेल पर आई सूचना मे लिखा गया है की तमिलनाडु के कांस्टेबलों को निवेथा पेयूराज और अन्य उद्ध्ड की रखैलों के कपड़े और गंदे बर्तन साफ करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई लोगों को इस वजह से अपमान और दस्त की समस्या हुई है। इसलिए, पूर्व एलटीटीई सदस्यों ने आजाद कश्मीर पाक आईएसआई सदस्यों के साथ मिलकर इस प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने और तमिलनाडु में कांस्टेबलों के लिए 1979 के नैनार दास पुलिस यूनियन की सिफारिशों को लागू करवाने के लिए आज आपकी कोर्ट को निशाना बनाया है। हमारी मांगों को सुनाने का हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है, माफ करें। इसके अलावा उन्होंने लिखा है की C-4 RDX का इस्तेमाल करके बनाए गए 3 FRDX IED पहले ही कोर्ट बिल्डिंग में आहम जगहों पर रख दिए गए हैं। 1 या 2 सदस्य लंच के समय कोर्ट ब्रांच के करीब आएंगे और जब रिमोट कंट्रोल ट्रिगर ले जा रहे एलटीटीई सदस्य परिसर के 100 फीट के दायरे में आएंगे तो IED अपने आप फट जाएंगे। अगर किसी वजह से वे एक्टिवेट नहीं होते हैं, तो सदस्य खुद बिल्डिंग के अंदर आएंगे और श्रीलंका के ईस्टर ऑपरेशन की तरह सभी स्टाफ और ग्राहकों के साथ खुद को उठा लेंगे। बहरहाल सिविल कोर्ट मसौढी के अभियोजन पदाधिकारी भरतजी ने बताया कि धमकी भरे मेल मिलने पर एहतियात बरतते हुए सभी कोर्ट कैंपस में सुरक्षा बलों को की सक्रियता बढ़ा दी गई है और पुलिस को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है सभी जगह पर सघन तलाशी अभियान चलाई जा रही हैं।

## बाढ़ पुलिस की बड़ी कामयाबी : शो रूम मालिक से लूटे गये 6 लाख रुपये 24 घंटे के अंदर बरामद



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 5 फरवरी को हीरो शो रूम के मालिक ललन कुमार से दो की संख्या में आये बाइक सवार ने 6लाख रुपये से भरे बैग को लेकर फरार हो गए थे। जिसके बाद अज्ञात लुटेरों के खिलाफ बाढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिनदहाड़े लूट की गई इस घटना को एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया था। ग्रामीण रढ कुंदन कुमार ने सोमवार को लगभग 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस ने एसडीपीओ और बाढ़ थानाध्यक्ष के नेतृत्व में घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्परता दिखाई और खगड़िया के कोढ़ा थाना क्षेत्र से लूटी गई पूरी 6 लाख रुपये को एक घर से बरामद किया। पुलिस के द्वारा जब घर की घेरा बंदी की भनक लगी तो अपराधी मौका देखकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि लुटेरा कोढ़ा गैंग का अपराधी है जो इस तरह की घटना को अंजाम देता है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं रुपये बरामद होने के बाद शो रूम के मालिक ने पुलिस को धन्यवाद दिया तथा खुशी व्यक्त की है। उनके साथी एवं ट्रैक्टर शो रूम के मालिक पंकज कुमार सिंह ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए पुलिस पर विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि पूरी रकम बरामद होना अपने आप में एक उपलब्धि है।

## विद्यालय में रसोईया से मारपीट, घर पहुंचकर बहू को भी पीटा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के लक्ष्मी टोला खगड़ीपर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार की सुबह रसोईया के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विद्यालय में रसोईया के पद पर कार्यरत लक्ष्मी टोला गांव निवासी धानो देवी के साथ दूसरी रसोईया संजू देवी के पुत्र ने विद्यालय परिसर में ही मारपीट की। आरोप है कि युवक ने धानो देवी का झोंटा पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया। बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे विद्यालय खुलने के बाद रसोईया धानो देवी और संजू देवी बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बना रही थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने संजू देवी के पुत्र नीरज कुमार को दे दी। सूचना मिलते ही नीरज कुमार विद्यालय पहुंचा और वहां मौजूद शिक्षकों व ग्रामीणों के सामने ही धानो देवी के साथ मारपीट करने लगा।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ में 13 सूत्री मांगों को लेकर किसानों ने दिया धरना

## एमएसपी और भूमि सर्वे को लेकर सरकार पर साधा निशाना



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड पर अखिल भारतीय किसान महासभा के धरना का आयोजन किया गया, जहां मसौढ़ी मुख्यालय पर शशि भूषण कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई,एवं धनरूआ प्रखंड मुख्यालय पर अध्यक्षता किसान नेता एवं पंचायत समिति सदस्य कामरेड चितरंजन पासवान ने किया, धरना को संबोधित अखिल भारतीय किसान महासभा के धनरूआ प्रखंड सचिव कामरेड निरंजन वर्मा किसान कॉमरेड राजाराम कुमार, किसान तुलसी प्रसाद, कामरेड बबलू चौधरी माले प्रखंड सचिव कामरेड़ अकलू पासवान, जितेंद्र राम इत्यादि लोगों ने संबोधित किया, लोगों ने बताया कि मोदी सरकार में अन्नदाता किसान सरकार के मोहताज है और 5 किलो अनाज के लिए कतार में खड़ा है किसानों को अपने फसल को लागत से कम दामों पर बेचना पड़ता है, एमएसपी मूल्य ढकोसला बनकर रह गया है, गरीब किसानों को बीज उर्वरक फर्टिलाइजर सरकारी मूल से डेढ़ गुना,या 2 गुना कीमत पर खरीदना पड़ता है, जिसके चलते किसान ऋण और महंगाई की बोझ के तले दबकर आत्महत्या करने पर मजबूर है। इसके अलावा बिहार सरकार द्वारा भूमि सर्वे के नाम पर गरीब किसानों को लूटा जा रहा है, किसानों को ऑनलाइन रसीद कटवाने नाम में सुधार करवाने खाता प्लॉट चढ़ाने के लिए मोटी रकम किसानों को देना पड़ता है, जीरामजी योजना को बंद कर पुनः मनरेगा बहाल करें, तीन कृषि कानून को रद्द करें ,60 वर्ष की आयु के किसानों को ₹10000 पेंशन की सुविधा करें आदि मांग है।

# दसवीं के छात्रों के लिए भावपूर्ण और उत्साहपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन




**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन, करजान रोड स्थित सत्यम टीचिंग सेंटर में कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भावपूर्ण और उत्साहपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए केवल विदाई का अवसर नहीं था, बल्कि उनके अब तक के परिश्रम, लगन और आगामी परीक्षा की तैयारियों को साझा करने का भी एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। समारोह की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा और उल्लास के साथ हुई, जहाँ छात्रों ने पूरे जोश और उमंग के साथ अपनी तैयारी और आत्मविश्वास को व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक क्षण भी देखने को मिले। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर आने वाले समय में अलग होने का दर्द साझा किया। वर्षों की दोस्ती, साथ बिताए पल और पढ़ाई के दौरान बने संबंधों की यादों ने माहौल को भावुक बना दिया। फिर भी, इस भावुकता के बीच भविष्य को लेकर उत्साह और दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा था। इस अवसर पर सत्यम टीचिंग सेंटर के संस्थापक सत्यम कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा और जीवन दोनों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और हार न मानने की जिद से मिलती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में चुनौतियाँ अवश्य आएँगी, लेकिन जो विद्यार्थी धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखते हैं, वही सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँचते हैं। उनके प्रेरक शब्दों ने छात्रों के मन में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार किया। समारोह का एक विशेष आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें पिछले माह बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा के प्रारूप पर आयोजित टेस्ट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में प्रखंड के भरोसीराय टोला निवासी रितिक कुमार ने 438 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सूर्या कुमार ने 430 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि ने अन्य छात्रों को भी बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों में आगामी परीक्षा को लेकर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। वे बेहतर प्रदर्शन करने और अपने संस्थान का नाम रोशन करने के संकल्प से ओत-प्रोत नजर आए। विदित हो कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होकर 25 फरवरी तक चलेगी। ऐसे में यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत बनकर सामने आया।

## न्यू स्टैण्डर्ड एकेडमी के वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड एकेडमी में वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कुम्हार विधानसभा के माननीय विधायक श्री संजय कुमार गुप्ता जी, वार्ड संख्या 29 के वार्ड पार्षद श्री विकास कुमार यादव जी, इरसर प्रदेश सचिव श्री राजकुमार जी, इरसर के सक्रिय कार्यकर्ता श्री शशि शेखर जी एवं विद्यालय के निर्देशक श्री उदय राय जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में माननीय विधायक श्री संजय कुमार गुप्ता जी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। वहीं वार्ड पार्षद श्री विकास कुमार यादव जी ने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों-नृत्य, गीत, नाटक एवं भाषण ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## पिपरा पुलिस ने 200 लीटर एवं लहसुना पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान मंगलवार को लहसुना पुलिस ने घोरहुआं गांव में सघन छापेमारी की जहां पर शराब बेचने वालों में इंदल मांझी, बिंदेश्वर यादव, और सुधा देवी को 20 लीटर देसी शराब और 150 लीटर जावा महुआ का घोल को जप्त करते हुए लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विभिन्न मुसहरी में सघन छापेमारी की जा रही है। लेकिन होली पर्व को लेकर खास तौर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसके अलावा दो दर्जन से अधिक भठ्ठियों को भी ध्वस्त की गई है। इसके अलावा पिपरा पुलिस ने बीते देर शाम को गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापित करते हुए छापेमारी की जहां चामुचक गांव के पास एक कार में देसी शराब ढोकर ले जाने की सूचना मिली थी, जहां उसे खदेड कर पकड़ने के दौरान वह चलती गाड़ी को छोड़कर वह कूद गया जहां कार से 200 लीटर देसी शराब बरामद की गई है।

## जिला जज के निधन पर श्रद्धांजलि

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज की आकस्मिक निधन पर मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय में शोक सभा का आयोजन किया गया, जहां न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मियों और अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। 2 मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, मौके पर एडीजे 1, एडीजे 2, एसडीजेएम, लोक अभियोजक समेत सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे। संघ के अरविंद कुमार की अध्यक्षता में हुए शोक सभा में सभी अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी शामिल थे। वहीं शोक सभा कर एक दिन का न्यायिक कार्य से ठप्प रहा।

## विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर हिलसा बाजार में भाकपा माले ने विभिन्न मांगों के समर्थन में आक्रोश पूर्ण मार्च निकाला। अमेरिका के साथ कृषि समझौता के खिलाफ, किसानों के सभी फसलों का बीमा करवाने, फसलों की मंडी की व्यवस्था करने, सिंचाई की समुचित व्यवस्था करवाने और बंद पड़े सभी नलकूपों को चालू करवाने न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने मनरेगा को पुनर्बहाल करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा की ओर से हिलसा में सड़कों पर प्रतिवाद मार्च में माले ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। आक्रोश पूर्ण मार्च का नेतृत्व किसान महासभा के जिला सचिव मुनी लाल यादव, सहसचिव दिनेश कुमार यादव व कामेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। यह मार्च काली स्थान से निकलकर वरुण तल सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ के पास पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई।सभा की अध्यक्षता किसान महासभा के सह सचिव दिनेश कुमार यादव ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजादी के 8 दशक बीत जाने के बाद भी किसानों के लिए ना तो सिंचाई का कोई स्थाई समाधान किया गया और ना ही फसल खरीद की मंडी की व्यवस्था की गई। आज किसान मेहनत की गाढी कमाई औने पौने भाव में मंडी के अभाव में बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूर है। जिससे बिचौलिया मालामाल और किसान कंगाल होते जा रहे हैं हद तो तब हो गई जब केंद्र की सरकार अमेरिका के साथ घुटने टेक कर अमेरिकी शर्तों पर भारतीय कृषि बाजार का समझौता कर लिया है।

# 1912 का खतियान, कैडस्ट्रल सर्वे और नजरी नक्शा के साथ नगर परिषद ने डाकबंगला की जमीन पर किया दावा

## मसौढ़ी का डाकबंगला किसका....?



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले कई वर्षो से मसौढ़ी शहर के बीचोबीच स्थित डाक बंगला की जमीन के अधिकार को लेकर नगर परिषद और जिला परिषद आमने-सामने हैं। लेकिन जिला परिषद की ओर से आज तक ठोस सबूत के तौर पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाये हैं।वहीं नगर परिषद प्रशासन ने पुराने कैडस्ट्रल सर्वे जो ब्रिटिश काल (1905-1925 के बीच) में तैयार किए गए थे,जहाँ पुराने दस्तावेज जो 1912 के खतियान व कैडेस्ट्रल सर्वे रिकॉर्ड, है जो जमीन के स्वामित्व और सीमाओं को कानूनी रूप से निर्धारित व प्रलेखित है, इसके अलावा नजरी नक्शा जो भूखंड की चौहद्दी (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम), आसपास की रोड, पक्के चिह्नों को दशार्ता है, इस आधार पर डाक बंगला के जमीन पर नगर परिषद दावा कर रहा है। नगर परिषद प्रशासन की ओर से बताया जा रहा है की थाना नंबर 144, खाता संख्या एक, प्लॉट संख्या 885 रकवा 2.85 और भूमी की किस्म गैर मजरूआ मालिक बाकब्जे बाग ठिकेदार है।ऐसे में यह नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में है और बिहार नगर पालिका अधिनियम के तहत जमीन नगर परिषद के अधीन आता है।वहीं कर्मचारियों के जांच प्रतिवेदन और अंचल राजस्व रिकॉर्ड में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने भी दिया जमीन का किस्म बताया है।बहरहाल यह कई वर्षों से भू स्वामित्व को लेकर मामला पेंडिंग है।हलांकि मसौढ़ी के कई समाजसेवीयों ने बताया कि जब टेकारी महाराज का दौर था उस वक्त यह पूरी जमीन और उसके बाद का हुए सर्वे के बाद की जमीन से देखा जा सकता है। नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी सह वार्ड पार्षद शंभू सिंह ने कहा कि जिला परिषद की ओर से एक भी दस्तावेज डाक बंगला होने का प्रस्तुत नहीं किया गया है सिर्फ तथाकथित के आधार पर डाक बंगला की जमीन को दावा कर रही है। जबकि नगर परिषद के पास बहुत सारे दस्तावेज हैं। गौरतलब है की 5 फरवरी को उपविकास आयुक्त के निरीक्षण के दौरान साक्ष्य प्रस्तुत के दौरान भी जिला परिषद में अपने सबूत नहीं पेश किया और आनन फानन में बीडीओ सह प्रभारी अंचलधिकारी के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया जिसमें थाना नंबर गलत अंकित की गई थी और खाता संख्या भी दशार्या नहीं गया था और ना ही कर्मचारियों की जांच का प्रतिवेदन था, शंभू सिंह ने सरकार से मांग किया है की डाक बंगला की जमीन पर चल रहे विवाद पर सरकार हस्तक्षेप करें और इस नगर परिषद को स्वतंत्र रूप से काम करने का आदेश दें ,ताकि मसौढ़ी शहर का विकास हो सके। डाक बंगला की परिसर में वेंडिंग जोन बन जाने से तकरीबन 600 फुटकर दुकानदारों को स्थाई रूप से स्थान मिलेगा, मार्केट कंपलेक्स बन जाने से फल मंडी, सब्जी मंडी, मछली मंडी तमाम फुटकर विक्रेताओं के लिए एक आश्रय स्थल हो जाएगा, मसौढ़ी शहर में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी आम अवाम को काफी सुविधा मिल सकती है।

## पीएम पोषण योजना को लेकर सीडीपीओ ने सभी सेविकाओं को दिया प्रशिक्षण



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक और समय पर गर्म भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्रों पर चलने वाले एमडीएम प्रोग्राम के लिए सीडीपीओ के द्वारा सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जहां सभी सेविकाओं को पोषण की मात्रा, हाथ धुलाई, स्वच्छता, रजिस्टर का रख रखाव आदी के बारे चर्चा की गई, सीडीपीओ अनीता कुमारी ने बताया की बच्चों को प्रति लाभार्थी प्रतिदिन के मेन्यू के अनुसार भोजन सामग्री (दाल, सब्जी, तेल, मसाले) का उपयोग करने के बारे में बताया गया है। वहीं भोजन खिलाने से पहले और बाद में बच्चों के हाथ धुलवाने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करना।इसके अलावा पोषाहार वितरण और सामग्री स्टॉक का उचित रिकॉर्ड (रजिस्टर) बनाए रखने का प्रशिक्षण भी दिया गया। खाना ताजा हो और बच्चों को सुरक्षित स्थान पर खिलाया जाए। कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं और रसोइयों को समय-समय पर ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण में सुधार करना है। खाना पकाने से पहले और बाद में रसोई घर की साफ-सफाई।

## संक्षिप्त समाचार

### नेत्रहीन की बेटी की शादी में एनजीओ फाउंडर ने की मदद

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए कवलपुरा पंचायत के मठिया गांव स्थित एनजीओ देसिक वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक विपिन पांडेय ने एक नेत्रहीन व्यक्ति की पुत्री के विवाह में आर्थिक और वस्त्र सहायता प्रदान की। जानकारी के अनुसार डीह छपिया गांव निवासी आंख से दिव्यांग व्यक्ति अपनी बेटी की शादी को लेकर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। बताया जाता है कि वह पहले दिल्ली में राजमिस्त्री का कार्य करता था, लेकिन कार्यस्थल पर गिरने से सिर में गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद उसकी आंखों की रोशनी चली गई। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए एनजीओ फाउंडर विपिन पांडेय ने स्वयं आगे बढ़कर सहयोग किया। उन्होंने बताया कि लड़की की शादी में कपड़े और नगदी राशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक उत्तरदायित्व का सराहनीय उदाहरण बताया।

### ताला तोड़कर विद्यालय में हुई चोरी, हजारों का सामान गायब

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड़ पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बभनौली के कार्यालय का ताला तोड़कर हजारों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली गई है। इसको लेकर प्रधानाध्यापक नाजरा खातुन ने मैनाटांड़ थाना को एक लिखित आवेदन दिया है।साथ ही जांच कर कारवाई करने की मांग की है। एचएम ने बताया की सोमवार को जब वह विद्यालय पहुंची तो देखा की कार्यालय का ताला टूटा हुआ है।जब वह कार्यालय के अंदर प्रवेश की तो कार्यालय में रखा हुआ अलमिरा का भी ताला टूटा हुआ था। कार्यालय में रखे गए ब्लूटूथ ट्रॉली स्पीकर, माइक्रोफोन, रिमोट, चार्जर, साउंड सिस्टम, विभाग द्वारा प्रदत्त टैब फोन आदि सहित अन्य समानो की चोरी कर ली गई है।वहीं कार्यालय के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष सह उप मुखिया धनंजय कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। इधर थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है।चोरी की घटना की जांच की जा रही है।

### सीओ ने की जनसुनवाई, आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सात निश्चय योजना 3 के तहत सोमवार को अंचल कार्यालय मैनाटांड में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ आशीष आनंद ने आम जनता से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी जमीन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीओ आशीष आनंद ने सभी आवेदनों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया, जबकि शेष मामलों में संबंधित कर्मियों को शीघ्र जांच करने का निर्देश दिए। इधर जनसुनवाई में काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

### शराब व बाइक जब्त,एक धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर पुलिस ने बीरंची बाजार के पास से बाइक से शराब लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया 10 लीटर शराब,एक बाइक के साथ डमरापुर के विजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### मशरक के चिकित्सक 'होम्योपैथी रत्न अवार्ड' से सम्मानित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक स्टेशन रोड निवासी मां मानकी होम्योपैथिक क्लीनिक के निदेशक और प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. राम प्रकाश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित होम्योपैथी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है।



यह सम्मान उन्हें कजाकिस्तान स्थित विश्व प्रसिद्ध कैस्पियन विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. राम प्रकाश को यह सम्मान होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवा, आधुनिक शोध कार्य, मरीजों को सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सेवा में निरंतर नवाचार के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों-रवि प्रकाश सिंह मंटू, अजीत सिंह, सोहन महतो, अमित सिंह, अजय सिंह, अमर सिंह, चन्द्रमा सिंह, रामाधार सिंह, बीरबल प्रसाद कुशवाहा, कुमार रजनीश उर्फ झुनना पांडेय सहित कई लोगों ने बधाई दी। डॉ. राम प्रकाश ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने मरीजों के विश्वास, सेवा भावना और होम्योपैथी के वैज्ञानिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य होम्योपैथी को आधुनिक तकनीक और शोध के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है।

### बाल विवाह मुक्त समाज के लिए जागरूकता रथ रवाना

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार व नारायणी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर सोमवार को मशरक में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों व कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर (बाल विवाह) अखिलेंद्र सिंह और बंगरा पंचायत के उपमुखिया शिव कुमार यादव मौजूद रहे। दोनों ने संयुक्त रूप से थाना परिसर से जागरूकता रथ को विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। माता-पिता के साथ विवाह में सहयोग करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक की सजा या एक लाख रुपये तक का जुमार्ना अथवा दोनों हो सकते हैं।

### गहमागहमी के बीच मशरक बीडीसी की बैठक संपन्न

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रतिनिधि सभागार में सोमवार को पंचायत समिति (बीडीसी) की बैठक प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बीडीओ पंकज कुमार, बीपीआरओ, मनरेगा पीओ, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक में मनरेगा, बिजली, स्वास्थ्य, जनवितरण प्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। कई पंचायतों के प्रतिनिधि स्वयं उपस्थित होने के बजाय प्रतिनिधि पति भेजे गए, जिस पर कुछ सदस्यों ने आपत्ति भी जताई। बैठक के दौरान मुखिया और बीडीसी सदस्यों के अधिकार क्षेत्र को लेकर गहमागहमी देखने को मिली। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप ने 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की विस्तृत जानकारी दी और सभी जनप्रतिनिधियों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

### मातृत्व शिविर में सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष मातृत्व शिविर का आयोजन किया गया। नगर और प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आई सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की तमाम चिकित्सीय जांच की गई। डॉ. चन्द्रशेखर सिंह और डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 15 और 21 तारीख को गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका विशेष उपचार सुनिश्चित किया जाता है। डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि गर्भावस्था की पहली तिमाही में हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, एचआईवी जांच एवं अल्ट्रासाउंड कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी संभावित जटिलता का समय रहते पता लगाया जा सके।

### युवक ने पोखरे में डूब रहे दो मासूमों की बचाई जान

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के गोंढ़ा गांव स्थित पोखरा में सोमवार की दोपहर हुए हादसे में दो मासूम बालकों की जान स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता और एक युवक की बहादुरी से बच गई। घटना के बाद क्षेत्र में राहत की भावना देखी गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार धरणी दास के मठिया के घोड़ा मोहल्ला निवासी सलीम अंसारी के चार वर्षीय पुत्र अरशद अली और मोजिम अंसारी की ढाई वर्षीय पुत्री सफा पोखरा के किनारे खेलते-खेलते गहरे पानी की ओर चले गए। अचानक पैर फिसलने से दोनों बच्चे पोखरे में डूबने लगे। इसी बीच दाउदपुर से सन्यासी बाजार के रास्ते मांझी लौट रहे प्रत्यक्षदर्शी रजनीश कुमार सिंह की नजर बच्चों पर पड़ी।

# ट्रक और बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में भारतझनेपाल को जोड़ने वाले आईसीपी बाइपास रोड पर देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। मृतक की पहचान रक्सौल प्रखंड की हरनाही पंचायत निवासी मुखिया जाफिर के पुत्र सज्जाद के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि सज्जाद ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से



तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत नाजुक बताई है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने भीड़ हटाकर सड़क खाली कराई, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस हादसे की खबर से हरनाही पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग और पंचायत प्रतिनिधि पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। वहीं प्रशासन से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग भी उठने लगी है।

# नेपाल के बीरगंज में तस्करी के गोदाम पर छापेमारी के दौरान पुलिस पर हमला

**रक्सौल (नेपाल/भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे बीरगंज शहर में तस्करी के सामान से भरे एक गोदाम पर छापेमारी करने पहुंची सशस्त्र पुलिस बल पर हमला किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को बीरगंज शहर क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में अवैध तस्करी के सामान के भंडारण की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सशस्त्र प्रहरी बल की टीम ने गोदाम पर छापेमारी की। इसी दौरान वहां मौजूद असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया। कुछ पुलिसकर्मियों को चोट लगने की भी सूचना है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**



का कहना है कि सीमा क्षेत्र में लंबे समय से तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है, लेकिन इस तरह खुलेआम सशस्त्र पुलिस पर हमला होना कानून-व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। नेपाल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी है और हमलावरों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि तस्करी नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल नेपाल बल्कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है, जहां पहले से ही तस्करी, अवैध कारोबार और आपराधिक गतिविधियों की शिकायतें सामने आती रही हैं।

# परीक्षार्थियों से भरी टेम्पो और कार की टक्कर, आधा दर्जन छात्राएं घायल

## घायल छात्राओं की इंटरमीडिएट की परीक्षा छूटी, घायलों का इलाज जारी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लौरिया मुख्य मार्ग के जयमंगलापुर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक टेम्पो और कार की भिड़ंत हो गई। इस घटना में लौरिया के अलग-अलग गांवों से इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए नरकटियागंज सेंट्रल स्कूल जा रही आधा दर्जन परीक्षार्थी घायल हो गई। जिनका इलाज लौरिया पीएचसी किया। वही टेंपो चालक और एक अभिभावक समेत आठ घायलों को बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायल छात्राओं की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी लाल बाबू राम की 16 वर्षीय पुत्री अनिशा कुमारी, परसा मठिया गांव के रामनरेश यादव की 15 वर्षीय पुत्री प्रिती कुमारी, मठिया पडरी गांव के किशोर यादव की 18 वर्षीय पुत्री पुष्पा कुमारी, मठिया गांव के मोतिलाल यादव के 18 वर्षीय पुत्री निप्पु कुमारी, गन्नू यादव की 18 वर्षीय पुत्री रेशमी कुमारी, बृर्ती टोला मठिया गांव की कृष्णा साह की 18 वर्षीय पुत्री संगीता कुमारी के रूप में की गई है। वहीं टेम्पो चालक की पहचान मठिया गांव निवासी संदीप कुमार एवं मठिया गांव के ही अभिभावक रामनरेश यादव के रूप में हुई है। वही घटना के बाद टेम्पू सवार आधा दर्जन छात्राओं का परीक्षा छूट गया। घायल रामनरेश यादव ने बताया कि सभी छात्राओं के साथ वह इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलवाने के लिए टेम्पो से नरकटियागंज के सेन्ट्रल स्कूल आ रहे थे। इसी दौरान जयमंगलापुर पेट्रोल पंप के समीप जब टेम्पो पहुंचा, तभी सामने से आ रही उजला रंग की कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें टेम्पो पर सवार सभी छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्होंने बताया गांव की 3 छात्राओं हल्की चोटे लगी थी। बाकि 1 अधिक चोट लगी थी, जबकि 2 की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के संबंध में शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस को भेजा गया था। टेंपो और कार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# इंटर की परीक्षा के दौरान छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ी, डॉक्टरों ने किया रेफर

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर सोमवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा के छठे दिन एक परीक्षार्थी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद छात्रा के परिजन उसे एंबुलेंस से मोतिहारी ले गए। उक्त परीक्षार्थी की पहचान ढाका थाना क्षेत्र के चंदनबाड़ा गांव निवासी जुमन अंसारी की पुत्री आफरीन बेगम के रूप में हुई है। इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्राधीक्षक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा द्वितीय पाली में इतिहास की परीक्षा देने आई थी। इस दौरान परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले ही उसकी तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परीक्षा केंद्र पर मौजूद एएनएम ने उसकी जांच की। लेकिन छात्रा की स्थिति बिगड़ते देख एंबुलेंस से उसे समीप के अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद इसकी सूचना छात्रा के परिजनों को दी गई। केंद्राधीक्षक ने बताया कि उक्त पाली की परीक्षा देने से छात्रा वंचित हो गई है। उन्होंने बताया उक्त केंद्र पर परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में हिंदी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 154 में से 152 उपस्थित रहें। जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। वही दूसरी पाली में इतिहास विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 609 में 606 उपस्थित रहे व तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। कार्यालय सहायक के रूप में शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, रवि कुमार रवि, आदित्य राज, विनोद कुमार, किरण सिंह, मदन पासवान, चंद्रिका कुमार, हरि प्रकाश, खालिद हसमुल्लाह आदि ने परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग किया।



# बेतिया पहुंचे प्रशांत किशोर सरकार पर साधा निशाना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी बिहार नवनिर्माण यात्राह्व के दूसरे दिन बेतिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से सीधा संवाद किया और बिहार की मौजूदा राजनीतिक व प्रशासनिक स्थिति पर तीखा हमला बोला।प्रशांत किशोर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से बड़े-बड़े लोकलुभावन वादे किए गए थे, लेकिन सरकार बने अभी केवल दो महीने ही हुए हैं और



राज्य में अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को गंभीरता से यह समझना होगा कि जिन वादों के आधार पर उनसे वोट मांगा गया था, वे कितने खोखले साबित हो रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि किसी भी तरह सत्ता में बने रहना है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज अपनी इस यात्रा के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर जाकर सच्चाई जनता के सामने रखेगा और लोगों को जागरूक करने का काम करेगा।राष्ट्रीय राजनीति से जुड़े सवाल पर प्रशांत किशोर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और लोकतंत्र में उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। यदि उन्हें सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया गया, तो कांग्रेस द्वारा इसका विरोध किया जाना स्वाभाविक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

# खैरवा पोखर के पास युवक का संदिग्ध हालात में शव बरामद



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरवा पोखर के समीप एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के महोदीपुर पंचायत के वार्ड संख्याद्ट1 निवासी 19 वर्षीय इरफान अंसारी के रूप में हुई है। वह जाकिर हुसैन का पुत्र बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है।परिजनों के अनुसार इरफान अपने गांव के आस मोहम्मद गद्दी के पुत्र अफसरुल गद्दी की बारात में शामिल होने गया था। बारात से लौटने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। देर रात तक परिजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।इसी दौरान सोशल मीडिया के जरिए सूचना मिली कि महना आश्रम के पास नहर किनारे एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान इरफान के रूप में की।सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया। थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। वहीं एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र और निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं।

## जन सुनवाई के दौरान आवास योजना में उगाही का मामला उठा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बनवरिया पंचायत के मढिया गांव में आवास योजना में नाम जोड़ने को लेकर अवैध उगाही का मामला सामने आया है। सोमवार को प्रखंड कार्यालय में लगे जन सुनवाई के दौरान मढिया निवासी सूर्य मांझी, तिलकधारी मांझी, मदन राम, राजेन्द्र मांझी, हरि मांझी, झुना मांझी समेत 1 दर्जन ग्रामीणों बीडीओ से आवास योजना में उगाही को लेकर शिकायत किया है। ग्रामीणों ने बीडीओ से कहा कि पीएम आवास योजना के सर्वे में नाम जोड़ने के लिए वार्ड सदस्य व आवास सहायक द्वारा राशि की उगाही की गई है। वहीं रुपये नही देने पर उन्हें योजना से वंचित कर दिया गया है। बीडीओ ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा की आवास समेत अन्य किसी भी योजना में अगर किसी भी सरकारी कर्मी या प्रतिनिधि द्वारा रुपये की मांग की जाती है तो लोग अविलंब लिखित शिकायत दे।

# हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ उमेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर काम करने एवं जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने में अपना अहम योगदान देने के लिए प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार को विगत रविवार को पटना में हेल्थ केयर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन फिजियोकॉन 2026 के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा डॉ उमेश कुमार को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में डॉ उमेश कुमार द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस एवं इसके आधुनिक इलाज विषय पर एक रिसर्च व्याख्यान भी दिया गया। जिससे वहां प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर आए हुए चिकित्सक एवं छात्र लाभान्वित हुए। डॉ उमेश कुमार ने बताया कि कोई भी अवार्ड छोटा या बड़ा नहीं होता है। प्रत्येक अवार्ड एक नई




ऊर्जा एवं जोश के साथ पहले से ज्यादा बेहतर करने का जिम्मेदारी बढ़ा देता है। इस प्रकार के अवार्ड मिलने पर जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है। बता दें कि डॉ उमेश कुमार चिकित्सा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी भरपूर रुचि रखते हैं एवं समय-समय पर गरीब असहाय रोगियों के लिए निशुल्क शिविर लगाकर भरपूर सेवा भाव से कार्य करते रहते हैं। अलग-अलग गंभीर बीमारियों के लिए समाज में जागरूकता कार्यक्रम का भी नियमित आयोजन करते रहते हैं। इससे पहले भी डॉ उमेश कुमार को चिकित्सा रत्न, चंपारण रत्न, आईकॉनिक डॉक्टर आफ बिहार अवार्ड, ग्लोबल बिहार नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड, ट्रेंड सेटर बिहार अवार्ड, समेत दर्जनों अवार्ड से अलग-अलग मंचों के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जो हम सभी के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

## टीटीई का रुपए लेते वीडियो वायरल, टीटीई को किया निलंबित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सप्तक्रांति सुपरस्टार ट्रेन में यात्रिओ से टीटीई द्वारा रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यात्रियों से 2 से 300 रुपए लेकर यात्रियों को छोड़ दिया जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नवबिहार टाइम्स अखबार नहीं करता है। वही वीडियो वायरल होने पर रेल मंडल समस्तीपुर के अधिकारियों के संज्ञान लिया है और संबंधित टीटीई को निलंबित कर दिया है।

# उद्यमियों को मिलेगा हर संभव सहयोग, समस्याओं का त्वरित समाधान : जिलाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के तहत औद्योगिक विकास को विशेष प्राथमिकता देते हुए आज जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में 'उद्यमी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमियों ने भागीदारी की और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को जिला प्रशासन के समक्ष रखा। उद्यमी संवाद में स्थानीय उद्यमियों ने जिले में उद्योगों की स्थापना, सुचारू संचालन एवं विस्तार से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। जिला पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण द्वारा नियमित इस प्रकार का विमर्श किया जाएगा, जिससे



उद्यमी अपनी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह संवाद नए उद्यमियों के लिए नई संभावनाओं और अवसरों का द्वार खोलता है और इसके माध्यम से पूर्वी चंपारण जिले को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास सभी के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन उद्यमियों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों ने विभिन्न प्रकार की लाइसेंसिंग, भूमि आवंटन, बिजली कनेक्शन, कर संबंधी मुद्दों और विभागीय समन्वय जैसी विभिन्न समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अग्निशमन, पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा, माप-तौल जैसे विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा भूमि परिवर्तन से संबंधित मुद्दों की नियमित निगरानी की जाएगी। इससे उद्यमियों को समय पर सभी आवश्यक अनुमतियां मिल सकेंगी और उनके कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। साथ ही, बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे उद्यमियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए किसानों को बाजार से जोड़ने (मार्केट लिंकेज) और भंडारण से संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकटवा में माता समिति होगी गठित

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकटवा कन्या में मंगलवार को नए तरीके से विद्यालय शिक्षा समिति का गठन होगा। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से नई गाइडलाइन जारी की गई है। अब स्कूलों में बनने वाली शिक्षा समिति में 17 की जगह 18 सदस्य शामिल होंगे। साथ ही हर कोटि के बच्चों की मां भी विद्यालय शिक्षा समिति में शामिल की जाएंगी। इसको लेकर सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालय को निर्देश जारी कर दिया गया है। विद्यालय शिक्षा समिति के गठन के लिए बिहार शिक्षा परियोजना की ओर से फार्मेट जारी किया गया है। नई विद्यालय शिक्षा समिति का चयनित कार्यकाल तीन साल का होगा।हर तीन साल के बाद फिर नए अभिभावक समिति में शामिल होंगे। जिसमें अलग-अलग कोटि के बच्चों की मां ही इसमें सदस्य होंगी। मां के नहीं रहने पर ही पिता को विद्यालय शिक्षा समिति में शामिल किया जाएगा। वहीं, हर स्कूल को समिति गठन करने के साथ ही संबंधित बच्चे का नाम व पता स्कूल के बोर्ड पर लगाना होगा और इसकी जानकारी प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर भी देनी होगी। नई गाइडलाइन में स्कूल की योजनाओं, विकास कार्यों और वित्तीय गतिविधियों में विद्यालय शिक्षा समिति की भूमिका पहले से अधिक मजबूत कर दी गई है। शिक्षा विभाग की नई गाइडलाइन के तहत शिक्षा समिति को न केवल निगरानी बल्कि निर्णय प्रक्रिया में भी सीधा अधिकार दिया गया है। स्कूल में किसी योजना को लागू करने से पहले अभिभावकों और बच्चों की सहमति जरूरी होगी।

**Name Change**

1, Nawratna Mandal, S/O Jaldhar Mandal, Permanent Resident of Telia Bhawanipur, PO- Telia Bhawanipur, PS-Banka, Dist.-Banka, Pin- 813103, Bihar do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That according to Aadhaar Card my wrongly name is Nawratna Mandal and my father's name is Jaldhar Mandal bearing Aadhaar no. is 6351 8636 6415. 2. That in my Aadhaar Card my name to be Kumar Navratna Singh in place of Nawratna Mandal and my father's name to be Jaldher Prasad Singh in place of Jaldhar Mandal.

# 12.445 किलोग्राम गांजा के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के समीप ओबरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में संलिप्त एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को सूचना मिली थी कि वाहन पर सवार होकर गांजा तस्कर ओबरा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही ओबरा पुलिस दल-बल के साथ शंकरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंची और वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान ओवर ब्रिज से उतरकर एक महिला और एक पुरुष संदिग्ध अवस्था में इधर-उधर जाने लगे, जिसे देखकर पुलिस ने शक के आधार पर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान 30 वर्षीय नीरज कुमार उर्फ पांडू तथा 35 वर्षीय रीता देवी, पति मंतोष राम, ग्राम गमहारी, थाना ओबरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 12.445 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सामने आया कि रीता देवी पूर्व में भी 31 किलोग्राम गांजा के साथ जेल जा चुकी है। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि जनवरी 2025 में दाउदनगर के प्रमोद चौक से गांजा के मामले में जेल भेजे गए थे। बरामदगी को ओबरा पुलिस की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा की बरामदगी पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

## सोन दियारा में पुलिस की छापेमारी, तीन शराब भट्टी ध्वस्त, 225 लीटर शराब बरामद



**ओबरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ओबरा थाना क्षेत्र के महादेवा गांव स्थित सोन दियारा में रविवार को पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें तीन अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया। पुलिस के अनुसार सोन दियारा के टीला क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान अवैध रूप से संचालित तीन शराब भट्ठी को नष्ट किया गया तथा करीब तीन हजार लीटर महुआ जावा को विनष्ट किया गया। इस दौरान 75 लीटर शराब लदी एक अपाचे मोटरसाइकिल, दस गैलन में रखी करीब 150 लीटर देशी महुआ शराब, कुल मिलाकर 225 लीटर शराब बरामद की गई। इसके साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त छह छोटे-बड़े आकार के एल्युमिनियम के तसला भी जब्त किए गए। पुलिस की भनक लगते ही शराब कारोबार में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अवैध शराब निर्माण में शामिल लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण, परिवहन और खरीद-बिक्री के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा और किसी भी स्थिति में अवैध कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कैथी से मरवतपुर होते भैया मखरा पोकठा सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**ग्रामीणों ने विभाग के एसडीओ को घेरा**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत कैथी से मरवतपुर, भैया मखरा होते हुए पोकठा जाने वाली सड़क के कालीकरण कार्य में घोर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ग्रामीण कार्य विभाग के प्रति आक्रोश जताया और मौके पर पहुंचे विभाग के एसडीओ को घेर लिया। बताया गया कि क्रमांक संख्या 6 एवं क्रमांक संख्या 53 के अंतर्गत लगभग 5 किलोमीटर 553 की लंबाई में 321 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप है। ग्रामीणों और शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल , राहुल राज, अर्जुन शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, लवकुश शर्मा, बबलू मेहता सहित अन्य लोगों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण सड़क निर्माण की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। आरोप है कि आगे से कालीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पीछे किए गए कार्य में सड़क उखड़ने और खराब होने की स्थिति सामने आ रही है। इस संबंध में शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ रंजीत कुमार को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही दाउदनगर अनुमंडल के ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ रंजीत कुमार के कनीय अभियंता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीओ को घेरकर पूरे मामले की जांच की मांग की। जांच के दौरान सड़क कालीकरण कार्य में अनियमितता की बात सामने आई। मौके पर एसडीओ रंजीत कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए बताया कि प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां लेयर में घटिया अलकतरा का प्रयोग हुआ है, वहां उसे हटाकर पुनः मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाएगा।ग्रामीणों ने विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि आगे भी इसी तरह कार्य किया गया तो क्षेत्र के ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए विरोध करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क का कालीकरण कार्य पूरी तरह मानक के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए।

# प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चे चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रेरणा अनुभवात्मक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय बारुण में किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन नवोदय विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार सिंह, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता, प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय देव के अध्यापक ओम प्रकाश सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया। नवोदय विद्यालय बारुण के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय स्तर से चयनित दो - दो बच्चों का जिला स्तर पर कई गतिविधियों और साक्षात्कार के माध्यम से अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। जिसके पश्चात अंतिम रूप से चयनित दो बच्चों को गुजरात के बड़नगर भेजा जाएगा। जहां उन्हें प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्कूल और अन्य दर्शनीय व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह सात दिवसीय भ्रमण का कार्यक्रम होगा। प्रथम चरण में एक विद्यालय से अधिकतम दो विद्यार्थियों को ही भाग लेने का प्रावधान था। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और दोनों बच्चे प्रथम चरण को पार कर साक्षात्कार के लिए चयनित हो गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने हर्ष वयक्त करते हुए कहा कि प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में वर्ग नवम् के मीठी कुमारी ने कविता लेखन और संदीप कुमार ने चित्रकला में चयनित होकर विद्यालय और प्रखंड का नाम रौशन किया है। विद्यालय के शिक्षक प्रशांत कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम तैयार कर भेजा गया था। यह विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।




## उमगा पहाड़ पर हैं 200 से अधिक औषधी प्रजाति के पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर स्थित उमगा पहाड़ औषधीय पौधों से भरा है। बता दें कि पहाड़ पर 200 से अधिक औषधीय पौधों की पहचान की गई है जो विभिन्न रोगों के लिए कारगर है। दक्षिण भारत एवं हिमालय में पाए जाने वाले पौधे की प्रजाति भी पहाड़ पर है। पिकटोरिया पौधा दक्षिण भारत के जंगलों में पाया जाता है जो इस पहाड़ पर देखा गया है। इस पौधे का बीज दर्द की दवा में उपयोग होता है। इस पौधे की बीज को हाथी भी पसंद करते हैं। पहाड़ पर मुसलीकंद, बिदारीकंद, गुड़मार, अष्टगंध, श्रृंगारहार, सतावर, गोखुल, कोरैया समेत विभिन्न प्रजाति के पौधे उगे हैं। उमगा मंदिर के पुजारी दिलीप पाठक ने बताया कि पहाड़ पर कई प्रजाति के औषधीय पौधे हैं।

# मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 133 विद्यार्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों का चयन किया। इस प्लेसमेंट अभियान में क्यू-स्पाइडर, याज़ाकि इंडिया लिमिटेड, हाई-टेक नेक्स्ट टेलिकॉम प्राइवेट लिमिटेड, इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड जैसी नामी कंपनियों ने सहभागिता की और बड़ी संख्या में छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अब तक महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के 32, असैनिक अभियंत्रण विभाग के 23, विद्युत विभाग के 21, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के 23 एवं यांत्रिकी विभाग के 14 छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के कुल 113 छात्रों को अब तक कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जॉब प्राप्त हो चुका है। उपयुक्त सभी चयनित छात्रों को 3-5 लाख के सालाना पैकेज पर जॉब ऑफर हुई है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने कहा कि यह मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव हमारे छात्रों की मेहनत, प्राध्यापकों का मार्गदर्शन तथा संस्थान की तकनीक आधारित शैक्षणिक नीति का प्रतिफल है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भविष्य में भी हम उद्योग-संस्थान सहयोग को और सशक्त करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राचार्य में महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल को भी इस आयोजन के लिए बधाई दी। महाविद्यालय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. अविनाश कुमार एवं डेप्युटी टीपीओ प्रो आनन्द राज ने भी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। साथ ही प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो अविनाश कुमार ने बताया कि मार्च में कई अन्य बड़ी कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आने वाली है। इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज प्रो चंदन कुमार, सिविल विभाग//*ष्णकांत चौबे सहित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रो धर्मेंद्र कुमार, प्रो. निधि कुमारी, प्रो. अमित केशरी, प्रो अमरजीत कुमार, डॉ शीलू कुमारी सहित अन्य सदस्यों ने चयनित छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# औरंगाबाद न्यायालय में बम की खबर से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय परिसर में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक परिसर में बम होने की सूचना मिली। इस खबर ने न केवल अधिवक्ताओं और वादकारियों, बल्कि वहां मौजूद आम लोगों में भी दहशत पैदा कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर कुछ देर के लिए कोर्ट की कार्यवाही को भी रोकना पड़ा। बम की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर आ गया। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। सुरक्षा बलों ने पूरे कोर्ट परिसर की घेराबंदी कर दी और एक-एक कोने की सघन तलाशी ली जा रही है। पुलिस सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि काफी देर तक चली जांच और सर्च ऑपरेशन के बाद अब तक कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस अभी भी अलर्ट है और हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह सूचना किसने और किस माध्यम फोन या मैसेज से दी थी। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है लेकिन पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जांच पूरी होने तक पूरी तरह मुस्तैद बनी हुई हैं। वहीं आज न्यायालय कार्य पूरी तरह बाधित रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस तरफ की खबर से आज उन्हें काफी परेशानी हुई लेकिन पुलिस को इस मामले की जांच कर पूरी खुलासा करना चाहिए। वहीं औरंगाबाद पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है ।



# 'परीक्षा पे चर्चा' सह प्रतियोगिता, 80 छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**बारुण (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बारुण में सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' सह बहुआयामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 40 विद्यालयों से आए 80 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ सिन्हा कॉलेज के प्रो. ओमप्रकाश सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य आर.के. सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य आर.के. सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को मंच देना है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों ने पेंटिंग, निबंध लेखन, गायन सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के उपरांत कुल 30 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा, जिनमें से 2 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। चयनित दो विद्यार्थियों को गुजरात स्थित एक वर्नाकुलर स्कूल में सात दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण का अवसर प्राप्त होगा, जहां वे देश की विविध शैक्षणिक संस्कृति से रूबरू होंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली, जिससे विद्यालय परिसर रचनात्मक संवाद और सीखने की तरंगों से भर उठा।

# पतेया में 13 फरवरी से तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के पतेया गांव में आगामी 13 फरवरी से शिव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को ले तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ धर्मनुरागी सज्जनवृद आनंदकंद सच्चिदानंद श्रीपति भगवान की असीम अनुकंपा से आयोजन किया गया है। वहीं पंडित अखिलेश मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण से यज्ञ का शुभारंभ होगा। कमिटी के सदस्य बिपीन सिंह, अरविंद सिंह, पंचम सिंह, विनोद सिंह, उदय सिंह चंद्रवंशी, गया सिंह चंद्रवंशी, नवल प्रसाद, अमरेंद्र प्रसाद, रिंटू सिंह, विकास सिंह, मयंक सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह, बसंत सिंह, राजा ठाकुर, अजीत चंद्रवंशी, अमरजीत पासवान, दिनेश प्रजापति सहित ने बताया कि शिव प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। बताया कि यज्ञ की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। श्रद्धालुओं के लिए भोजन व पेयजल की व्यवस्था की गई है। बताया कि 13 फरवरी को जलयात्रा, मंडप प्रवेश व मंडप पूजन, 14 फरवरी को जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं गांव भ्रमण, 15 फरवरी को भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा व हरिकीर्तन किया जाएगा। वहीं अंतिम दिन 16 फरवरी को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा। इसके साथ ही रात्रि में कलाकारों द्वारा रामलीला व रासलीला की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी।



# 80 प्रतिशत से अधिक लाने वाले परीक्षार्थी होंगे पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के न्यू एरिया स्थित स्टार डिजिटल क्लासेस में दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा घोषणा की गई कि मैट्रिक परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पांच हजार रुपये तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पांच हजार रुपये के साथ एक नई साइकिल प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान डिजिटल बोर्ड का भी उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन संजय सिंह कॉलेज के अध्यक्ष एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रो. संजय सिंह यादव, पैक्स अध्यक्ष सह उपमुखिया ओमप्रकाश कुमार भारती उर्फ गुड्डू यादव तथा दिनेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डॉ संजय सिंह यादव ने बताया कि 90 प्रतिशत लाने वाले छात्र-छात्राओं को संजय सिंह कॉलेज के तरफ से एक साइकिल दिया जाएगा।

संस्थान के संचालक गणेश कुमार ने बताया कि विदाई समारोह से पूर्व छात्र-छात्राओं का फाइनल टेस्ट लिया गया था। इसमें प्रवीण कुमार ने प्रथम, अंजली कुमारी ने द्वितीय तथा अनुराग कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्टडी टेबल, मोमेंटो एवं पेन बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।




## हसपुरा में बिजली विभाग का विशेष शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बिजली विभाग की ओर से सोमवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नए कृषि कनेक्शन प्रदान करने के साथ-साथ बिजली विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में किसानों और उपभोक्ताओं की अच्छी-खासी भागीदारी देखने को मिली। नए कृषि कनेक्शन के लिए परनपुरा, इटवां सहित आसपास के कई गांवों से किसानों ने आवेदन जमा किए। इसके अलावा बिजली बिल में गड़बड़ी, अधिक बिल आने जैसी समस्याओं के समाधान के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए।

# हलिमचक के जर्जर पुल से कभी भी हो सकता है हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार पुल-पुलिया के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च करती है परंतु जर्जर पुलों की स्थिति पर ध्यान नहीं देती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जर्जर पुलों के कारण लोग परेशान हैं। ऐसा ही एक उदाहरण प्रखंड के हलिमचक गांव में देखने को मिलता है जहां का पुल पिछले एक दशक से जर्जर है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है वहीं सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है। इस जानलेवा पुल पर कोई दुर्घटना होगी यह कहना मुश्किल है। रात के समय यहां कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु भगवान का शुक्र है कि अबतक किसी की जान नहीं गई। इधर पुल निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कई बार पुल की मरम्मत की मांग उठाई है परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हलिमचक, परनपुरा एवं आसपास के ग्रामीण इसी पुल से गुजरते हैं। ग्रामीण संजय कुमार, ललन सिंह, देवनाथ प्रसाद ने बताया कि पुल के जर्जर होने के कारण लोग अपनी बाइक से पुल से नीचे से गुजरते हैं परंतु वर्षा के दिनों में जलजमाव के कारण यह जोखिम भरा हो जाता है। वर्षा में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। मजबूरन ग्रामीण दूसरे रास्तों से जाने में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। गांव में एक सरकारी स्कूल भी है जहां छात्र-छात्राएं पुल से गुजरकर जाते हैं। पुल की स्थिति के कारण छात्रों और शिक्षकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही पुल की मरम्मति करने की मांग की है। इतना होने के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों का ध्यान पुल की मरम्मति के प्रति नहीं है।



# पशुपालन सह प्राथमिक पशु चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** पशुपालन सह प्राथमिक पशु चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए प्रखंड मुख्यालय परिसर में रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रभारी नरेश पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर 45 दिनों तक चलेगा जो 23 फरवरी से शुरू होगा। प्रखंड मुख्यालय परिसर के वसुधा केंद्र में 10 फरवरी से 21 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को गो-पालन, भैंस पालन, भेड़ तथा बकरी पालन, मुर्गी तथा मछली पालन तथा जानवरों के प्राथमिक चिकित्सा व टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपए लिए जाएंगे। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के लिए 50 रुपए की विशेष छूट तथा निर्धन व असहाय प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद लिखित जांच परीक्षा कराई जाएगी जिसका शुल्क समिति के निर्णय अनुसार अलग से देय होगा। प्रशिक्षण उपरांत सबों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।



# इंटर परीक्षा के दौरान दर्जनों छात्राएं बेहोश, परीक्षा केंद्र की बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर मुहल्ला स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज में इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब द्वितीय पाली में दर्जनों छात्राएं अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना से परीक्षा केंद्र में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सदर अस्पताल की एंबुलेंस मंगायी गयी और बेहोश छात्राओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। बेहोश होने वाली छात्राओं में रतनुआ की रिया कुमारी, नगर थाना क्षेत्र की प्रियांशु कुमारी, संडा साड़ी की गुलाबशा परवीन, मंशारा की फरजाना परवीन, बंधुआ की साहिन परवीन समेत कई अन्य छात्राएं शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार अधिकतर छात्राओं की हालत घुटन, कमजोरी और अत्यधिक तनाव के कारण बिगड़ी है। छात्राओं और परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इंटरमीडिएट की परीक्षा बेहद कठिन और अमानवीय परिस्थितियों में ली जा रही है। परीक्षा भवन में प्रवेश करते ही ड्यूटी में तैनात कर्मियों द्वारा छात्राओं को डराया-धमकाया जाता है. किसी भी अनावश्यक सामान के मिलने पर सस्पेंड करने की धमकी दी जाती है, जिससे छात्राओं में भय और मानसिक दबाव बना रहता है। परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा भवन में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है. भीड़ अधिक होने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती जा रही है। द्वितीय पाली में परीक्षा शुरू होने के लगभग एक घंटे बाद कुछ छात्राएं बेहोश हुईं, जिन्हें तुरंत सदर अस्पताल भेजा गया। इसके करीब ढाई घंटे बाद अचानक एक साथ दर्जनों छात्राएं बेहोश हो गईं। परीक्षा कक्ष में हवा का पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण सांस लेना मुश्किल हो गया था। फुटपाथी विक्रेता संघ के अध्यक्ष शशि सिंह ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा कड़ी परीक्षा व्यवस्था के नाम पर केवल हवाबाजी की जा रही है। सख्ती के नाम पर छात्रों को परेशान किया जा रहा है, जबकि परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि जब तक बैठने, हवा और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं होंगी, तब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी। घटना के बाद छात्राओं के परिजनों में भी आक्रोश देखा गया। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और परीक्षा केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। सीएस शिल्पी रानी ने बताया कि एग्जाम के दौरान एक लड़की घर से मिर्गी का दवा खाकर नही आई थी। इसके कारण उसकी तबियत बिगड़ गयी। उसके परिजनों ने भी कहा कि दवा खाकर न जाने के कारण तबियत बिगड़ा, हालांकि उन्होंने दर्जनों छात्रों को बेहोश होने की बातों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि दो-तीन छात्राएं बेहोश हुई थी। कुछ बच्चों ने नाटक भी किया। जब चिकित्सकों से इलाज कराया गया तो सबकुछ ठीक पाया गया।



# बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार ग्रामीण बैंक की ओर से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन औरंगाबाद कला जत्था के टीम लीडर सह बिरहा गायक मगध सम्राट अखिलेश यादव के नेतृत्व में किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल लेन-देन, बचत खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह ऋण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कलाकारों ने रोचक एवं सरल अंदाज में लोगों को समझाया कि साइबर ठगी से कैसे बचें, अपना एटीएम पिन एवं ओटीपी किसी के साथ साझा न करें और केवल बैंक की अधिकृत सेवाओं का ही उपयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बैंक में खाता खोलने, नियमित बचत करने तथा डिजिटल भुगतान को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित बैंक अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना और लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर उप मुखिया कृष्ण कुमार गुप्ता, बीसी कृष्ण गुप्ता, लाल यादव, धनंजय कुमार, सरजुन कुमार, श्याम कुमार, पुष्पा रानी एवं मुकेश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और बैंकिंग सेवाओं से जुड़े अपने प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की।

# एनटीपीसी बरौनी में आनंद मेला का आयोजन

## व्हील चेयर और सिलाई मशीन का किया गया वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी टाउनशिप में 7 और 8 फरवरी 2026 को मैत्री लेडीज क्लब द्वारा दो दिवसीय आनंद मेला 2026 का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। मेले का शुभारंभ शनिवार की संध्या को विभिन्न परियोजनाओं के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संगीता गोयल (अध्यक्ष, सुजाता लेडीज क्लब, ईआर-क्र मुख्यालय), श्रीमती सी.वी.एल. अनुराधा (अध्यक्ष, मंदाकिनी लेडीज क्लब, बाढ़) एवं डोलन चंपा घोष (अध्यक्ष, मैत्री लेडीज क्लब, बरौनी) तथा अन्य क्लबों की वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहीं। साथ ही सी सत्य रामा कृष्ण, परियोजना प्रमुख (बाढ़), जयदीप घोष, परियोजना प्रमुख (बरौनी), ए. के. त्रिपाठी, जीएम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस), देवकांत सरस्वत जीएम (मेंटेनेंस एंड एडीएम) श्री एवं प्रशांत कुमार सामल, एचआर हेड (बाढ़) की भी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह के उपरांत केक काटकर एवं गुब्बारे छोड़कर मेले की औपचारिक शुरुआत की गई। इसके बाद एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिभाओं और परंपराओं की रंगारंग झलक देखने को मिली। मेले के दौरान मैत्री लेडीज क्लब द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक सराहनीय पहल भी की गई। इस अवसर पर समीपवर्ती परियोजना क्षेत्रों से दिव्यांगजनों को सहयोग प्रदान करने हेतु 10 व्हीलचेयर तथा जरूरतमंद महिलाओं को आजीविका सशक्तिकरण के उद्देश्य से 5 सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें खाने-पीने के विशेष स्टॉल मैत्री लेडीज क्लब की सदस्यों द्वारा संचालित किए गए। स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ खेल एवं मनोरंजन से जुड़े स्टॉलों ने मेले को खास आकर्षण प्रदान किया और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए यह एक यादगार अनुभव बना।मेले के दूसरे दिन टाउनशिप के बच्चों एवं निवासियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने पूरे वातावरण को रंग, उमंग और उल्लास से भर दिया।अंत में लकी डिप ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रीमती डोलन चंपा घोष, अध्यक्ष, मैत्री लेडीज क्लब, बरौनी ने एनटीपीसी बरौनी टीम एवं मैत्री लेडीज क्लब की सभी सदस्यों को मेले के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।इस आनंद मेले ने बरौनी टाउनशिप के निवासियों के जीवन में उल्लास और खुशी का संचार किया। सुखद स्मृतियों के साथ आनंद मेला समाप्त हुआ।

# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पुलिस ने नावकोठी से असलहे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक नावकोठी के ही राम विनोद पासवान का पुत्र जीतो कुमार है। सूचना मिली कि थाना चौक से पश्चिम कृष्णा मोटरसाइकिल रिपेयरिंग सेन्टर पर वह अपने अन्य साथियों के साथ हथियार के साथ बैठा हुआ है। सूचना के सत्यापन हेतु एसआई रंजीत कुमार को दल बल के साथ सूचना स्थल पर भेजा गया। पुलिस की गाड़ी देखते ही दो व्यक्ति भागने लगे। पुलिस बल ने खदेड़ कर एक युवक को अपने गिरफ्त में लेने में कामयाब रहा जबकि दूसरा युवक भागने में कामयाब रहा। हिरासत में लिये युवक की तलाशी लेने पर कमर में खोसा हुआ देसी कट्टा बरामद किया गया। शस्त्र अधिनियम के तहत कांड अंकित कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पुलिस ने नशेड़ी सहित दो को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### शराब के खिलाफ अभियान

**भगवानपुर।** भगवानपुर थाना ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए शराब के खिलाफ अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में शराब पीकर हंगामा कर रहे एक युवक को विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया, जबकि दूसरी कार्रवाई में 8 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पानसल्ला गांव निवासी नवीन सिंह के पुत्र अभिनव कुमार को भगवानपुर थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव से गिरफ्तार किया गया। वह शराब पीकर हंगामा कर रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से आफ्टर डार्क कंपनी की 750 एमएल की एक बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई अजय कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ गेहूनी बदीया गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गेहूनी बदीया गांव निवासी लखींद्र पासवान के पुत्र राकेश पासवान को उसके घर से 8 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में थाना कांड संख्या 29/26 दर्ज करते हुए आरोपी को भी अग्रिम कार्रवाई के तहत व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।

# नशे में धुत्त तीन पियक्कड़ों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। हथौड़ी थाना की पुलिस ने रहटौली पंचायत के रहटौली गांव से नशे की हालत में हंगामा कर रहे तीन पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रहटौली गांव निवासी गुंजा पासवान के पुत्र पंकज पासवान, इसी गांव निवासी नरेश राम के पुत्र संजीव कुमार तथा भतही गांव निवासी मकसूदन साफी के पुत्र रामनारायण साफी के रूप में की गई है इस संबंध में जानकारी देते हुए हथौड़ी थाना के अपर थानाध्यक्ष मुखराम सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी शराब पीकर नशे की हालत में रहटौली गांव की सड़क पर हंगामा व नौटंकी कर रहे थे, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और नशा करने व कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# अगलगी में नौ दुकानें जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआं बाजार पर रविवार की रात आग लगने से नौ दुकानें जलकर राख हो गई। जिससे लाखों रुपये की संपति जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है के द्वारिका साह के फल और मिठाई दुकान से रात करीब 10 बजे आग की लपटे स्थानीय लोगों को दिखाई दिया। देखते ही देखते नौ लोगों की दुकान को आग ने अपने आगोश में ले लिया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक अचरज लाल के टोला निवासी सिद्धनाथ साह के पुत्र ईश्वर साह, स्व सीना साह के दो पुत्रो द्वारिका साह व सुग्गा साह, ईश्वर साह के पुत्र डब्लू साह, स्व केशव पंडित के पुत्र तारकेश्वर पंडित, नन्हकू साह के पुत्र महेंद्र साह, दुकान गोंड के पुत्र हरे राम गोंड का दुकान जलकर राख में तब्दील हो गई। वहीं बाजार पर नरगदा गांव निवासी स्व नन्हकू सिंह के पुत्र सत्येंद्र सिंह, हरिनारायण महतो के पुत्र आनंद महतो की दुकान भी आग से जल गयी। गौरतलब हो कि बलुआ में सड़क किनारे दुकाने है। जिसमें इसके पूर्व दो बार अगलगी की भेंट चढ़ चुकी है। दुकानदारों को लगातार भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

### अगलगी में हजारों का नुकसान

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रहियार उत्तर पंचायत के कोची गांव के वार्ड नंबर 10 निवासी सीता देवी पति शिव शंकर पंडित के टाट फूस एवं कर्कट की घर में रविवार की रात्रि अचानक आग लग गई। आग लगने से घर के बक्सा में रखें महाजन को देने के लिए कर्ज के 50 हजार रुपए नगद, कपड़ा, छात्रा की सर्टिफिकेट, मोबाइल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए। बताया जा रहा है कि सीता देवी अपने पूरे परिवार के साथ घर में सोई हुई थी इस दौरान आधी रात को अचानक आग की लपट घर के पीछे से उठने लगा और पड़ोस के किसी व्यक्ति ने इसकी जानकारी जोर-जोर से आवाज लगाकर की। तब घर के सीता देवी और लक्ष्मी कुमारी की नींद खुली तो जोर-जोर से आस-पास के लोगों को बुलाया। इस दौरान आसपास के लोगों ने बाल्टी के साथ पानी लेकर भीषण आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि सीता देवी किसी कंपनी से लोन लेकर कर्ज चुकाने के लिए पैसा अपने घर में रखी हुई थी। उनके पति शिव शंकर पंडित मेहनत मजदूरी करने प्रदेश में रह रहे हैं। पीड़ित महिला ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से जाति की भरपाई की मांग की है। मौके पर मुखिया धर्मेंद्र कुमार मंडल, समाजसेवी संजय कुमार सहनी पूर्व मुखिया उदन सहनी आदि ने मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।

# पीएम का किया पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मटिहानी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बेगूसराय अंचल परिषद की ओर से भारत अमेरिका समझौता के विरुद्ध मोदी एवं डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया। कमली महतो स्मारक भवन रजौरा से पुतला के साथ जुलूस निकाला गया जो विभिन्न मार्गो से होते हुए सरस्वती मंदिर चौक एसएच 55 पर पहुंचकर पुतला दहन किया गया। अंचल मंत्री कां श्याम बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अंचल प्रभारी अनिल कुमार अंजान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने घुटना टेक चुके हैं। भारत अमेरिका समझौता के नाम पर मोदी देश को गिरवी रखने जा रहे हैं। किसान से खेती एवं पशुपालन तथा मजदूर से रोजगार छीनने वाला यह समझौता है। इससे महंगाई, बेरोजगारी एवं बिजली बिल में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। चार श्रम कोड खारिज करवाने, मनरेगा योजना चालू करवाने और साल में 200 दिन रोजगार दिलवाने, स्किल वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्ज़ा दिलवाने, ठेका प्रथा बंद करवाने, स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलवाने एवं बुलडोजर राज के खिलाफ 12 फरवरी को 10 श्रमिक संगठन, सेवा संगठन, किसानों से संबंधित संगठनों की ओर से आहूत राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान कॉ अंजान ने किया। कार्यक्रम को पार्टी नेता कां इंद्रदेव कुमार, चंद्र मोहन शाह अकेला, सुनील कुमार, उमेश सिंह, रविंद्र पासवान, टुनटुन तांती, राम जी तांती, रौशन कुमार, सुधांशु कुमार, सागर तांती, हरदेव तांती, गोविंद कुमार, रामबली तांती आदि भी शामिल थे।

# जिलास्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** शहर के गांधी स्टेडियम में सोमवार को बिहार राज्य खेल प्राधिकरन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के अस्थि दिव्यांग, दृष्टिबाधित, बौद्धिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी ऑटिज्म एवं बहु दिव्यांग सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में 50 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 11 फरवरी को मुंगेर प्रमंडल में होने वाले प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की की। सोमवार को चैम्पियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि कला एवं सांस्कृतिक विभाग पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी एवं उपस्थित दिव्यांगजन खिलाड़ियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम कुमार साहनी सर ने बच्चों को मार्गदर्शित करते हुए कहा इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करना, उन्हें खेल के माध्यम से आगे बढ़ना और एक उचित मंच प्रदान करना है।जिला सचिव दिव्यांगजन जोशी कुमार ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों बताते हुए कहा प्रकृति ने भले ही हम दिव्यांगजन को चुनौतियां दी हों। लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से हम खिलाड़ी राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। समाज के समावेशी विकास के लिए ऐसे खिलाड़ियों का साथ देना जरूरी है। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। आज के प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रशिक्षक दीपक कुमार दीप, मणिकांत, आदित्य अम्बर, रामपुनित, रौशन कुमार रॉय एवं अन्य प्रशिक्षक तथा अजय, धीरज, आफताब आलम, दीपक, विकाश विनोद शर्मा आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

# पशुओं का किया गया निःशुल्क टीकाकरण

## चार माह से ऊपर के सभी पशुओं का किया जाएगा टीकाकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में पशुओं में होने वाले विषाणु जनित रोग एफएमडी से बचाव हेतु टीकाकरण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख इंद्रजीत कुमार एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बैद्यनाथ राय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भगवानपुर में किया गया। यह कार्यक्रम 27 फरवरी तक चलाया जाएगा। जिसमें निजी टीकाकर्मी घर-घर जाकर 4 माह से ऊपर के सभी पशुओं यथा गाय भैंस बाछी एवं पारी का टीकाकरण करेंगे। विदित हो की खुरहा एवं गंभीर विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जिसमें पशुओं को तेज बुखार मुंह एवं खूर में फफोले निकल जाते हैं जो बाद में फूट जाता है तथा पशु कमजोर हो जाता है, एवं उसकी उत्पादकता घट जाती है। इस रोग का बचाव टीकाकरण से ही संभव है डॉ0 बैद्यनाथ राय ने पशुपालकों से अधिकाधिक पशुओं का टीकाकरण करा कर इस बीमारी के उन्मूलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की ??। प्रखंड के लिए 23000 टीका का डोज निर्धारित है मौके पर इंद्रदेव राय अशोक राय डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेश कुमार मोबाइल वेटनरी यूनिट के पशु चिकित्सक डॉक्टर सुब्रत द्विवेदी पाराभेट सरवन कुमार, राजू कुमार, परिचारी संजीव, छोटेलाल, सतीश एवं टीकाकर्मी गंगा प्रसाद राय, मनोज दास, भुवन, चमन, राजेश, सिंटू, राजेश रंजन, चंदन, गोविंद आदि उपस्थित थे।

### बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में सोमवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला सर्जन डा शोभा रानी ने 18 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलॉजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया।मौके पर डा हिमांशु, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# गर्भवतियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठ।** प्रखण्ड क्षेत्र के पीएचसी में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी एवं डॉ चंदन मिश्रा ने 52 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें 2 महिलाएं एनीमिक पाई गई। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। डॉ चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। सभी लाभुकों को कैलशियम, आयरन की गोली दी गयी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम ऊषा कुमारी, सीएचओ राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, जूली कुमारी, भारती कुमारी, विक्रांत कुमार एल टी पंकज जोशी एवं कई एएनएम सहित आशा कार्यकर्ता व लाभुक मौजूद थे।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर हिलसा बाजार में भाकपा माले ने विभिन्न मांगों के समर्थन में आक्रोशपूर्ण मार्च निकाला। अमेरिका के साथ कृषि समझौता के खिलाफ, किसानों के सभी फसलों का बीमा करवाने, फसलों की मंडी की व्यवस्था करने, सिंचाई की समुचित व्यवस्था करवाने और बंद पड़े सभी नलकूपों को चालू करवाने न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने मनरेगा को पुनर्बहाल करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा की ओर से हिलसा में सड़कों पर प्रतिवाद मार्च में माले ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। आक्रोश पूर्ण मार्च का नेतृत्व किसान महासभा के जिला सचिव मुनी लाल यादव, सहसचिव दिनेश कुमार यादव व कामेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। यह मार्च काली स्थान से निकलकर वरुण तल सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ के पास पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता किसान महासभा के सह सचिव दिनेश कुमार यादव ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजादी के 8 दशक बीत जाने के बाद भी किसानों के लिए ना तो सिंचाई का कोई स्थाई समाधान किया गया और ना ही फसल खरीद की मंडी की व्यवस्था की गई। आज किसान मेहनत की गाढी कमाई औने पौने भाव में मंडी के अभाव में बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूर है। जिससे बिचौलिया मालामाल और किसान कंगाल होते जा रहे हैं हद तो तब हो गई जब केंद्र की सरकार अमेरिका के साथ घुटने टेक कर अमेरिकी शर्तों पर भारतीय कृषि बाजार का समझौता कर लिया है। आने वाले दिनों में किसनों की हालत और गंभीर हो जाएगी यानी सोची समझी साजिश के तहत देश के सरकार राज्य के सरकार खेत- खेती और किसानी को कॉर्पोरेट के हवाले करने की जा रही है। सिंचाई परियोजना में अरबों रूपया खर्च करके खास करके फल्गु नदी से मुहाने और जलवार नदी का मुंह बंद करके हिलसा के पश्चिमी पाट बाढ़ और पूर्वी पाट सूखे का दंश झेल रहा है।किसान महासभा यह मांग करती है की अविलंब किसानों की अमेरिका कृषि समझौता को पुनः रद्द करें और बंद पड़े सभी नलकूपों को चालू किया जाए साथ ही साथ जितनी भी नदियां है उत्तरी बिहार की नदियां को दक्षिण बिहार से जोड़कर नहरों का जाल बिछाया जाए और मुहाने नदी की अभिलंब खुदाई की जाए।

# पीएचसी में गर्भवतियों की हुई एएनसी जांच

## 120 से अधिक महिलाओं को दी गई गर्भनिरोधक दवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों की दी गई जानकारी

**भगवानपुर।** पीएचसी भगवानपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैंप में परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 120 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। इस कैंप में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को समझाया गया और जरूरीचिकित्सा परामर्श भी दिए गए। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरिन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डॉ राजकमल एवं डॉ किरण की उपस्थिति में एलटी फिरोज आलम, सीएचओ नवीन, राखी एएनएम श्वेता आदि के द्वारा किया गया। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया कि प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंतजांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से किसी भी प्रकार की परेशानी का शुरुआती दौर में ही पता चल जाने से उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। खानपान के बारे में बताते हुए सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल की टेबलेट व ओआरएस दी गई। तथा योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन की दवाइयां दी गयी। मौके पर डाटा ऑपरेटर अर्चना सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। गर्भवती महिलाओं के नाश्ता का कोई प्रबंध न देखा गया।

### मंत्री ने किया मेला का उद्घाटन

**वीरपुर।** प्रखंड के ऐतिहासिक नौला गढ़ गांव में आयोजित चार दिवसीय बजरंगबली मेला का उद्घाटन रविवार की देर शाम बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बजरंगबली मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।मंत्री ने कहा कि ऐसे मेलों से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने मेला को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। मौके पर मुखिया रीचा देवी, सहित जनप्रतिनिधि, मेला समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सीसीटीवी तोड़ने एवं रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

## पीड़िता द्वारा पांच लोगों पर आरोप लगाते हुए मामला कराया गया दर्ज

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाने के महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा में अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने तथा रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता मो कलीम की पत्नी असबदी खातुन ने पांच से छह अज्ञात लोगों के द्वारा सीसीटीवी कैमरे तोड़ने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि घर के सभी सदस्य भोजन कर सो गए थे। खटखट एवं खरखराहट की आवाज सुनकर उनकी नींद खुली तो बाहर आकर देखा कि उपरोक्त लोगों के द्वारा सीसीटीवी कैमरे को तोड़ते हुए पाया। मेरे मना करने पर गाली गलौज करते हुए 20 हजार रुपए रंगदारी की मांग की गई। सभी का चेहरा गमछे से ढके होने के कारण पहचान नहीं पाई। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने कांड अंकित कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

### पशु टीकाकरण पखवाड़ा शुरू

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में एक पखवाड़े तक चलने वाले एफ एम डी टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा विष्णु प्रभाकर ने पशुओं को टीका देकर सोमवार से शुरूआत किया। उन्होंने कहा कि इस टीकाकरण से पशुओं में होने वाले मुंह पका, खुरपका (भंजा) रोगों पर नियंत्रण हो जाता है तथा पशु स्वस्थ रहते हैं। गो वंश की रक्षा हेतु सभी नौ पंचायतों के 19100 पशुओं को यह टीका देकर प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में भी एम यू के अतिरिक्त 15 टीका कर्मियों की तैनाती की गई है। ये टीका कर्मी पंचायत के सभी बथानों का भ्रमण कर चार माह आयु वर्ग के बछड़े, गाय, भैस को एफ एम डी का टीका लगायेगें। मौके पर रणवीर कुमार, संतोष कुमार, रोहित कुमार, संजय कुमार, अभिलेष कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमन कुमार आदि मौजूद थे।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में सोमवार की शाम गंभीर अवस्था में भर्ती कराए गए 60 वर्षीय विधा राय (निवासी डीह छपिया, तरैया) को चिकित्सक डॉ. एस. के. विद्यार्थी ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए मशरक सीएचसी लाया गया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत बता दिया। घटना के बाद घर में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

CMYK

# रोगियों को सम्मानजनक व्यवहार एवं बेहतर चिकित्सा देने का निर्देश

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहादुरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सेवाओं, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहादुरपुर में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया गया, जहां गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की जा रही थी। जिला पदाधिकारी ने आवश्यक चिकित्सीय परामर्श, जांच एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले सभी रोगियों को सम्मान के साथ आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा आवश्यकता के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिला पदाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं के और अधिक प्रभावी एवं सुचारु क्रियान्वयन के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तारिक मंजर एवं स्वास्थ्य प्रबंधक रेवती रमण प्रसाद को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विकसित हर्बल गार्डन का भी अवलोकन किया। हर्बल गार्डन के सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय जिला लेखा प्रबंधक बसंत कुमार झा, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक रवि रंजन, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रेवती रमण प्रसाद, प्रखंड लेखा प्रबंधक शिव भोला शंकर, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक विजय प्रकाश, काउंसलर सौरभ कुमार, रीना कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भागलपुर में विशेष नियमित टीकाकरण अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु विशेष नियमित टीकाकरण का प्रथम अभियान सोमवार से आरंभ हुआ। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार एवं यूनिसेफ के समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के सभी सोलह प्रखंड मुख्यालयों और अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्म से दो साल के बच्चों के लिए टीकाकरण शुरु किया गया है, जो आगामी 14 फरवरी तक चलेगा। इसके साथ ही जिले में कुल 639 सत्रों का प्लान किया गया है और इसके अंतर्गत 1088 गर्भवती माता एवं 6234 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि इस लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति की जाएगी। इधर विशेष टीकाकरण अभियान का द्वितीय चरण 9 मार्च और तृतीय चरण 7 अप्रैल से प्रारंभ की जाएगी। इस अभियान में यूनिसेफ, डब्लू एच ओ,यूएनडीपी, पीसीआई, जे एस आई आदि का सहयोग लिया जा रहा है।

# नशे की हालत में दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना पुलिस ने बनवारी अमनौर गांव निवासी देवनाथ महतो व कटेया गांव निवासी प्रमोद तिवारी को शराब के नशे में उत्पात मचाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बताया गया है कि ग्रामीणों ने दोनों के व्यवहार की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया। जांच-पड़ताल के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

## फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**एकमा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एकमा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के मरवठ गांव निवासी भोला राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वह पूर्व में दर्ज मारपीट के एक मामले में नामजद अभियुक्त था और कई सप्ताह से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी की कार्रवाई में पुलिस ने उसे दबोच लिया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# मिक्सर मशीन वाहन की चपेट में आकर बाइक पर सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचिंग जा रहे थे दोनों छात्र**

**दानापुर।** सोमवार की शाम दानापुर थाना क्षेत्र के एक्वा सिटी, लखनी बीघा पुलिस चौकी के करीब मिक्सर मशीन वाहन की चपेट में आकर कोचिंग जा रहे बाइक पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीचक के रहने वाले स्वर्गीय अरविंद राय के 17 वर्षीय पुत्र रितेश एवं जितेंद्र कुमार के 16 वर्षीय पुत्र सुधांशु कुमार उर्फ लालू के रूप में हुई है। हादसे के बाद वाहन चालक अपनी वाहन छोड़कर फरार हो गया। वही सूचना पर पहुंचे परिजन और स्थानीय लोग जमकर हंगामा किया। उन्होंने आगजनी करते हुए सड़क को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची दानापुर पुलिस लोगों को समझा बूझकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मौजूद मृतक के रिश्तेदार चमन यादव एवं बिंदेश्वरी राय ने बताया कि रितेश 11वीं का छात्र था वह सगुना मोड़ स्थित एक कोचिंग में पढ़ता था। सोमवार की शाम उसे कोचिंग छोड़ने के लिए पास के रहने वाले जितेंद्र कुमार ने अपनी बाइक पर बैठाकर ले जा रहा था। एक्वा सिटी के पास लखनीबीघा पुलिस चौकी के पहले पहुंचने पर पीछे से आ रहे मिक्सर मशीन वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक बगल के डिवाइडर पर जा चढ़ा। वही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े, मगर वाहन दोनों को कुचलते हुए फरार हो गया। हादसे में सुधांशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पास गुजर रहे लोगों ने गंभीर रूप से जख्मी रितेश को पास के निजी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोगों की हंगामे की खबर सुन दानापुर के थानाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज एवं एएसपी शिवम धाकड़ घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने परिजनों को सात्वना और उचित कानूनी कार्रवाई करने का हवाला दे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि मिक्सर मशीन वाहन का चालक फरार हो गया है। वाहन के नंबर से उसके मालिक एवं चालक का पता लगाया जा रहा है। जो कानूनी प्रक्रिया है वह की जाएगी।

## परीक्षा समाप्ति पर छात्रों ने मनाया जश्न, आवागमन बाधित

**मांझी (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मांझी स्थित दलन सिंह हाई स्कूल में इंटर परीक्षा सोमवार को समाप्त होते ही परीक्षार्थियों ने सड़क पर उतरकर जमकर जश्न मनाया।

पहली पाली की परीक्षा खत्म होते ही बड़ी संख्या में छात्र स्कूल से बाहर आए और सड़क पर डीजे वाहन को घेरकर संगीत की धुन पर नाचने लगे। देखते ही देखते भीड़ इतनी बढ़ गई कि लगभग एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। डीजे संचालक वाहन निकालने की कोशिश करता रहा, लेकिन छात्रों के उत्साह के आगे उसकी एक नहीं चली। बाद में स्थानीय लोगों के समझाने और भीड़ कम होने के बाद स्थिति सामान्य हुई और आवागमन बहाल हो सका।

# पैट-2024 में 76.44 प्रतिशत अभ्यर्थियों की रही उपस्थिति, कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) में पीएचडी नामांकन हेतु आयोजित पैट-2024 की परीक्षा सोमवार, 9 फरवरी को शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। विगत 31 जनवरी को सी.एम. साइंस कॉलेज केंद्र पर प्रारंभ हुई यह परीक्षा नरगौना परिसर स्थित विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों में आयोजित की गई। रसायन विज्ञान एवं भौतिकी विभाग में राजनीति शास्त्र की परीक्षा हुई, जिसमें कुल 181 में से 132 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जंतु विज्ञान विभाग में आयोजित भूगोल विषय की परीक्षा में 98 में से 71 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। वहीं वनस्पति विज्ञान विभाग में गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 93 में से 73 परीक्षार्थी शामिल हुए। अर्थशास्त्र विभाग में मनोविज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें 251 में से 200 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुल 623 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 476 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिससे उपस्थिति प्रतिशत 76.44 रहा। परीक्षा के दौरान प्रत्येक केंद्र सहित नरगौना परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा सुबह 11 बजे से शाम 3:30 बजे तक चली। इस दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष आयोजन पर संतोष व्यक्त किया है।

# डीएम ने लंबित पेंशन सहित भूमि विवाद के आवेदनों पर की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** सात निश्चय तीन से बढ़ेगा अपना बिहार के अंतर्गत सबका सम्मान- जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने आम जनों के साठ आवेदनों पर सुनवाई की। जिलाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में सोमवार को लंबित पेंशन और जमीन विवाद से संबंधित कुल साठ आवेदनों पर सुनवाई कर सभी मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान एक दिव्यांग आवेदक व्हील चेयर पर जिलाधिकारी के समक्ष पहुँचकर अपनी फरियाद रखी। इधर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) विकास कुमार सहित सभी जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, अंचल एवं थानों में एवं अन्य सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालय मे अपने विभाग से संबंधित विषय पर आम जनों के शिकायतों की सुनवाई की। इस मौके पर पर आमजनों के शिकायतों का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें प्राप्ति रसीद दी गई। उनके बैठने की व्यवस्था के साथ शुद्ध पेयजल तथा शौचालय की सुविधा भी सभी कार्यालय के समीप उपलब्ध कराई गई।

# शिवशक्ति धाम में हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ, भव्य कलशयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मांझी/एकमा (सारण)।** मांझी प्रखंड के गोबरहीं गांव स्थित प्रसिद्ध शिवशक्ति धाम परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ की शुरुआत सोमवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। अनुष्ठान स्थल से प्रारंभ हुई इस कलशयात्रा में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हजारों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। हाथी, घोड़े, ऊंट और बैंड-बाजे के साथ निकली यह यात्रा चंदउपुर, ताजपुर व फुलवरिया गांवों से होते हुए सरयू नदी के डुमाईगढ़ घाट पहुंची। घाट पर वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित दीपक शांडिल्य के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सरयू नदी से पवित्र जल भरकर पुनः कलशयात्रा के साथ शिवशक्ति धाम मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया, जहां विधिवत महायज्ञ आरंभ हुआ। कलशयात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व जय बजरंग बली आदि के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजन, हवन व आरती होगी।

9 से 15 फरवरी तक पूज्य अनुराधा तिवारी रामकथा वाचन करेंगी, 10 से 14 फरवरी तक साध्वी पंछी देवी का प्रवचन होगा तथा 15 फरवरी की रात प्रिया मिश्रा द्वारा भव्य देवी जागरण आयोजित होगा। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिगुणा सिंह, भाजपा नेता धर्मेंद्र समाज व जदयू नेता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन नए द्वितीय मंदिर निर्माण हेतु भूमि-पूजन भी किया जाएगा।

## गोह का कल्याण छात्रावास वर्षों से है बदहाल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण छात्रावास की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। छात्रावास इन दिनों खंडहर में तब्दील हो गई है। बता दें कि इस छात्रावास का निर्माण वर्ष 1987 में हुआ था। छात्रावास का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया था। उस समय छात्रावास में सभी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। आज की स्थिति यह है कि छात्रावास की खिड़की और दरवाजे सभी गायब हो गई है। मुख्य दरवाजे का ग्रिल नजर नहीं आ रही है। भवन का छत भी टूट कर गिर रहा है। दीवारों में बड़े-बड़े दरारें उबर आई है। छात्रावास में गांधी स्मारक उच्च विद्यालय को में पढ़ने वाले महादलित के बच्चे रहकर अपना पढ़ाई किया करते थे स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि छात्रावास का भवन पशुओं का रहने लायक भी नहीं बचा है।

# आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार के संयुक्त सचिव की कमिटी द्वारा आयोजित बैठक में प्रशासनिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दिए जाने वाले पीएम अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन सिविल एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि देशभर के 513 प्रखंडों में से 30 प्रखंडों का चयन प्रेजेंटेशन हेतु किया गया है, जिसमें औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड का चयन किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा कुटुंबा प्रखंड में विभिन्न सरकारी योजनाओं के कन्वर्जेंस के माध्यम से किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। प्रेजेंटेशन में विशेष रूप से स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, बुनियादी ढांचा तथा शिक्षा क्षेत्रों में किए गए नवाचारों, योजनाओं की संतृप्ति एवं सेवा वितरण में सुधार की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा कुटुंबा प्रखंड में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नागरिक सुविधाओं में निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# देवरिया-सुही पथ निर्माण में अनियमितता से लोगों में आक्रोश

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत देवरिया सुही पथ का निर्माण हुए एक वर्ष भी नहीं बीता और सड़क ऊपरी परत उखड़कर पूरी तरह बिखर गई। सड़क पर बिखरी गिट्टियों के कारण दोपहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है। कई लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों मे अनियमितता को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त पथ का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत्त कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पहली बरसात में ही सड़क के बीचों-बीच कई जगहों पर बड़े-बड़े दरार पड़ गए थे। उस वक्त ग्रामीणों की शिकायत पर विभाग के निर्देशानुसार संवेदक द्वारा उसे ठीक कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में काफी लापरवाही बरती गई है। सड़क के साइड में न तो बेहतर तरीके से मिट्टी फीलिंग की गई और न ही ऊपरी परत पर गिट्टी व पीचिंग का सुदृढ़ कार्य कराया गया। उन्होंने जांचोपरांत उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि सड़क के स्थिति की सूचना मिलने पर कनीय अभियंता से सड़क का निरीक्षण कराया गया है। निरीक्षण के क्रम में कई जगहों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ने की बात सामने आई है। सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से के मरम्मत कराने के लिए संवेदक को निर्देश दिया गया है।

# जनेश्वर विकास केंद्र की प्रखंड इकाई की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सहदेव चौधरी पुस्तकालय देव में जनेश्वर विकास केंद्र के प्रखंड इकाई देव की हुई बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वीरेन्द्र कुमार सिह ने किया। जनेश्वर विकास केंद्र के केंद्रीय सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि बिहार में आधे से अधिक जिलों का नाम ऐतिहासिक और धार्मिक जगहों के नाम पर रखा गया है। जैसे राजा रोहतास के नाम पर जिला का नाम रोहतास जबकि मुख्यालय सासाराम, पर्वत श्रृंखला कैमूर के नाम पर जिला का नाम कैमूर जबकि मुख्यालय भभूआ, राजा भोज के नाम पर जिला का नाम भोजपुर जबकि मुख्यालय आरा, ऐतिहासिक स्थल वैशाली जबकि मुख्यालय हाजीपुर, ऐतिहासिक स्थल नालंदा के नाम पर नालंदा जबकि मुख्यालय विहार शरीफ में है। इसी तर्ज पर जिले की पहचान देव के नाम पर जिला का नाम होना चाहिए था जो नहीं हुआ। अब 1992 से ही औरंगाबाद जिला का नाम बदलकर देव करने की मांग की जा रही है। इस वर्ष देव महोत्सव में उक्त मांग के समर्थन में जोरदार आवाज कुटुंबा विधायक ललन राम ने उठाया है जिसके लिए बैठक में सर्वसम्मति से धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। अन्य प्रस्ताव के जरिए इस मांग के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन करने का कार्यक्रम तय किए गए। सर्वप्रथम देव प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों और विधायक व सांसद की बैठक बुलाकर उनका समर्थन प्राप्त किया जाएगा। तत्पश्चात हस्ताक्षर अभियान, प्रखंड से लेकर राजधानी तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन को विस्तार देने हेतु कुटुंबा प्रखंड संयोजक के रूप में विवेक मिश्रा को संयोजक मनोनीत किया गया है।

# सीएचसी मांझी में विशेष शिविर में सैकड़ों गर्भवतियों की हुई जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांझी (सारण)।** मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। शिविर में चिकित्सक डॉ. नीरज, एएनएम तथा स्वास्थ्यकर्मियों की टीम मौजूद रही। डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि सभी महिलाओं की यूरीन, हेमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन, ब्लड शुगर, एचआईवी सहित आवश्यक परीक्षण किए गए। जांच के दौरान आयरन की गोलियां तथा अन्य आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं।

महिलाओं को खान-पान, स्वच्छता, हाथ धोने, ओआरएस के उपयोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य निर्देश भी दिए गए।





# भारतीय संस्कृति व संस्कार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति

## सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित चार दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन में वक्ताओं ने व्यक्त किये विचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और संस्कार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 से 11 फरवरी तक औरंगाबाद के सरस्वती शिशु मंदिर में चार दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन कार्यक्रम संचालित है। इसमें 200 से अधिक प्रधानाचार्य भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर फोकस की जा रही है। सम्मेलन में अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चिंतन-मंथन किया जा रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन नवबिहार टाइम्स की टीम ने प्रधानाचार्यों से बातचीत की, जिसके मुख्य अंश हम प्रस्तुत कर रहे हैं...

### लंबे अंतराल के बाद आई है राष्ट्रीय शिक्षा नीति



विद्या भारती के राष्ट्रीय महामंत्री देशराज शर्मा ने कहा कि भारत के अंदर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक लंबे अंतराल के बाद आई है। 15 वर्ष और 12 वर्ष में 1 जेनरेशन बदल जाती है, लेकिन दुर्भाग्य से इस देश के अंदर 1986 के ऊपर 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण देश का एक ऐसा डॉक्यूमेंट है जो किसी केंद्रीयकृत एक टीम ने तैयार नहीं किया बल्कि लोगों के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर 2 वर्ष लगातार सुझाव प्राप्त कर दुनिया का एक बेहतरीन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है।

### नीति में क्रिटिकल थिंकिंग को किया गया है प्रमोट



पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर के प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह शिक्षा नीति बेहद सरल है। इसमें कोलैबोरेशन लर्निंग है, क्रिटिकल थिंकिंग को प्रमोट किया गया है। साथ ही क्रिएटिविटी की बात कही गई है। यही कारण है कि 2020 में जब यह डिक्लेरेशन हुई तो उसके तीन दिन के बाद इसका क्रियान्वयन का पहला स्वरूप सामने आया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया।

### भारत सरकार द्वारा घोषित दूरदर्शी नीति



गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल, भागलपुर के प्रधानाचार्य के अमरेश कुमार ने कहा कि यह शिक्षा नीति भारत सरकार द्वारा घोषित एक दूरदर्शी नीति है, जो 1986 की नीति को बदलकर शिक्षा प्रणाली को लचीला, समावेशी और 21वीं सदी के अनुरूप बनाती है। इसका मुख्य उद्देश्य 'पहुंच, समानता, गुणवत्ता, वरीयता और जवाबदेही' सुनिश्चित करना करना है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक बहुत बड़ा परिवर्तन है।

### भारतीय शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव



पूरणमल बाजोरिया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, भागलपुर के प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना अनुसार संस्कृत, वैदिक, यौगिक, आयुर्वेदिक एवं अन्य ज्ञानपरक विषयों से जुड़े संस्थानों का निर्माण कर रहे हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण बौद्धिक, नैतिक एवं शारीरिक विकास सुनिश्चित हो सके। यह भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव है, जो रटने के बजाय वैचारिक समझ, आलोचनात्मक सोच और कौशल विकास पर केंद्रित है।

### मातृभाषा और स्थानीय भाषाओं पर जोर



आरएससीडी सरस्वती विद्या मंदिर, आरा भोजपुर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने कहा कि यह शिक्षा नीति मातृभाषा और स्थानीय भाषाओं को शिक्षा की नींव बनाकर उनके विकास पर विशेष जोर देती है। यह पहल भाषा विविधता को संरक्षित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखने के लिए है। 2033 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सशक्त क्रियान्वयन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 5 + 3 + 3 + 4 की शैक्षिक संरचना को व्यवहारिक रूप से लागू करना है।

### छात्रों की मेहनत नहीं जायेगी बेकार



केशव विद्या मंदिर, पटना के प्रधानाचार्य राजेश कुमार नंदन ने कहा कि यदि कोई छात्र किसी कारणवश पढ़ाई बीच में नहीं कर पाता है तो उसके पास कोई उपाय नहीं होता था। उसकी पिछली पूरी मेहनत बेकार हो जाती थी। लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों की मेहनत बेकार नहीं होगी। इससे ऐसे छात्रों को बहुत फायदा होगा जिनकी किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छूट जाती है। वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जो क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ है, उसका वास्तविक और पूर्ण स्वरूप वर्ष 2033 तक सामने आएगा।

### बहु-विषयक दृष्टिकोण पर दिया गया जोर



सरस्वती विद्या मंदिर, रानीगंज मुंगेर के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस शिक्षा नीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान भारत की शिक्षा व्यवस्था को 'औपनिवेशिक मानसिकता' से मुक्त कर उसे आत्मनिर्भर, भारतीय संस्कृति से जुड़ा और कौशल-आधारित बनाने का है। मोदी सरकार ने 34 वर्षों बाद इस नीति को लागू किया, जिसमें मातृभाषा में शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, डिजिटल समावेशन (दीक्षा और ई-विद्या) तथा बहु-विषयक दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है।

### नवाचार को मिलेगा बढ़ावा



श्री रामेश्वर लाल नोपानी सरस्वती विद्या मंदिर, भागलपुर के प्रधानाचार्य आकाश कुमार ने कहा कि इस शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में एनसीईआरटी सर्वोच्च संस्था है, जो स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, पाठ्यक्रम विकास, पाठ्य पुस्तकें तैयार करने और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए नोडल एजेंसी है। यह शिक्षा के समतामूलक मानकों को सुनिश्चित करने, अनुसंधान करने और नवाचार को बढ़ावा देने में केंद्रीय भूमिका निभाती है।

### सामाजिक समरसता को देता है बढ़ावा



सरस्वती शिशु मंदिर, बाबूटोला, बांका के प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाठक ने कहा कि अब तक शिक्षा समाज और राष्ट्र को अलग-अलग रखा गया हैं। यह दुर्भाग्य है। जबकि शिक्षा और समाज अटूट रूप से जुड़े हुए हैं, जहां शिक्षा सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करती है और समाज शिक्षा को दिशा देता है, लेकिन सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप से इन्हें अलग भी रखा गया है। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है, जबकि यह व्यक्ति को समाज की जरूरतों के अनुसार ढालती है।

### 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का स्वप्न



सरस्वती विद्या मंदिर, सिविल लाइन बक्सर के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का स्वप्न संजोया है। स्पष्ट है, हमारी शिक्षा व्यवस्था ही हमको इस लक्ष्य तक पहुंचा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल सुधार नहीं है, बल्कि यह वैचारिक, बौद्धिक व सांस्कृतिक पुनर्जागृति का दार्शनिक दस्तावेज है। 'एक्सेस, इक्विटी, क्वालिटी, अफोर्डेबिलिटी व अकाउंटेबिलिटी' के आधार पर एक जीवंत, समावेशी और भविष्योन्मुखी शिक्षा व्यवस्था बनाने में हम जुटे हैं।

### फिर से विश्व गुरु बनेगा भारत



सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को केवल विकसित राष्ट्र बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इसके जरिए देश फिर से विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक और शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि आचार्य वह है जो अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करे। यह बाकी शिक्षा नीतियों को इससे अलग करती है।

### शिक्षा की गुणवत्ता होगी मजबूत



आनंद राम ढनढनिया सरस्वती विद्या मंदिर, भागलपुर के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार ने कहा कि यह प्रयास बुनियादी शिक्षा में नई संस्कृति विकसित करेगा, जहां विद्यालय ज्ञान के साथ अनुभव की प्रयोगशाला बनेगा। इस शिक्षा नीति से शिक्षा की गुणवत्ता मजबूत होगी और आने वाली पीढ़ी अधिक सक्षम व आत्मविश्वासी बनेगी। जब कभी कोई डॉक्यूमेंट तैयार होता है तो यह निश्चित है कि वह लोगों की भावनाओं और लोगों की आवश्यकता तथा लोगों के लिए बनता है तो उसके परिणाम भी अच्छे ही आते हैं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून पुलिस ने थाना क्षेत्र के जनकोप मोड़ के समीप से एक अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद किया है। व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना में होने की बात कही जा रही है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह कुछ लोगों द्वारा जनकोप मोड़ के समीप एक शव होने की सूचना प्राप्त हुई जिसके आलोक में घटनास्थल पर पहुंचा तो प्रथम दृश्यता के अनुसार दुर्घटना में उस व्यक्ति की मौत हुई। घटनास्थल से बुजुर्ग का साइकिल भी क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद किया गया है। व्यक्ति की पहचान के लिए पुलिस द्वारा पता लगाया जा रहा है। फ़िलहाल शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं सुर्खियों में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक आसपास के इलाके का ही रहनेवाला बताया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति साइकिल से अगर निकला हो तो वह आसपास का ही होगा। ऐसी आशंका जताई जा रही है की वृद्ध सोमवार की सुबह अपने घर से साइकिल पर सवार होकर मजदूरी करने निकला होगा। इसी दौरान उस जगह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हो गई। उसी रास्ते गुजर रहे कुछ लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए विभिन्न माध्यमों से पता लगाया जा रहा है। 72 घंटे के उपरांत शिनाख्त न होने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# तीसरी पुण्यतिथि पर अरुण लता सिन्हा के विराट व्यक्तित्व को किया गया स्मरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** क्लब रोड स्थित सोनवर्षा वाणी परिसर सोमवार को स्मृतियों और संवेदनाओं का साक्षी बना, जब प्रख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य स्मृतिशेष लाला शम्भू नाथ की धर्मपत्नी तथा समाजसेविका अरुण लता सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों और परिजनों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके प्रेरणादायी जीवन को स्मरण किया। वक्ताओं ने अरुण लता सिन्हा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण रहा। गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष, शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा और अनुशासन के प्रति उनका समर्पण उन्हें एक साधारण व्यक्तित्व से उठाकर समाज की प्रेरक शक्ति बना देता है। महिला हित और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान ऐसा रहा, जिसे समय की धूल भी धुंधला नहीं कर सकती। कहा गया कि उनके पदचिन्हों पर चलना आज के समय में कठिन अवश्य है, लेकिन वही मार्ग समाज को सही दिशा देने वाला है। समाजसेवा, संस्कृति और संस्कार से जुड़े उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उन्हें आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके दिए संस्कार उनके परिवार के आचरण में आज भी स्पष्ट रूप से झलकते हैं। श्रद्धांजलि सभा में जिला खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा, परिवार के सदस्यों में ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर, सोनवर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट, प्रकाश कुमार सिन्हा, सलोनी अम्बष्ट, संजना किशोर, आरती सिन्हा, साकेत कुमार, मृदुला अम्बष्ट, संस्कृति किशोर, कौस्तुभ किशोर, यशी किशोर, कुशाग्र सहित कई सेवानिवृत्त शिक्षक और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# उत्पाद विभाग ने शराब तस्करी में जब्त 77 वाहनों को किया नीलाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** उत्पाद विभाग द्वारा जिले के अलग-अलग जगहों से शराब तस्करी में जब्त किये गये वाहनों की नीलामी की गई। न्यूनतम तय दर से नीलामी की बोली की शुरूआत की गई। सबसे अधिक बोली लगाने वालों के नाम संबंधित वाहन की नीलामी की गई। नीलामी को लेकर सोमवार की सुबह से ही सम्राट अशोक भवन सभागार में में गहमागहमी रही। नीलामी प्रक्रिया जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण, उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी एवं उत्पाद थानाध्यक्ष चंदन कुमार की देखरेख में की गयी। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि 108 वाहनों की नीलामी होनी थी, जिसमें 77 वाहन को नीलाम किया गया, शेष वाहन को अगली तिथि निर्धारण के बाद नीलामी की जायेगी। उन्होंने बताया कि आज की नीलामी प्रक्रिया में 66 दो पहिया वाहन बाइक, 6 तीन पहिया चक्का, 5 चार चक्का वाहनों से 10 लाख 46 हजार, 610 रूपये में बेचकर राजस्व की प्राप्ति की गयी।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 22 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 22 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 7 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 2, शराब में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 245 लीटर देसी शराब, 565.50 लीटर विदेशी शराब, 1 कार, 1 ट्रैक्टर, 2 बाइक एवं 3 तसला बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1182 वाहनों की जांच की गई जिसमें 111000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# आम नागरिकों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा एक-एक शिकायत पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु एक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि शासन की सेवाएं नागरिकों तक शीघ्रता एवं सहजता के साथ पहुंच सकें। जनता दरबार में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। सुबह से ही शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी, जो पूरे दिन निरंतर चलती रही। बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतों एवं मांगों के साथ जनता दरबार में पहुंचे और समाधान की आशा के साथ अपनी बात रखी। जनता दरबार में प्राप्त सभी शिकायतों को विधिवत रजिस्टर में दर्ज किया गया तथा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए एवं इसकी नियमित निगरानी भी की जाए। यह जनता दरबार केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आमजनों को उनके क्षेत्र में ही सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसे अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी आयोजित किया गया। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के प्रधान अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याओं को सुनेंगे तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# औरंगाबाद के आठ प्रखंडों में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु जिले में 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ किए जा रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) के सफल क्रियान्वयन के लिए सोमवार को सदर अस्पताल के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने की। इस अवसर पर डीपीएम (स्वास्थ्य) मोहम्मद अनवर आलम, डीआईओ सह डीवीबीडीसीओ डॉ. मिथिलेश प्रसाद, तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन से सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. नकीब भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 फरवरी से शुरू हो रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान सभी लक्षित लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करने हेतु 11 फरवरी 2026 को मेगा एमडीए कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बूथ लगाकर समुदाय के सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वास्थ्यकर्मी अपने समक्ष दवा सेवन कराएंगे। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों को दवा सेवन कराना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। रक्तचाप, शुगर, गठिया अथवा अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी यह दवाएं लेनी हैं। सामान्यतः इन दवाओं से कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। यदि किसी व्यक्ति को दवा सेवन के बाद मितली, चक्कर जैसे लक्षण हों तो यह संकेत हो सकता है कि शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद थे और दवा के प्रभाव से वे नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसी लाभार्थी को दवा सेवन के पश्चात किसी प्रकार की कठिनाई होने पर उससे निपटने के लिए प्रत्येक प्रखंड में रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात रहेगी।


